बुधवार, 21 जनवरी 2026

मौसम

तापमान 17 – 28
आर्द्रता 68%
सूर्योदय: 06:19 सूर्यास्त: 17:17

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, माघ शुक्लपक्ष तृतीया, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : बीते पर बात मत कीजिये और जो बच गया उसे बर्बाद मत कीजिये।

चंद्रमा पर लौटने के प्रयासों के साथ अंतरिक्ष दौड़ जारी है: सुनीता विलियम्स पृष्ठ 7

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

नितिन नवीन पार्टी से संबंधित मामलों में मेरे 'बॉस' हैं : प्रधानमंत्री मोदी

नितिन नवीन ने भाजपा के 12वें अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला

नयी दिल्ली : नितिन नवीन के मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में पदभार संभालने के साथ पार्टी के एक नये अध्याय की शुरूआत हो गई। उन्होंने जे. पी. नड्डा की जगह ली है। नवीन ऐसे समय में भाजपा अध्यक्ष बने हैं जब वह देश की राजनीति पर अपनी पकड़ और मजबूत करने की कोशिश कर रही है और पार्टी संगठन में पीढ़ीगत बदलाव के जरिए अपना प्रभाव विस्तारित करना चाहती है। इस अवसर पर यहां भाजपा मुख्यालय में एक सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि जब बात पार्टी के विषयों की आती है, तब वह एक कार्यकर्ता हैं और ''माननीय नितिन नवीन जी'' उनके 'बॉस' हैं। नवीन के नाम की औपचारिक घोषणा के बाद, प्रधानमंत्री मोदी और अन्य वरिष्ठ नेता उन्हें पार्टी मुख्यालय स्थित उनके नये कार्यालय में ले गए, जहां उन्होंने आधिकारिक तौर पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, भाजपा के निवर्तमान अध्यक्ष नड्डा और पार्टी महासचिव बी एल संतोष, प्रधानमंत्री मोदी के साथ उस समय मौजूद थे, जब नवीन ने अपनी नयी जिम्मेदारियों को संभाला। नवीन की पत्नी, बच्चे और परिवार के अन्य करीबी सदस्य भी इस अवसर पर उपस्थित थे। इससे पहले, पार्टी मुख्यालय में एक सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने नवीन (45) को युवा ऊर्जा और संगठन में व्यापक अनुभव वाला एक ''मिलेनियल'' बताया, जो पार्टी के लिए बहुत मददगार साबित होगा। 'मिलेनियल' शब्द आमतौर पर ऐसे व्यक्ति के लिए उपयोग किया जाता है, जिसका जन्म 1980 की दशक की शुरूआत से लेकर 1990 के दशक के मध्य तक हुआ हो। अपने 40 मिनट के भाषण में प्रधानमंत्री ने बार-बार नवीन को ''माननीय'' कहकर संबोधित किया और पिछले 11 वर्षों में अपनी सरकार की उपलब्धियों को गिनाया, जिसे उन्होंने पार्टी अध्यक्ष को अपने काम का लेखा-जोखा देने के रूप में वर्णित किया। मोदी ने भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के काम का जिक्र करते हुए कहा, ''मैं भी एक पार्टी कार्यकर्ता के रूप में नये अध्यक्ष को अपने काम का हिसाब दे रहा हूं। मैंने अपना हिसाब दे दिया है। अब वह मेरी सीआर (कॉन्फिडेंशियल रिपोर्ट) लिखेंगे। मैं उनके मार्गदर्शन की प्रतीक्षा कर रहा हूं।''

अवैध प्रवासी और शहरी नक्सली राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा: प्रधानमंत्री मोदी

नयी दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अवैध प्रवासन को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा बताते हुए मंगलवार को कहा कि ऐसे लोगों की पहचान करके उन्हें उनके संबंधित देशों में वापस भेजा जाना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुख्यालय में नितिन नवीन (45) को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किए जाने के बाद एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने शहरी नक्सलियों और जनसंख्या असंतुलन को भी देश के सामने महत्वपूर्ण चुनौतियों के रूप में बताया। मोदी ने कहा कि कुछ अमीर और ताकतवर देश, जो खुद को दुनिया का मालिक समझते हैं, अवैध प्रवासियों की पहचान कर उन्हें देश से निकाल रहे हैं, और कोई उनके काम पर सवाल नहीं उठा रहा। प्रधानमंत्री ने कहा, ये देश लोकतंत्र का झंडा लहराते हैं और खुद को दुनिया का मालिक समझते हैं। दुनिया भर में कोई भी अवैध प्रवासियों को स्वीकार नहीं करता। यह आवश्यक है कि उनकी पहचान की जाए और उन्हें उनके देशों में वापस भेजा जाए। मोदी ने कहा, भारत कभी भी अवैध प्रवासियों को अपने लोगों और गरीबों से संबंधित सेवाओं को लूटने की अनुमति नहीं देगा।

पाकिस्तान ने बढ़ाया एयरस्पेस बैन

इस्लामाबाद : पाकिस्तान ने भारतीय विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र पर लगे प्रतिबंध को मंगलवार को एक और महीने के लिए यानी 24 फरवरी तक बढ़ा दिया। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पिछले साल अप्रैल में पाकिस्तान ने भारतीय एयरलाइंस के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया था। भारत ने भी पाकिस्तान पर इसी तरह का प्रतिबंध लगाया है। पाकिस्तान हवाई अड्डा प्राधिकरण ने एक नोटम (विमान चालकों के लिए नोटिस) में कहा है कि हवाई क्षेत्र पर पहले से लागू प्रतिबंध 24 फरवरी तक जारी रहेगा। मौजूदा प्रतिबंध की अवधि 23 जनवरी को खत्म होने वाली थी। हालिया नोटम के अनुसार, यह प्रतिबंध भारत में पंजीकृत सभी विमानों के साथ-साथ भारतीय एयरलाइंस या विमान संचालकों द्वारा संचालित, स्वामित्व वाले या पट्टे पर लिए गए किसी भी विमान पर लागू होता है। इसमें सैन्य उड़ानें भी शामिल हैं। पाकिस्तान का हवाई क्षेत्र दो उड़ान सूचना क्षेत्रों (एफआईआर) – कराची और लाहौर – में विभाजित है और नोटम दोनों क्षेत्रों पर लागू है।

ममता ने जिलाधिकारियों को एसआईआर पर न्यायालय के निर्देशों का सख्ती से पालन करने को कहा

कोलकाता, समाज्ञा : मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को जिलाधिकारियों को मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का सख्ती से पालन करने को कहा और इस बात पर जोर दिया कि लोगों को 'तार्किक विसंगतियों' के नाम पर परेशान नहीं किया जाना चाहिए। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, दोपहर में ममता बनर्जी राज्य सचिवालय नवान्न में मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती की अध्यक्षता में जिलाधिकारियों के साथ हो रही बैठक में अप्रत्याशित रूप से शामिल हुईं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उन्होंने स्पष्ट किया कि एसआईआर से संबंधित सभी सुनवाई

उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार ही की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देश दिया कि तार्किक विसंगतियों के बहाने लोगों को असुविधा न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि एसआईआर की सुनवाई के कारण लोगों को 'तार्किक विसंगतियों' को लेकर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, और इस मुद्दे को मानवीय दृष्टिकोण से देखा जाना चाहिए। अधिकारी ने कहा कि उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उच्चतम न्यायालय द्वारा वैध घोषित किए गए दस्तावेजों को सुनवाई के दौरान बिना किसी अपवाद के स्वीकार किया जाना चाहिए। जिलाधिकारियों को यह भी निर्देश दिया गया कि दस्तावेज जमा करने के बाद रसीद जारी करना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्धारित तिथियों पर सुनवाई में शामिल होने में असमर्थ मतदाताओं के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जानी चाहिए।

राज्य पुलिस केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामलों की जांच कर सकती है : न्यायालय

नयी दिल्ली : उच्चतम न्यायालय ने अपने एक फैसले में कहा कि रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के अपराधों के मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत राज्य पुलिस के अधिकारी केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ जांच कर सकते हैं और आरोप पत्र दाखिल कर सकते हैं। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि राज्य पुलिस द्वारा केंद्र सरकार के किसी कर्मचारी के खिलाफ मामला दर्ज करने से पहले केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की पूर्व अनुमति की आवश्यकता नहीं है। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने सोमवार को कहा कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अपराधों की जांच राज्य एजेंसी या केंद्रीय एजेंसी या किसी भी पुलिस एजेंसी

द्वारा की जा सकती है, इस शर्त के साथ कि पुलिस अधिकारी एक विशेष रैंक का होना चाहिए। पीठ ने कहा कि इसका उल्लेख अधिनियम की धारा 17 में देखा जा सकता है। धारा 17 राज्य पुलिस या राज्य की किसी विशेष एजेंसी को केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ रिश्वतखोरी, भ्रष्टाचार और कदाचार से संबंधित मामलों को दर्ज या जांच करने से नहीं रोकती है। पीठ ने कहा, ''सुविधा और काम के दोहराव से बचने के लिए, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को केंद्र सरकार और उसके उपक्रमों के कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के मामलों की जांच का जिम्मा सौंपा गया है, और भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो – राज्य की एक विशेष जांच एजेंसी – को राज्य सरकार और उसके उपक्रमों के कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के मामलों की जांच का जिम्मा सौंपा गया है।'' न्यायालय ने कहा कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अपराध संज्ञेय होते हैं और इसलिए राज्य पुलिस द्वारा इनकी जांच की जा सकती है।

इंडिगो का परिचालन स्थिर, उड़ान ड्यूटी नियमों के पालन के लिए पर्याप्त पायलट मौजूद: डीजीसीए

नयी दिल्ली : विमानन नियामक डीजीसीए ने मंगलवार को कहा कि लगातार नियामक निगरानी और सुधारात्मक उपायों से इंडिगो के परिचालन को स्थिर करने में मदद मिली है। नियामक के अनुसार एयरलाइन के पास अब पर्याप्त संख्या में पायलट हैं, ताकि बिना किसी व्यवधान के नए उड़ान ड्यूटी नियमों का पालन सुनिश्चित किया जा सके। पिछले महीने उड़ानों में हुए भारी व्यवधान के लिए इंडिगो पर कुल 22.20 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने के कुछ ही दिनों बाद डीजीसीए ने यह भी कहा कि वह एयरलाइन के परिचालन की बारीकी से निगरानी कर रहा है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने बताया कि इसमें ''रोस्टर की मजबूती, चालक दल की उपलब्धता, पर्याप्त बफर, प्रणाली की मजबूती और एफडीटीएल आवश्यकताओं के पालन पर विशेष जोर दिया जा रहा है।'' नियामक ने बताया कि 19 जनवरी को हुई समीक्षा बैठक के दौरान इंडिगो ने 10 फरवरी के बाद की अनुमानित परिचालन आवश्यकताओं के मुकाबले पायलटों की पर्याप्त उपलब्धता के बारे में बताया है। एयरलाइन के आंकड़ों का हवाला देते हुए नियामक ने कहा कि 2,280 की आवश्यकता के मुकाबले 2,400 'पायलट इन कमांड' (पीआईसी) उपलब्ध हैं और 2,050 की आवश्यकता के मुकाबले प्रथम अधिकारियों की संख्या 2,240 है।

भाजपा के कोष में 10 हजार करोड़ रुपये की धनराशि

निर्वाचन आयोग को सौंपी गई रिपोर्ट में हुआ खुलासा

नयी दिल्ली : हाल ही में निर्वाचन आयोग को सौंपी गई भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार पार्टी के पास लगभग 10,000 करोड़ रुपये की नकदी और जमा राशि हैं। साल 2024-25 में, दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) और ओडिशा में बीजू जनता दल (बीजद) को सत्ता से हटाने के बाद पार्टी के चुनाव प्रचार खर्च में लगभग दोगुनी वृद्धि हुई। यह खर्च पिछले साल 1,754.06 करोड़ रुपये था जो बढ़कर 3,335.36 करोड़ रुपये हो गया। रिपोर्ट में कहा गया कि भाजपा के खातों में 2024-25 में 2,882.32 करोड़ रुपये की शुद्ध वृद्धि हुई। 31 मार्च 2025 को समाप्त हुए वित्त वर्ष में पार्टी के 'जनरल फंड' में मौजूद धनराशि 12,164 करोड़ रुपये पहुंच गई, जो पिछले साल 9,169 करोड़ रुपये थी। मंगलवार को भाजपा के नए अध्यक्ष चुने गए नितिन नवीन को अब इस धनराशि के इस्तेमाल का अधिकार मिलेगा। साल 2024-25 में, भाजपा को चंदे के रूप में 6,125 करोड़ रुपये मिले, जबकि पिछले साल 3,967 करोड़ रुपये मिले थे। रिपोर्ट के अनुसार, पार्टी के पास 9,390 करोड़ रुपये की सावधि जमा है, और 2024-25 में उसे बैंकों से 634 करोड़ रुपये का ब्याज मिला। भाजपा ने 2024-25 में 65.92 करोड़ रुपये का आयकर रिफंड दाखिल किया और इस पर 4.40 करोड़ रुपये का ब्याज प्राप्त किया। पार्टी का चुनाव खर्च 2024-25 में कुल खर्च का 88.36 प्रतिशत था। इस रिपोर्ट के अनुसार, 2024-25 में चुनाव पर खर्च की कुल राशि 3,335.36 करोड़ रुपये थी, जिसमें से 312.9 करोड़ रुपये उम्मीदवारों को वित्तीय सहायता प्रदान करने पर खर्च किए गए, 583 करोड़ रुपये हवाई जहाज और हेलीकॉप्टर यात्राओं पर खर्च हुए। चुनाव प्रचार के लिए इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर 1,125 करोड़ रुपये, कटआउट, होर्डिंग्स और बैनरों पर 107 करोड़ रुपये खर्च किए गए। इसके अलावा, विज्ञापन पर 897 करोड़ रुपये, रैलियों और अभियानों पर 90.93 करोड़ रुपये, तथा बैठकों पर 51.72 करोड़ रुपये खर्च किए गए।

सोना पहली बार 1.5 लाख रुपये के पार, चांदी 20,400 रुपये उछली

नयी दिल्ली : राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को सोना मजबूत मांग आने से 5,100 रुपये की छलांग लगाते हुए पहली बार 1.5 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच गया जबकि चांदी ने 20,400 रुपये के उछाल के साथ नया रिकॉर्ड बना दिया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने कहा कि सोना दिल्ली में 5,100 रुपये की बढ़त के साथ 1,53,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) पर पहुंच गया। इसके साथ ही सोने ने 1.5 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम का अहम मनोवैज्ञानिक स्तर भी पार कर लिया। सोना सोमवार को 1,48,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। चांदी की कीमतों ने भी स्थानीय सर्राफा बाजार में मजबूती दिखाते हुए नया उच्चतम स्तर छू लिया। सफेद धातु 20,400 रुपये यानी लगभग सात प्रतिशत बढ़कर 3,23,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) पर पहुंच गई।

भारत ने बांग्लादेश में तैनात अपने अधिकारियों के परिवारों को वापस बुलाने का फैसला किया

नयी दिल्ली : बांग्लादेश में मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य को देखते हुए भारत ने मंगलवार को वहां तैनात भारतीय अधिकारियों के परिवारों को वापस बुलाने का फैसला किया। बांग्लादेश में संसदीय चुनाव होने से कुछ सप्ताह पहले भारत ने यह कदम उठाया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया, ''सुरक्षा स्थिति को देखते हुए एहतियात के तौर पर हमने उच्चायोग और अन्य पदों पर तैनात अपने अधिकारियों के आश्रितों को भारत लौटने की सलाह दी है।''

बेलडांगा हिंसा पर हाई कोर्ट सख्त, कहा... 'जरूरत पर केंद्रीय बल उपयोग किया जा सकता है'

एनआईए जांच पर केंद्र को हरी झंडी

कोलकाता, समाज्ञा : मुर्शिदाबाद जिले के विभिन्न इलाकों में लगातार हो रही अशांति की घटनाओं को लेकर कलकत्ता उच्च न्यायालय ने गंभीर चिंता जताई है। मंगलवार को सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश सुजय पॉल और न्यायमूर्ति पार्थसारथी सेन की डिवीजन बेंच ने पुलिस अधीक्षक और जिला मजिस्ट्रेट को निर्देश दिया कि किसी भी हालत में नई अशांति न होने दी जाए और इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। बेलडांगा से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि आवश्यकता पड़ने पर केंद्रीय सशस्त्र बलों का उचित

इस्तेमाल किया जा सकता है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि बेलडांगा को दोबारा किसी भी तरह से असुरक्षित स्थिति में नहीं जाने दिया जाएगा और इसी कारण अदालत को हस्तक्षेप करना पड़ रहा है। अदालत ने कहा कि यदि किसी जिले में इस तरह की घटनाएं बार-बार हो रही हैं, तो प्रशासन को पूर्व नियोजन के तहत लोगों की जान-माल और आजीविका की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की कि यदि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का समुचित उपयोग नहीं किया गया, तो इस संबंध में हलफनामा दाखिल होने के बाद मामले की न्यायिक समीक्षा की जाएगी। हालांकि, अदालत ने फिलहाल वहां के लोगों की सुरक्षा और जीवन-यापन को प्राथमिक चिंता बताया। इस बीच, भाजपा ने मामले की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) जांच की मांग उठाई है। हालांकि, अदालत ने इस मांग पर निर्णय लेने की जिम्मेदारी केंद्र सरकार पर छोड़ी है। कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकार दोनों को दो सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल कर अपना पक्ष स्पष्ट करने का निर्देश दिया है। साथ ही, कहा गया है कि जहां भी आवश्यकता हो, वहां केंद्रीय बलों की तैनाती के लिए केंद्र सरकार को उचित कदम उठाने होंगे।

फर्जी जीएसटी आईटीसी मामला: बंगाल समेत कई राज्यों में ईडी की छापेमारी

नयी दिल्ली/कोलकाता : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश में 658 करोड़ रुपये के कथित फर्जी जीएसटी इनपुट टैक्स क्रेडिट मामले के संबंध में कई राज्यों में तलाशी ली। अधिकारियों ने बताया कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत की जा रही जांच के सिलसिले में झारखंड, पश्चिम बंगाल और मणिपुर में इस मामले से जुड़े व्यक्तियों और कंपनियों के कई परिसरों की तलाशी ली जा रही है। 'इनपुट टैक्स क्रेडिट' (आईटीसी) वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) प्रणाली में एक कानूनी प्रावधान है जो व्यावसायिक संस्थाओं को व्यवसाय से संबंधित खरीद पर भुगतान किए गए जीएसटी पर क्रेडिट का दावा करके अपनी कर देनदारी को कम करने की अनुमति देता है। अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में स्थित ईडी कार्यालय विभिन्न राज्य पुलिस बलों के समन्वय से इस अभियान का संचालन कर रहा है। धन शोधन का यह मामला ईटानगर पुलिस द्वारा दर्ज की गई एक प्राथमिकी से जुड़ा है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि राकेश शर्मा और आशुतोष कुमार झा नामक व्यक्तियों ने बिना किसी वास्तविक वस्तु या सेवा की आपूर्ति किए फर्जी रसीद के जरिए ''धोखाधड़ी'' करके इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ उठाया। मामले में 'सिद्धि विनायक ट्रेड मर्चेंट्स' नाम की एक फर्जी कंपनी भी शामिल बताई गई है, जिसके जरिए 658.55 करोड़ रुपये के कथित फर्जी बिल के आधार पर 99.31 करोड़ रुपये का आईटीसी लिया गया। इसके अलावा, विभिन्न राज्यों में फैली 58 फर्जी कंपनियां भी ईडी की जांच के दायरे में हैं।

वैश्विक चिंताओं से सहमा शेयर बाजार, सेंसेक्स 1,066 अंक लुढ़का

भारी गिरावट से निवेशकों के 9.86 लाख करोड़ रुपये डूब गए

मुंबई : वैश्विक स्तर पर तनाव बढ़ने और वैश्विक बाजारों के कमजोर संकेतों के बीच मंगलवार को चौतरफा बिकवाली होने से घरेलू शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 1,066 अंक लुढ़कते हुए 83,000 के नीचे फिसल गया जबकि निफ्टी 353 अंक टूट गया। कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट जारी रहने और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली से निवेशकों की धारणा पर प्रतिकूल असर पड़ा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,065.71 अंक यानी 1.28 प्रतिशत लुढ़ककर 82,180.47 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,235.6 अंक फिसलकर 82,010.58 अंक तक आ गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 353 अंक यानी 1.38 प्रतिशत गिरकर 25,232.50 अंक पर बंद हुआ। यह

घरेलू बाजारों में गिरावट का लगातार दूसरा दिन रहा। सोमवार को सेंसेक्स में 324.17 अंक की कमजोरी आई थी जबकि निफ्टी 108.85 अंक गिरा था। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, बाजार में गिरावट का सिलसिला मंगलवार को भी जारी रहा। कमजोर वैश्विक संकेतों और व्यापक बिकवाली से बाजार धारणा कमजोर रही। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली और कमजोर रुपये से भी जोखिम लेने से परहेज देखा गया। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से इटर्नल में सबसे अधिक 4.02 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके बाद बजाज फाइनेंस का शेयर भी 3.88 प्रतिशत गिर गया। इसके अलावा सन फार्मा, इंटरग्लोब एविएशन (यानी इंडिगो), ट्रेंट, एशियन पेंट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और बजाज फिनसर्व के शेयर भी नुकसान में रहे। एचडीएफसी बैंक सेंसेक्स में शामिल इकलौता ऐसा शेयर रहा, जो बढ़त के साथ बंद हुआ।

गाजा पर ट्रम्प प्रस्ताव यूएन को करेगा कमजोर

नोबेल शांति पुरस्कार की उत्कट अभिलाषा के मोह में अमेरिकी राष्ट्रपति दुनिया के तमाम हिस्सों में जारी अशांति पर शांति थोपने की असफल कोशिश करते रहे हैं। कई देशों में टकराव के बाद शांति की स्थापना की असफल कोशिशों के पश्चात अब ट्रंप गाजा में शांति थोपने का उपक्रम कर रहे हैं। गाजा में शांति स्थापना के लिये अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रस्तावित योजना विश्व की नियामक संस्थाओं के ढांचे से बाहर उनकी प्राथमिकताओं के अनुरूप एक महत्वाकांक्षी कदम है। गाजा में शांति बनाये रखने के लिये मुनाफे व व्यापार जैसी प्रक्रिया के रूप में यह प्रयास अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं, विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र की प्रासंगिकता को एक प्रत्यक्ष चुनौती है। जो लंबे समय से दुनिया के सबसे जटिल संघर्षों में से एक गाजा संकट को दूर करने के प्रयासों में लगी हुई हैं। सही मायनों में ट्रंप का यह शांति प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र संघ को दरकिनार करने जैसा है, जिसको लेकर उन्होंने बार-बार नकारात्मक प्रतिक्रिया दी हैं। उनकी दलील है कि संयुक्त राष्ट्र संघ मौजूदा वैश्विक चुनौतियों से निपटने में अक्षम और पक्षपाती है। वह इसमें अत्यधिक नौकरशाही हावी होने के भी आरोप लगाते रहे हैं। निश्चित तौर पर दुनिया की महाशक्तियां संयुक्त राष्ट्र को हांकने का प्रयास करती रही हैं। वे अपने मनमाफिक न होने पर इसे अक्षम बताने लगते हैं। दरअसल, ट्रंप की कोशिश है कि उसकी मनमाफिक क्षेत्रीय शक्तियां और अमेरिका-संगठित पक्षों द्वारा शांति योजना को सिरे चढ़ाया जाए। निश्चित रूप से यह प्रयास सार्वभौमिक बहुपक्षवाद को नकार कर शासन व्यवस्था बदलने का प्रयास ही है। निर्विवाद रूप से जो शांति, बिना वैधता,सहमति और जवाबदेही के थोपी जाती है, वह कभी स्थायी समाधान का वाहक नहीं बन सकती है। ऐसे में किसी भी विश्वसनीय शांति प्रयास के जरिये उन वास्तविकताओं से निपटना होगा, जिन्हें ट्रंप मनमानी व जल्दबाजी में अकसर नजरअंदाज करते रहे हैं। अन्यथा यह कोशिश भी ट्रंप की अन्य कोशिशों की तरह विफल ही साबित होगी।

आज गाजा संकट जिस मुश्किल दौर में पहुंच चुका है, उसके लिये जरूरी है कि अंतर्राष्ट्रीय कानून के क्रियान्वयन, नागरिकों की सुरक्षा और समावेशी शासन का मार्ग प्रभावी समझौते से सुनिश्चित किया जाए। ऐसे हालात में यदि अमेरिका अपनी आर्थिक प्राथमिकताओं को अधिक महत्व देता है या राजनीतिक अधिकारों के बजाय आर्थिक वादों को प्राथमिकता देता है, तो इस प्रयास में उस जोखिम की आशंका बनी रह सकती है, जो जमीनी वास्तविकताओं के बोझ से ढह सकता है। गाजा में शांति के लिये नये प्रयास कसौटी पर तभी खरे उतर सकते हैं जब इसमें गाजा की वास्तविक आवाज को सुना जाता हो। निश्चित रूप से हिंसा पर काबू पाना प्राथमिकता होनी चाहिए, लेकिन नागरिकों के जीवन की गरिमा बनाये रखना और सुरक्षा सुनिश्चित करना भी जरूरी है। शांति समझौते में यदि स्थानीय लोगों के हितों की अनदेखी होती है तो यह शांति प्रस्ताव एक उपलब्धि के रूप में नहीं, बल्कि दशकों से हिंसा व विस्थापन का दंश झेल रहे गाजावासियों के कष्टों को और बढ़ाएगा ही। भारत को इस शांति प्रयासों में शामिल करने का प्रस्ताव अमेरिका की ओर से दिया गया है। भारत वहां सदा से ही द्विराष्ट्र के सिद्धांत का समर्थन करता आया है। निर्विवाद रूप से भारत के जहां इस्राइल से बेहतर संबंध हैं, वहीं विश्वसनीयता अरब देशों में भी बरकरार रही है। गाजा में शांति प्रयासों में लगे अरब देशों के साथ भारत के मधुर संबंध रहे हैं। लेकिन यदि शांति प्रयासों में संयुक्त राष्ट्र की भूमिका को नजरअंदाज किया जाता है तो यह भारत की कूटनीतिक पहल के अनुकूल नहीं होगा। निस्संदेह, भारत हमेशा से ही प्रत्यक्ष हस्तक्षेप के बजाय स्थिरता को बढ़ावा देने के लिये बहुपक्षीय मंचों पर ही भरोसा करता रहा है। ऐसे में गाजा में शांति के लिये पहल वैश्विक राजनीति में ट्रंप-प्रेरित उथल-पुथल को ही दर्शाती है। यदि गाजा में सामान्य स्थिति बहाल करने के प्रयास संयुक्त राष्ट्र को नजरअंदाज करते हैं, तो यह उस अंतर्राष्ट्रीय ढांचे को कमजोर करने का जोखिम बढ़ाएगा, जिसकी जरूरत समझौते के पूरा होने के बाद शांति बनाये रखने के लिये है।

आज का पंचांग

कोलकाता : 21 जनवरी, बुधवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, माघ शुक्लपक्ष तृतीया, 26:46 तक, नक्षत्र : धनिष्ठा, 13:47 तक, योग : व्यतिपाता, 18:50 तक, सूर्योदय: 06:19, सूर्यास्त: 17:17, चन्द्रोदय : 07:58, चन्द्रास्त: 19:38, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मकर, चन्द्र राशि : कुम्भ, राहू काल : 11:47 से 13:09

राशिफल

मेष : मेष राशि के जातकों की आमदनी संतोषजनक रहेगी। इस दौरान धन प्राप्ति के कई योग बनेंगे। सायंकाल में मंगल कार्यों में व्यस्त रहेंगे। राशि स्वामी उत्तराषाढ़ नक्षत्र के प्रथम चरण पर चल रहा है।

वृष : वृष राशि वालों की संपत्ति सुख में विस्तार होगा। परिवार में सुख शांति का वातावरण बनेगा। किसी बुजुर्ग से धन प्राप्ति हो सकती है। नौकरी में स्थान परिवर्तन उन्नति के साथ होगा।

मिथुन : मिथुन राशि के जातकों को नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति का योग बना हुआ है। संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेगा। नए और सुन्दर-सुन्दर वस्त्रों के प्रति आपका रुझान घटेगा।

कर्क : कर्क राशि के लोगों के लिए पश्चिम दिशा की राजकीय यात्रा का योग बन रहा है। कहीं से वस्त्र का उपहार मिलेगा। उत्तम मित्रों के सहयोग से मन में निराशा का भाव समाप्त होगा।

सिंह : सिंह राशि वालों के घर में मांगलिक कार्यों के आयोजन से मन में प्रसन्नता व व्यस्तता रहेगी। आमदनी बढ़ने, अकस्मात् बड़ी मात्रा में पैसा हाथ में आने से मनोबल बढ़ा रहेगा।

कन्या : कन्या राशि के जातकों को कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। इस दौरान आय में यथोचित वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों व लेखन आदि से भी आय होगी।

तुला : तुला राशि वालों को आपकी इच्छा के विरूद्ध कोई कार्य मिल सकता है, जिससे आप असहज हो जाएंगे। परिवार में सर्वत्र सुख शांति रहेगी। अकस्मात् अनियोजित खर्च बढ़ सकते हैं।

वृश्चिक : वृश्चिक राशि का स्वामी मंगल जन्म तृतीय में, मकर राशि का होकर चंद्र से दशम योग बन रहा है। माता का सानिध्य व आशीर्वाद विशेष रूप से फलीभूत होगा।

धनु : राशि स्वामी बृहस्पति आज राशि से अष्टम भाव में मार्गी हो रहे हैं। बातचीत में सतर्क रहें, किसी संपत्ति को लेकर परिवार में विवाद की स्थिति बन सकती है।

मकर : मकर राशि पर बुध तथा कुंभ, राहु राज्य, मान, प्रतिष्ठा की वृद्धि कर रहा है। आपके भाग्य का उदय, धन, कर्म, कीर्ति की वृद्धि, शत्रु चिंताओं का दमन और मनोरथ सिद्धि होगी।

कुम्भ : कुंभ राशि वालों को कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त जिम्मेदारी और धार्मिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। संपत्ति का विस्तार और संपत्ति से आय में वृद्धि होगी।

मीन : मीन राशि के जातकों के लिए आपका दिन मिश्रित फलकारक है। धर्म-कर्म के प्रति आस्था बढ़ेगी। संपत्ति के सुधार व रख रखाव में खर्च बढ़ेगा। देश देशान्तर से शुभ समाचार मिलेंगे।

शांति का मुखौटा, सत्ता की रणनीति: ट्रंप का वैश्विक विरोधाभास

ललित गर्ग

नोबेल शांति पुरस्कार की उत्कट अभिलाषा में डूबे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का व्यक्तित्व और कार्यशैली वैश्विक राजनीति के लिए एक गहरी विडंबना एवं विरोधाभास बनकर उभरी है। शांति का मसीहा बनने का उनका दावा जितना आकर्षक दिखता है, उतना ही विरोधाभासी उनके कदमों का यथार्थ है। दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में वे जहां शांति स्थापित करने का श्रेय लेना चाहते हैं, वहीं उनके निर्णय, वक्तव्य और नीतियां अक्सर युद्ध, अशांति, भय और अस्थिरता को जन्म देती दिखाई देती हैं। यह कैसी शांति है, जो बमों की गूंज, प्रतिबंधों की मार और नफरत की भाषा के साथ चलती है? यह कैसा शांति-दूत होने का नाटक है, जिसमें मानवता का रक्त बहता रहे और सत्ता अपने हित साधती रहे? गाजा में शांति स्थापना के लिए ट्रंप की प्रस्तावित योजना इसी विरोधाभास का नवीन उदाहरण है। इसे शांति से अधिक व्यापारिक सौदे की तरह प्रस्तुत किया गया, मानो दशकों से हिंसा, विस्थापन और अस्मिता के संकट से जूझ रहे लोगों का भविष्य किसी रियल एस्टेट या आर्थिक पैकेज से तय किया जा सकता हो। अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र की भूमिका, स्थानीय जनता की सहमति और जवाबदेही- इन सबको दरकिनार कर शांति थोपने की यह कोशिश बताती है कि ट्रंप की दृष्टि में शांति कोई नैतिक या मानवीय मूल्य नहीं, बल्कि शक्ति-प्रदर्शन और राजनीतिक लाभ का औजार है। इस तरह बमों के साये में शांति का दावा डकोसला ही है, जिसमें शांति का सौदा एवं सत्ता की भूख ही दिखती है। ट्रंप की कथित शांति योजना, शांति के नाम पर वर्चस्व की राजनीति ही है। ऐसा लगता है शब्द अहिंसा के और कर्म हिंसा के है। ट्रंप संयुक्त राष्ट्र को अक्षम, पक्षपाती और नौकरशाही से ग्रस्त बताकर उसकी अवहेलना करते रहे हैं, जबकि सच यह है कि वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए बहुपक्षीय संस्थाओं का ढांचा अनिवार्य है। शक्तिशाली देशों को जब यह ढांचा अपने अनुकूल नहीं लगता, तो वे उसे कमजोर करने लगते हैं-ट्रंप इसी प्रवृत्ति का मुखर चेहरा हैं।

डोनाल्ड ट्रंप द्वारा प्रस्तावित नए वैश्विक शांति संस्थान का विचार अपने आप में जितना आकर्षक शब्दों से सुसज्जित है, उतना ही अपने अंतर्विरोधों में उलझा हुआ भी है। शांति स्थापना के नाम पर एक ऐसी अंतरराष्ट्रीय संस्था खड़ी करने की कोशिश, जो संयुक्त राष्ट्र जैसे स्वीकृत बहुपक्षीय ढांचे को दरकिनार करती हो, वस्तुतः शांति से अधिक सत्ता-केंद्रित वर्चस्व की आकांक्षा को उजागर करती है। यह प्रश्न स्वाभाविक है कि जिस नेतृत्व की नीतियों का आधार हथियारों के निर्माण और बिक्री, सैन्य गठबंधनों के विस्तार, युद्ध की धमकियों और आर्थिक दंड के जरिये दुनिया पर दबाव बनाना रहा हो, वह अचानक शांति का नया ठेकेदार कैसे बन सकता है? ट्रंप की राजनीतिक सोच में शांति किसी मानवीय प्रतिबद्धता का नहीं, बल्कि सौदेबाजी, नियंत्रण और लाभ का साधन प्रतीत होती है। इसलिए उनके प्रस्तावित शांति संस्थान की उपयोगिता पर गंभीर संदेह खड़ा होता है। बिना वैधता, जवाबदेही और वैश्विक सहमति के खड़ी की गई कोई भी संस्था शांति का वाहक नहीं बन सकती; वह केवल शक्तिशाली देशों की इच्छाओं को थोपने का उपकरण या जरिया ही बनती है। इस संदर्भ में ट्रंप का यह प्रयास शांति की दिशा में एक ठोस पहल नहीं, बल्कि हिंसा-प्रधान नीतियों पर पर्दा डालने और वैश्विक शासन व्यवस्था पर अपनी पकड़ मजबूत करने का एक और षडयंत्र एवं कुचेष्टा ही दिखाई देता है।

ट्रंप की सोच में शांति का अर्थ संघर्षों का समाधान नहीं, बल्कि उन्हें अपने पक्ष में मोड़ना है। कभी वे संयुक्त राष्ट्र के समानांतर इस तरह की एक कथित शांति-व्यवस्था खड़ी करने की बात करते हैं, तो कभी ईरान पर युद्ध की धमकी देते हैं। एक ओर वे यूरोपीय देशों की तारीफ कर अपना प्रभाव जमाने का प्रयास करते हैं, दूसरी ओर उन्हीं देशों पर व्यापारिक प्रतिबंधों और सैन्य खर्च का दबाव डालते हैं। यह दोहरा आचरण और कथनी और करनी का भेद वैश्विक अस्थिरता को बढ़ाता है। शांति की भाषा बोलते हुए हथियारों की बिक्री, सैन्य गठबंधनों का विस्तार और आर्थिक दंड-ये सब उनकी नीतियों के अभिन्न अंग रहे हैं। परिणामस्वरूप दुनिया एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां युद्ध की आहटें तेज हैं और मानवता अस्तित्व के मुहाने पर पहुंचती प्रतीत होती है। गाजा संकट के संदर्भ में यह और भी स्पष्ट हो जाता है कि बिना वैधता, सहमति और जवाबदेही के थोपी गई शांति कभी स्थायी नहीं होती। यदि नागरिकों की सुरक्षा, जीवन की गरिमा और राजनीतिक अधिकारों को नजरअंदाज किया जाए, तो कोई भी समझौता खोखला साबित होगा। ट्रंप का दृष्टिकोण इन मूलभूत सच्चाइयों को अक्सर अनदेखा करता है। आर्थिक वादों को राजनीतिक अधिकारों के विकल्प के रूप में प्रस्तुत करना एक खतरनाक भ्रम है, जो जमीनी वास्तविकताओं के बोझ से ढह जाता है। शांति तभी टिकाऊ हो सकती है जब उसमें स्थानीय लोगों की वास्तविक आवाज शामिल हो, उनके दुख-दर्द को समझा जाए और न्यायपूर्ण समाधान की दिशा में ईमानदार पहल हो। भारत को गाजा में शांति प्रयासों में शामिल करने का प्रस्ताव भी इसी जटिलता को उजागर करता है। भारत का कूटनीतिक इतिहास बहुपक्षवाद, संयुक्त राष्ट्र की केंद्रीय भूमिका और द्विराष्ट्र सिद्धांत के समर्थन से जुड़ा रहा है। भारत के इस्राइल से अच्छे संबंध हैं, तो अरब देशों में भी उसकी विश्वसनीयता बनी हुई है। लेकिन यदि शांति प्रक्रिया संयुक्त राष्ट्र को दरकिनार करती है, तो यह भारत की स्थापित कूटनीतिक परंपरा के अनुकूल नहीं होगा। भारत ने हमेशा प्रत्यक्ष हस्तक्षेप के बजाय स्थिरता और संवाद को प्राथमिकता दी है। ऐसे में ट्रंप-प्रेरित पहल में शामिल होना भारत के लिए भी एक नैतिक और रणनीतिक चुनौती बन सकता है। वास्तव में ट्रंप की नीतियां एक ऐसे विश्व-दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करती हैं, जहां शक्ति ही सत्य है और नैतिकता केवल भाषणों तक सीमित है। उनकी बयानबाजी में नफरत और विभाजन की छाया साफ दिखती है। आप्रवासन, नस्ल, धर्म और राष्ट्रवाद के मुद्दों पर उनकी भाषा ने वैश्विक स्तर पर असहिष्णुता को बढ़ावा दिया। जब विश्व का सबसे शक्तिशाली देश इस तरह का संदेश देता है, तो उसका असर सीमाओं से परे जाता है। युद्ध केवल गोलियों और मिसाइलों से नहीं लड़ा जाता, वह विचारों और शब्दों से भी लड़ा जाता हैकृऔर ट्रंप के शब्द अक्सर आग में घी डालने का काम करते रहे हैं।

आज दुनिया जिन संकटों से जूझ रही है- यूक्रेन से लेकर मध्य पूर्व तक, एशिया से अफ्रीका तक, उनमें कहीं-न-कहीं महाशक्तियों की स्वार्थपूर्ण नीतियों की छाया है। ट्रंप का दौर इस प्रवृत्ति को और उग्र बनाता दिखाई दिया, जहां वैश्विक सहयोग के बजाय 'मैं पहले' की मानसिकता हावी रही। शांति के नाम पर दबाव, सौदेबाजी और धमकी-यह त्रयी मानवता के लिए घातक है। जो नेता स्वयं को शांति का प्रतीक बताता है, उससे अपेक्षा होती है कि वह पुल बनाए, दीवारें नहीं; संवाद बढ़ाए, युद्ध नहीं; भरोसा पैदा करे, भय नहीं। इस तरह प्रश्न यही है कि क्या शांति पुरस्कार की आकांक्षा मात्र से कोई शांति-दूत बन सकता है? यदि जवाबदेही, सहमति और मानवीय मूल्यों के बिना शांति थोपने की कोशिश की जाए, तो वह शांति नहीं, एक नया संघर्ष जन्म देती है। ट्रंप की कार्यशैली इसी सच्चाई की गवाही देती है। आज जब मानवता युद्धों में अपने जीवन को खो रही है, तब शांति का ढोंग और भी क्रूर प्रतीत होता है। दुनिया को ऐसे नेतृत्व की जरूरत है जो शक्ति के प्रदर्शन से नहीं, बल्कि करुणा, न्याय और बहुपक्षीय सहयोग से शांति की राह प्रशस्त करे। अन्यथा शांति मसीहा होने का यह नाटक इतिहास में एक विफल और खतरनाक प्रयोग के रूप में ही दर्ज होगा।

-लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

नया साल, नई गति: मोदी सरकार के 2025 सुधारों से भारत की अगली छलांग

पीयूष गोयल

नया वर्ष भारत के वाणिज्य और उद्योग जगत के लिए नए आत्मविश्वास और आशावाद के साथ आया है। वर्ष 2025 में उठाए गए निर्णायक कदम व्यापार और निवेश को तेज करने, छोटे व्यवसायों और स्टार्टअप्स के लिए वैश्विक बाजार तक पहुंच बढ़ाने, रोजगार सृजन करने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'ईज ऑफ लिविंग' के मिशन को आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। मोदी सरकार की एक प्रमुख पहल स्टार्टअप्स को बढ़ावा देना रही है। आज भारत में दो लाख से अधिक सरकारी मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स हैं। स्टार्टअप इंडिया की 10वीं वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री ने कहा था कि हमारे स्टार्टअप्स विभिन्न समस्याओं के समाधान दे रहे हैं और भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत व आत्मनिर्भर बना रहे हैं। स्टार्टअप्स को समर्थन देना मोदी सरकार की उस व्यापक रणनीति का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य तेज आर्थिक विकास के जरिए रोजगार सृजन करना और प्रत्येक नागरिक, विशेषकर गरीबों के जीवन स्तर में सुधार लाना है। वर्ष 2025, 2014 से शुरू हुई भारत की परिवर्तनकारी यात्रा में एक ऐतिहासिक वर्ष रहा। साहसिक फैसलों और दूरगामी सुधारों के माध्यम से हमारी सरकार ने कारोबारी माहौल को नया रूप दिया है, साथ ही यह सुनिश्चित किया है कि हर नीति आम नागरिक के जीवन को बेहतर बनाए। आज भारत वैश्विक मंच पर एक भरोसेमंद और विश्वसनीय साझेदार के रूप में पहचाना जाता है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का कुल निर्यात 6 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 825.25 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद निरंतर वृद्धि का संकेत है। निर्यातकों को और सहयोग देने के लिए सरकार ने 25,060 करोड़ का 'निर्यात प्रोत्साहन मिशन' घोषित किया।

जन विश्वास और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस

ठशशिरश्रळपस रपव -ाशपवाशपीं -लीं, 2025 के तहत 71 पुराने कानूनों को समाप्त किया गया, जिनमें से कुछ 1886 के समय के थे। 'जन विश्वास' पहल के तहत छोटे अपराधों से जुड़े कई आपराधिक प्रावधानों को हटाया गया है। इससे शासन व्यवस्था बेहतर हुई है, कारोबार करना आसान बना है और भारत का कानूनी ढांचा आधुनिक अर्थव्यवस्था के अनुरूप ढल रहा है। इस प्रक्रिया के तहत सैकड़ों और प्रावधानों की समीक्षा जारी है। पिछले वर्ष संसद के मानसून सत्र में शिपिंग और पोर्ट्स से जुड़े पांच ऐतिहासिक विधेयक पारित हुए। इन कानूनों से दस्तावेजीकरण आसान हुआ है, विवाद समाधान सरल हुआ है और लॉजिस्टिक्स लागत में उल्लेखनीय कमी आई है। वाणिज्य के मोर्चे पर विदेश व्यापार महानिदेशालय ने पारदर्शी और सहायक नीतियों के जरिए निर्यातकों को सक्रिय समर्थन दिया है। इन पहलों से व्यापारियों, छोटे उद्यमियों और स्टार्टअप्स की उद्यमशीलता को नई ऊर्जा मिली है, जो अब जटिल अनुपालन और छोटे उल्लंघनों पर जेल जाने के डर से मुक्त होकर अपने काम पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं।

एफटीए और 'लोकल फॉर ग्लोबल'

भारत की व्यापार और निवेश रणनीति का मार्गदर्शक सिद्धांत स्थानीय उद्यमियों, विशेषकर छोटे व्यवसायों, स्टार्टअप्स, किसानों और कारीगरों को वैश्विक स्तर पर सशक्त बनाना रहा है। इसी दृष्टिकोण के तहत भारत ने यूके, न्यूजीलैंड और ओमान के साथ तीन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) किए हैं, जिससे भारतीय उत्पादों को विकसित बाजारों में शुल्क मुक्त पहुंच मिली है। ये एफटीए सुधार प्रक्रिया का भी हिस्सा हैं। इससे पहले यूपीए सरकार ने राष्ट्रीय हितों की अनदेखी करते हुए ऐसे देशों से समझौते किए जो भारत से वैश्विक प्रतिस्पर्धा करते थे। मोदी सरकार ने सही दिशा में विकसित देशों के साथ संतुलित और लाभकारी समझौते किए हैं। ये एफटीए रोजगार सृजन को तेज करेंगे, निवेश बढ़ाएंगे और छोटे व्यवसायों, छात्रों, महिलाओं, किसानों और युवाओं के लिए नए अवसर खोलेंगे। हर समझौता व्यापक परामर्श के बाद किया गया है ताकि सभी के लिए लाभ सुनिश्चित हो सके।

भारत के हितों की सुरक्षा

इन समझौतों में भारत के कृषि और डेयरी क्षेत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित की गई है, जिनमें न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे बड़े डेयरी निर्यातक देश भी शामिल हैं। ईएफटीए देशों- स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिकटेंस्टीन-के साथ 2024 में हुआ समझौता अब लागू हो चुका है। इन सभी समझौतों में भारतीय निर्यात को त्वरित या चरणबद्ध शुल्क समाप्ति का लाभ मिला है, जबकि भारत का बाजार खोलना संतुलित और क्रमिक रखा गया है। न्यूजीलैंड ने अगले 15 वर्षों में 20 अरब डॉलर के निवेश का वादा किया है, जिससे कृषि, एमएसएमई, शिक्षा, खेल और युवाओं को लाभ होगा।

वैश्विक निवेश का केंद्र भारत

वित्त वर्ष 2024-25 तक के पिछले 11 वर्षों में भारत ने 748 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित किया है, जो इससे पहले के 11 वर्षों के 308 अरब डॉलर से ढाई गुना अधिक है। यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि मोदी सरकार ने एक ऐसी अर्थव्यवस्था संभाली थी जिसे कभी 'फ्रैजाइल फाइव' कहा जाता था। भ्रष्टाचार मुक्त शासन, साहसिक सुधारों और वित्तीय अनुशासन के जरिए प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय अर्थव्यवस्था पर वैश्विक भरोसा बहाल किया।

गरीबों तक पहुंचे सुधार

2025 का अंत भारत ने जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में किया और अब वह जर्मनी को भी पीछे छोड़ने की राह पर है। श्रम सुधारों के तहत 29 कानूनों को चार आधुनिक श्रम संहिताओं में बदला गया है, जिससे मजदूरी, सामाजिक सुरक्षा और महिला भागीदारी को बढ़ावा मिलेगा। जीएसटी सुधारों से आम नागरिकों, एमएसएमई, किसानों और श्रम-प्रधान क्षेत्रों को लाभ मिला है।

आगे की राह

वर्ष 2025 घरेलू उद्यम और वैश्विक मांग के बीच सेतु बनाने वाला वर्ष रहा। नीति आयोग के नेतृत्व में सुधारों पर काम जारी है। भारत विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेज़ी से बढ़ रहा है। भारत केवल भविष्य की तैयारी नहीं कर रहा, बल्कि उसे आकार दे रहा है। मजबूत नेतृत्व, साहसिक सुधारों और स्पष्ट वैश्विक रणनीति के साथ भारत आत्मनिर्भर और विश्वसनीय राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ रहा है।

-लेखक: केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री

विदेश की खबरें

पाकिस्तान ने भारतीय विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध को एक और महीने के लिए बढ़ाया

इस्लामाबाद : पाकिस्तान ने भारतीय विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र पर लगे प्रतिबंध को मंगलवार को एक और महीने के लिए यानी 24 फरवरी तक बढ़ा दिया। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पिछले साल अप्रैल में पाकिस्तान ने भारतीय एयरलाइंस के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया था। भारत ने भी पाकिस्तान पर इसी तरह का प्रतिबंध लगाया है। पाकिस्तान हवाई अड्डा प्राधिकरण ने एक नोटम (विमान चालकों के लिए नोटिस) में कहा है कि हवाई क्षेत्र पर पहले से लागू प्रतिबंध 24 फरवरी तक जारी रहेगा। मौजूदा प्रतिबंध की अवधि 23 जनवरी को खत्म होने वाली थी। हालिया नोटम के अनुसार, यह प्रतिबंध भारत में पंजीकृत सभी विमानों के साथ-साथ भारतीय एयरलाइंस या विमान संचालकों द्वारा संचालित, स्वामित्व वाले या पट्टे पर लिए गए किसी भी विमान पर लागू होता है। इसमें सैन्य उड़ानें भी शामिल हैं। पाकिस्तान का हवाई क्षेत्र दो उड़ान सूचना क्षेत्रों (एफआईआर) - कराची और लाहौर - में विभाजित है और नोटम दोनों क्षेत्रों पर लागू है।

ट्रंप ने एक बार फिर खुद को भारत-पाकिस्तान संघर्ष खत्म कराने का श्रेय दिया

न्यूयॉर्क : अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर खुद को परमाणु शक्ति संपन्न पड़ोसी देशों भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष खत्म कराने का श्रेय दिया है। उन्होंने यह दावा भी किया कि नोबेल शांति पुरस्कार नॉर्वे के नियंत्रण में है और यह सम्मान उन्हें मिलना चाहिए, क्योंकि उन्होंने आठ युद्ध खत्म कराए और लाखों लोगों की जान बचाई। उन्होंने यह भी कहा कि भले ही उन्हें पुरस्कार की परवाह न हो, लेकिन उन्हें लोगों की जान बचाने की फिक्र है। ट्रंप ने सोमवार को मियामी में एक कॉलेज फुटबॉल चैंपियनशिप मैच में भाग लेने के बाद पत्रकारों से कहा, मुझे नोबेल पुरस्कार की परवाह नहीं है... एक बहुत ही नेक महिला को लगा कि मैं इसके योग्य हूं और वह सचमुच चाहती थी कि मुझे नोबेल पुरस्कार मिले। मैं इसके लिए उनका आभारी हूं। अगर कोई सोचता है कि नॉर्वे नोबेल पुरस्कार को नियंत्रित नहीं करता, तो वह सरासर गलत है। उनका एक बोर्ड है, लेकिन वह नॉर्वे द्वारा नियंत्रित है, और नॉर्वे जो भी कहे, मुझे उससे कोई फर्क नहीं पड़ता। पिछले सप्ताह, वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो ने अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय 'व्हाइट हाउस' में 2025 में मिला नोबेल शांति पुरस्कार ट्रंप को प्रदान किया, जिसे ट्रंप ने आपसी सम्मान का एक अद्भुत उदाहरण बताया।

वर्ग पहेली नं. 3328



बायें से दायें:- 1) अपरिचित, 3) अपव्यय; भोगविलास, 6) सदृश, 8) धूर्त, 9) ठूँसना; धकेलना, 11) एक राशि, 13) दुराग्रही, 14) संपत्ति, 16) विवाहसंबंधविच्छेद, 18) धाय; सूतिका, 19) संदेश, 20) अनैतिकता, 22) कलाकर्मी, 23) कोमलता, 25) जाँबाज, 27) रोगी, 29) निकम्मा, 30) तालिका, 31) छोटे लंबे काले बालोंवाला एक हिंसक पशु.

ऊपर से नीचे:- 1) आकस्मिक, 2) एक संख्या, 3) चश्मा, 4) आईना, 5) वटवृक्ष, 7) बात; घटना; विवाद, 10) अकारण, 12) लिहाफ़, 15) मेघविद्युत, 17) प्यारा, 18) तलहटी; कमीज़ का पल्ला, 19) समर्थन, 20) दौलतमंदी, 21) तारीख़, 22) परिश्रमी, 24) सुंदर स्त्री, 26) शोरबा, 28) सोने - चाँदी के तार.

(उत्तर: अगले अंक में)

पिछली पहेली का उत्तर

सुडोकू-पहेली-3286

				6	2			5
	8		5			7		6
	7							
2				5	7			
			3				5	8
					1	9	4	
	4						9	
	6	7						
				8				3

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

सूडोकू पहेली - 3285 का उत्तर

3	1	4	8	2	7	5	6	9
2	9	8	6	5	1	7	4	3
7	6	5	3	4	9	8	2	1
6	8	7	4	3	2	9	1	5
4	2	3	1	9	5	6	7	8
9	5	1	7	8	6	2	3	4
8	4	6	5	7	3	1	9	2
5	7	9	2	1	4	3	8	6
1	3	2	9	6	8	4	5	7

एसआईआर : सुनवाई के दौरान 'उत्पीड़न' के खिलाफ राज्य के कई जिलों में बवाल, हिंसक प्रदर्शन

कोलकाता, समाज्ञा : राज्य के विभिन्न जिलों में मंगलवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के दौरान लोगों के कथित उत्पीड़न के कारण विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए और कई स्थानों पर सड़कें अवरुद्ध कर दी गईं तथा टायर जलाए गए। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दक्षिण 24 परगना, उत्तर 24 परगना, झाड़ग्राम और पूर्व मेदिनीपुर जिलों में विरोध प्रदर्शन हुए, जिसके बाद पुलिस को इन क्षेत्रों में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती बढ़ानी पड़ी। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि सही दस्तावेज होने के बावजूद बुजुर्ग और असली मतदाताओं को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दक्षिण 24 परगना के ढोलाहाट और पोलबा जैसे क्षेत्रों में प्रदर्शनकारियों ने सड़कों को अवरुद्ध किया। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनकारियों को हटाने और स्थिति को बिगड़ने से रोकने के लिए पुलिस दलों को प्रदर्शन स्थलों पर भेजा गया। जिले के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि कुछ सड़कों को अस्थायी रूप से अवरुद्ध किया गया था, लेकिन स्थिति अब नियंत्रण में है। हम स्थानीय प्रतिनिधियों के संपर्क में हैं और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि कानून-व्यवस्था पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। बासंती के बीडीओ कार्यालय में, जहां एसआईआर का सुनवाई केंद्र स्थित है, मंगलवार की सुबह अचानक बवाल मच गया। आरोप है कि नोटिस भेजकर लोगों को बुलाया जा रहा है और घंटों तक उन्हें परेशान किया जा रहा है। इसी नाराजगी के चलते एक समूह ने बीडीओ कार्यालय में घुसकर तोड़फोड़ की। काफी देर तक सुनवाई केंद्र के भीतर हंगामा चलता रहा। इसके बाद, प्रदर्शनकारियों ने एसआईआर में कथित उत्पीड़न के विरोध में बासंती राज्य सड़क को जाम कर दिया। सुबह करीब 10 बजे से लगभग एक घंटे तक सड़क अवरुद्ध रही, बाद में पुलिस ने पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। उत्तर 24 परगना, झाड़ग्राम और पूर्व मेदिनीपुर जिलों के कुछ हिस्सों से भी इसी तरह के विरोध प्रदर्शन की सूचना मिली है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो विरोध प्रदर्शन और तेज होंगे।

संदेशखाली में बीडीओ कार्यालय पर हमला

उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली-एक ब्लॉक में भी भारी हंगामा हुआ। सुनवाई के दौरान कथित उत्पीड़न से आक्रोशित ग्रामीणों ने बीडीओ कार्यालय में जमकर तोड़फोड़ की। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए नैजाट थाने की पुलिस को भारी संख्या में मौके पर तैनात किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस दिन, मतदाता सूची में नाम संशोधन और सत्यापन की सुनवाई चल रही थी। इस दौरान वहां पहुंचे बड़ी संख्या में लोगों ने आरोप लगाया कि उन्हें अनावश्यक रूप से बुलाया गया है और अधिकारी जानबूझकर उन्हें परेशान कर रहे हैं। इसी मुद्दे को लेकर पहले बीडीओ कार्यालय के कर्मचारियों के साथ उनकी तीखी नोकझोंक हुई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि उग्र भीड़ ने कार्यालय की संपत्ति को नुकसान पहुंचाना और तोड़फोड़ करना शुरू कर दिया।

राज्य में हिंसा रोकने के लिए राज्यपाल ने जारी की एडवाइजरी

कोलकाता, समाज्ञा : चुनाव से पहले राज्य में कुछ जगहों पर हिंसा देखने को मिली है। इस पर, विपक्ष सरकार और राज्य पुलिस पर तरह-तरह के आरोप लगा रहा है। अब राज्यपाल सीवी आनंद बोस की तरफ से गाइडलाइन जारी की गई है। गाइडलाइन में कहा गया है कि हालिया घटनाओं से पता चलता है कि असामाजिक और विघटनकारी ताकतें बहुत कम समय में सैकड़ों उग्र और हिंसक प्रदर्शनकारियों को जुटा सकती हैं। इस तरह की तेज घटनाएं आम नागरिकों के लिए भारी परेशानी पैदा करती हैं, सामान्य जीवन को बाधित करती हैं और जान-माल के लिए खतरा बन जाती हैं। इसको लेकर राज्यपाल ने हिंसा, उसके बढ़ने, नियंत्रण से बाहर होने और उससे होने वाले व्यवधानों को रोकने के लिए सक्षम अधिकारियों के विचारार्थ निम्नलिखित परामर्श सुझाए हैं। इसमें खुफिया तंत्र को मजबूत करने, केंद्रीय और राज्य खुफिया एजेंसियों तथा स्थानीय मुखबिरों के नेटवर्क के बीच बेहतर समन्वय रखने की सलाह दी गई है। राज्यपाल ने कहा है कि कानून प्रवर्तन एजेंसियां रियल टाइम खुफिया जानकारी इकट्ठा करने और उसका विश्लेषण करने की व्यवस्था बनाएं, ताकि किसी भी संभावित कानून-व्यवस्था की स्थिति और उसके बढ़ने की पहले से सूचना मिल सके। मौजूदा संवेदनशील और भड़काऊ मुद्दों का अध्ययन किया जाए। उन मुद्दों और स्थानों पर विशेष ध्यान दिया जाए, जिन्होंने जनता को उकसाया है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य की अंतरराष्ट्रीय सीमाएं काफी हद तक खुली और संवेदनशील हैं। सीमा के दोनों ओर से जुड़े मुद्दों को देखते हुए केंद्र और राज्य के बीच संयुक्त खुफिया तंत्र को प्रभावी रूप से लागू किया जाए। सतर्कता बनाए रखी जाए और सक्रिय गश्त की जाए। भरोसा कायम करने के लिए समुदायों के साथ संवाद किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने से रोकने के लिए प्रभावी रोकथाम उपाय किए जाएं। उकसावे में शामिल लोगों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए। तनाव कम करने के लिए स्थानीय नेताओं के साथ समन्वय किया जाए। संवेदनशील जिलों में निगरानी बढ़ाई जाए। राज्यपाल ने यह भी सलाह दी है कि मदद के लिए आने वाली कॉल्स पर तुरंत प्रतिक्रिया दी जाए। भीड़ नियंत्रण के दौरान संयम बरता जाए। कानून-व्यवस्था की स्थिति को बिगड़ने से रोकने या शांत करने के लिए स्थानीय नेताओं से बातचीत की जाए।

एसआईआर सॉफ्टवेयर से की जा रही है गहन धांधली : तृणमूल कांग्रेस

नयी दिल्ली/कोलकाता : तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने मंगलवार को कहा कि राज्य में जारी एसआईआर 'सॉफ्टवेयर इंटेंसिव रिगिंग' यानी सॉफ्टवेयर से की जा रही गहन धांधली है और मतदाता सूची के पुनरीक्षण में ज्यादा पारदर्शिता बरतने की जरूरत है। दिल्ली में राज्यसभा में टीएमसी के नेता डेरेक ओ'ब्रायन, उपनेता सागारिका घोष और सांसद साकेत गोखले ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए निर्वाचन आयोग (ईसी) से हाल ही में एक पार्टी के प्रतिनिधिमंडल और आयोग की पूर्ण पीठ के बीच बैठक में हुई चर्चा का विवरण साझा करने की मांग की। ओब्रायन ने कहा कि एसआईआर का क्या अर्थ है?

सॉफ्टवेयर इंटेंसिव रिगिंग, ईसी हमारे देश की एक बड़ी संस्था है, जिसने कई दशकों तक लोकतंत्र को जीवित रखा, लेकिन अब इस महान संस्थानों को तहस-नहस किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस केवल पारदर्शिता चाहती है, हमारी अध्यक्ष ने यह बात कही है। हमारे महासचिव ने भी यही बात कही है। हम एसआईआर कराने के पक्ष में हैं, लेकिन यह पारदर्शी, योजनाबद्ध और सहानुभूतिपूर्ण होनी चाहिए। टीएमसी सांसद ने कहा कि विवरण जारी करें, 50 दिन हो गए हैं। हमारे धैर्य की परीक्षा न लें। क्योंकि अगर आप विवरण साझा नहीं करेंगे तो हम साझा कर देंगे।

एसआईआर : नियमों के पालन की जांच के लिए बंगाल आ रहे हैं और 12 रोल ऑब्ज़र्वर

कोलकाता : राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चल रहे विवाद के बीच राष्ट्रीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने निगरानी और सख्त करने का फैसला किया है। दिल्ली से पहले ही पश्चिम बंगाल में 12 रोल ऑब्ज़र्वर भेजे जा चुके हैं। इनके अलावा विशेष रोल ऑब्ज़र्वर के रूप में सुब्रत गुप्ता जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

हाल ही में आयोग ने इस कार्य के लिए चार और वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों की नियुक्ति की है। बावजूद इसके, चुनाव आयोग संतुष्ट नहीं है और जल्द ही दिल्ली से और रोल ऑब्ज़र्वर राज्य में भेजे जाने की तैयारी है। आयोग सूत्रों के अनुसार, राज्य के कुछ जिलों में एसआईआर की प्रक्रिया नियमों के अनुसार नहीं होने की शिकायतें सामने आई हैं। विशेष रूप से उत्तर बंगाल को फोकस में रखते हुए चुनाव आयोग ने राज्य के कम से कम 10 से 12 जिलों को चिन्हित किया है।

आरोप है कि इन जिलों में मतदाता सूची संशोधन का काम निर्धारित प्रक्रिया के तहत सही तरीके से पूरा नहीं किया गया। इसी पृष्ठभूमि में जमीनी स्तर पर निगरानी बढ़ाने के उद्देश्य से अतिरिक्त रोल ऑब्ज़र्वर भेजने का निर्णय लिया गया है। सूत्रों का दावा है कि बुधवार तक ये अधिकारी पश्चिम बंगाल पहुंच सकते हैं। आयोग की इस पहल को एसआईआर प्रक्रिया में पारदर्शिता और नियमों के सख्त पालन सुनिश्चित करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

एसआईआर : भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी सुनवाई के लिए हुए पेश

✒ पासपोर्ट समेत सभी दस्तावेज किए प्रस्तुत, बोले... 'एसआईआर से किसी को नुकसान नहीं'

कोलकाता, समाज्ञा : भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी मंगलवार को राज्य में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत अपनी निर्धारित सुनवाई के लिए कोलकाता में चुनाव अधिकारियों के सामने पेश हुए। एक अधिकारी ने बताया कि शमी दक्षिण कोलकाता के बिक्रमगढ़ इलाके के एक स्कूल में आवश्यक दस्तावेजों के साथ चुनाव अधिकारियों के सामने पेश हुए। सुनवाई पूरी होने के बाद, शमी ने कहा कि एसआईआर हर किसी की ज़िम्मेदारी है और इस प्रक्रिया के दौरान सभी को सहयोग करना चाहिए। शमी ने पत्रकारों से

कहा कि कोई समस्या नहीं है। एसआईआर हर किसी का अधिकार है और हम सभी को इस प्रक्रिया में भाग लेना चाहिए। यह हमारी ज़िम्मेदारी है। इससे किसी को कोई नुकसान नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे कोई परेशानी नहीं हुई और उन्होंने (चुनाव अधिकारियों ने) इसे अच्छे से संभाला। मैं पिछले 25 सालों से यहीं रह रहा हूं। अगर वे मुझे दोबारा बुलाते हैं, तो मैं फिर आऊंगा। राज्य के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शमी द्वारा भरे गए गणना प्रपत्र में कुछ स्थानों पर विसंगतियां थीं, जिसके कारण उन्हें सुनवाई के लिए तलब किया गया था। निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि शमी पहले तय तारीख पर सुनवाई के लिए उपस्थित नहीं हो सके, क्योंकि वह विजय हजारे ट्रॉफी में बंगाल का प्रतिनिधित्व करने के लिए राजकोट में थे। इसलिए एक नई तारीख दी गई।

फोर्ट विलियम अधिकारी पर ममता की टिप्पणी को लेकर सेना ने राज्यपाल से जताई आपत्ति

कोलकाता, समाज्ञा : भारतीय सेना की पूर्वी कमान ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस हालिया आरोप के संबंध में राज्यपाल सीवी आनंद बोस से हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है कि एक वरिष्ठ सेना अधिकारी फोर्ट विलियम स्थित कमांड बेस का उपयोग कर रहा था और भाजपा के इशारे पर एसआईआर कवायद पर काम कर रहा था। लोक भवन के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, कमांड मुख्यालय फोर्ट विलियम से सेना के दो जनरल ने पिछले सप्ताह राज्यपाल बोस से मुलाकात की और एक पत्र सौंपा जिसमें कथित तौर पर ममता बनर्जी के दावों पर आपत्ति जताई गई थी। हालांकि, मुलाकात में क्या हुआ, इसका विवरण तुरंत स्पष्ट नहीं हो सका, लेकिन लोक भवन के

अधिकारी ने कहा कि बोस ने इस मामले को गंभीरता से लिया है और इसे केंद्र के सक्षम अधिकारियों के ध्यान में लाया है। अधिकारी ने बताया कि ऐसा माना जा रहा है कि सेना के अधिकारियों ने राज्यपाल से बात की है और उनसे इस मामले में हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। मुख्यमंत्री की हालिया टिप्पणियों से सेना नाराज है, जिनमें उन्होंने कहा था कि फोर्ट विलियम में तैनात रहते हुए सेना का एक कमांडेंट भाजपा के लिए काम कर रहा था। उल्लेखनीय है कि ममता बनर्जी ने राज्य सचिवालय से एक प्रेस वार्ता में कहा था कि मुझे जानकारी मिली है कि फोर्ट विलियम में तैनात एक कमांडेंट भाजपा को समर्थन देने के लिए एसआईआर में काम कर रहा है। वह वहां बैठकर भाजपा पार्टी कार्यालय का काम कर रहा है। मैं उनसे हाथ जोड़कर निवेदन करती हूं कि वह ऐसी गतिविधियों से बाज आएं। अधिकारी ने बताया कि पिछले सप्ताह लोक भवन में हुई बैठक के बाद, यह समझा जाता है कि राज्यपाल ने इस संबंध में रक्षा मंत्रालय से संपर्क किया है और मामले की गंभीरता को उनके संज्ञान में लाया है।

पीएम की रैली के बाद ममता के अगले सप्ताह सिंगूर में जनसभा की संभावना

कोलकाता, समाज्ञा : मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के अगले हफ्ते सिंगूर में एक प्रशासनिक कार्यक्रम और तृणमूल कांग्रेस की रैली को संबोधित करने की संभावना है। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। तृणमूल कांग्रेस के सूत्रों के अनुसार, ममता बनर्जी हुगली जिले के सिंगूर में एक प्रशासनिक बैठक की अध्यक्षता करेंगी और इस दौरान वह विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभ वितरण करेंगी। मुख्यमंत्री के 'बांग्लार बाड़ी' योजना के तहत पक्के मकानों के निर्माण के लिए पहली किस्त जारी करने की भी संभावना हैं। पार्टी नेताओं ने संकेत दिया कि प्रशासनिक गतिविधियों के अलावा ममता बनर्जी या तो अलग से पार्टी रैली को संबोधित करके या सार्वजनिक वितरण कार्यक्रम में अपने भाषण में राजनीतिक संकेत शामिल करके इस अवसर का उपयोग राजनीतिक संदेश देने के लिए भी कर सकती हैं। तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मंत्री बेचाराम मन्ना ने बताया कि मैंने सुना है कि मुख्यमंत्री 28 जनवरी को यहां एक बैठक करेंगी। लेकिन कार्यक्रम का विवरण और स्वरूप अभी तय नहीं है। हुगली जिले में तृणमूल कांग्रेस नेताओं ने बताया कि मोदी के कार्यक्रम के तुरंत बाद बनर्जी के दौरे की तैयारियां शुरू हो गईं और पार्टी कार्यकर्ताओं को तैयार रहने को कहा गया। सूत्रों ने बताया कि ममता बनर्जी का कार्यक्रम उसी मैदान पर होने की संभावना है जहां प्रधानमंत्री ने अपनी रैली को संबोधित किया था।

शुभेंदु अधिकारी ने बांग्लादेश एवं पश्चिम बंगाल की तुलना कर साधा निशाना

कोलकाता, समाज्ञा : बांग्लादेश में लगातार बिगड़ते हालात और हिंदुओं समेत अल्पसंख्यकों पर हो रही हिंसा के मुद्दे को लेकर नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने एक बार फिर बांग्लादेश और पश्चिम बंगाल की वर्तमान स्थिति की तुलना की है। मंगलवार को नदिया जिले के धुबुलिया में आयोजित एक जनसभा से उन्होंने एक साथ बांग्लादेश की अंतरिम सरकार और राज्य की तृणमूल सरकार पर जोरदार निशाना साधा। सभा के दौरान शुभेंदु अधिकारी ने बांग्लादेश में गिरफ्तार वैष्णव संन्यासी चिन्मयकृष्ण दास का मुद्दा उठाते हुए मोहम्मद यूनूस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि चिन्मयकृष्ण दास एक वर्ष से



अधिक समय से बांग्लादेश की जेल में बंद हैं। शुभेंदु ने कहा कि 1947 में देश विभाजन के समय तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान, यानी आज के बांग्लादेश में हिंदुओं की आबादी 33 प्रतिशत थी। आज वह घटकर मात्र सात प्रतिशत रह गई है। आज एक वैष्णव संन्यासी चिन्मयकृष्ण प्रभु को फांसी देने की साजिश की जा रही है। सोचिए, बांग्लादेश किस दिशा में जा रहा है। राज्य की सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि यह वही सरकार है जिसने 2011 में टाटा को बंगाल से भगाया, 2016 में नौकरियां बेचीं। अगर 2026 में किसी तरह फिर सत्ता में आ गई, तो इस राज्य को हिंदू-शून्य करने की कोशिश करेगी। जो कुछ यूनूस सरकार बांग्लादेश में कर रही है, वही काम यहां ममता बनर्जी की सरकार कर रही है।

✒ 'एसआईआर के सुनवाई के दौरान उत्पीड़न के लिए ममता सरकार जिम्मेदार'

एसआईआर प्रक्रिया को लेकर हो रही परेशानियों पर भी शुभेंदु अधिकारी ने अपनी बात रखी। उन्होंने स्वीकार किया कि इस प्रक्रिया में कुछ सामान्य और भारतीय नागरिकों को परेशानी हो रही है और उन्हें हियरिंग नोटिस भेजे जा रहे हैं। हालांकि, इसके लिए उन्होंने चुनाव आयोग को जिम्मेदार ठहराने से इनकार किया। उन्होंने कहा कि इसके लिए चुनाव आयोग जिम्मेदार नहीं है। इसकी पूरी जिम्मेदारी ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल सरकार की है। बिहार में जब एसआईआर हुआ, वहां की सरकार ने पूरा सहयोग किया। लेकिन, पश्चिम बंगाल सरकार ने राष्ट्रीय चुनाव आयोग और राज्य के सीईओ द्वारा चार महीने के लिए एक हजार डेटा एंट्री ऑपरेटर मांगे जाने के बावजूद सहयोग नहीं किया। शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि तृणमूल सरकार ने घुसपैठियों, रोहिंग्याओं, मृत और फर्जी मतदाताओं को बचाने के लिए डेटा एंट्री ऑपरेटर उपलब्ध नहीं कराए, जिससे आज एसआईआर प्रक्रिया में गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं।

Name Change

I, Prakash (old name) son of Late Bhagwat Shastry, residing at H No-22/23, HIG Housing Colony, Near Bus Stand Bartand, Dhanbad, Jharkhand- 826001, India, have changed my name and shall henceforth be known as Sri Prakash (new name), as declared Before The Notary Public at Kolkata, vide an affidavit dated 14/01/2026. Sri Prakash (new name) and Prakash (old name) both are same and one identical person.

Notice

It is hereby notified that Civil Revision CO no. 2828 of 2025 challenging the final judgment dated 02.08.2024 passed by the Ld Presiding Member of the West Bengal, State Consumer Dispute Redressal Commission in FA/905/2015 which is pending before the Hon'ble High Court, Calcutta against Anita Mishra w/o late Dinesh Mishra, Bhagyashree Mishra & Bishakha Mishra both d/o of late Dinesh Mishra all residing at 57, Diwan Gai Road, P.S- Bally, Dist: Howrah 711201, which is fixed for hearing on 11.02.2026

पूर्व रेलवे

ई-निविदा सूचना सं.: ईएलडी-300-डब्ल्यूसी-31-2025-26, दिनांक 15.01.2026; वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी, सियालदह, पूर्व रेलवे, कंट्रोल बिल्डिंग, पहली मंजिल, डीआरएम कार्यालय, फेजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा सं.: ईएलडी-300-डब्ल्यूसी-31-2025-26, कार्य का नाम: सियालदह मंडल-टीटागढ़/एफपी एवं सोनारपुर/एफपी में अत्यंत पुराने कैपासिटर बैंक के प्रतिस्थापन तथा संबंधित पीएसआई कार्यों के संबंध में 25केवी पीएसआई तथा संबंधित विद्युतीय कार्य। निविदा मूल्य: रु. 2,53,76,822; बयाना राशि: रु. 2,76,900; निविदा दस्तावेज की कीमत: शून्य। समापन अवधि: स्वीकृति पत्र जारी किए जाने की तारीख से 12 (बारह) महीने। बंद होने की तारीख: 17.02.2026 को अपराह्न 03.00 बजे। निविदा सूचना का विवरण तथा समय-समय पर जारी संशोधनी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

(SDAH-359/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

ग्लुउड इनसुलेटेड जांयट का निर्माण

ई-निविदा सूचना संख्या. LMG/Engg/01 of 2026 तारीख: 07-01-2026। नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदा आमंत्रित किया गया हैं। आईटम का संक्षिप्त विवरण: लामडिंग मंडल के अधीन गुवाहाटी-लामडिंग खंड पर वरिष्ठ डीईएन/I/लामडिंग अधिक्षेत्र के अधीन रेलवे मंत्रालय के आरडीएसओ/लखनऊ, 1160 द्वारा जारी की गई ग्लुउड इनसुलेटेड रेइल जायंट 2024 के लिए (संशोधित) मैनुअल अनुरूप एवं आरडीएसओ डीआरजी संख्या. टी/2572 अनुसार 52/60 केजी रेलों में "ग्लुउड इनसुलेटेड जायंट" के इन-सिटू का निर्माण कार्य। निविदा राशि: ₹2,22,96,998/- धरोहर राशि: ₹2,61,500/-। निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 02-02-2026 तारीख के 15.00 बजे में एवं खुलेगी: 03-02-2026 तारीख के 15.00 बजे में। उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी आगामी 02-02-2026 तारीख के 15.00 बजे तक www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

डीआरएम (डब्ल्यू), लामडिंग

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में

पूर्व रेलवे

ई-निविदा सूचना सं.: ईएलडी-300-डब्ल्यूसी-26-2025-26-आर, दिनांक 15.01.2026; वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी, सियालदह, पूर्व रेलवे, कंट्रोल बिल्डिंग, पहली मंजिल, डीआरएम कार्यालय, फेजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा सं.: ईएलडी-300-डब्ल्यूसी-26-2025-26-आर, कार्य का नाम: सियालदह मंडल के तहत लार्ज-स्पन वायर एवं जी-जम्परों के प्रतिस्थापन के संबंध में 25केवी ओएचई तथा संबंधित विद्युतीय कार्य। निविदा मूल्य: रु. 60,63,460; बयाना राशि: रु. 1,21,300; निविदा दस्तावेज की कीमत: शून्य। समापन अवधि: स्वीकृति पत्र जारी किए जाने की तारीख से 12 (बारह) महीने। बंद होने की तारीख: 12.02.2026 को अपराह्न 03.00 बजे। निविदा सूचना का विवरण तथा समय-समय पर जारी संशोधनी वेबसाइट www.ireps. gov.in पर उपलब्ध है।

(SDAH-358/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

Notice Inviting e-Tender

Ref e-NIT No.: 2026_ZPHD_991202_1 to 8.

An e-Tender (Notice Memo No.- 45/K-II PS, Dated- 19.01.2026) containing eight number schemes for sinking of tubewell work under Kalna-II Panchayat Samity, Purba Bardhaman has been floated amounting to Rs. 28.00 lakh. Fund- 15th CFC (Tied Grant) 2025-26. Bid Submission End on: 02.02.2026 at 06:00 PM.

Log on Gov. Website: www.wbtenders.gov.in

Please look for details in the undersigned office notice board.

Sd/-
Executive Officer
Kalna-II Panchayat Samity
Singerkone, Purba Bardhaman

NOTICE

Ref. e-NIT No. BDO, Kalna-II/eNIT 61/3622/2025-26 & BDO, Kalna-II/eNIT 62/3623/2025-26

An e-Tender (Notice Memo No.- 3622, Dated- 06.01.2026 & Memo No.- 3623, Dated- 06.01.2026) containing seven number schemes for construction work under Kalna-II Development Block, Purba Bardhaman has been floated, due to non/insufficient participation on the following tenders closing date extended up to 02/02/2026 at 18.00 hours.

Log on Gov. Website: www.wbtenders.gov.in

Please look for details in the undersigned office notice board.

Sd/-
Block Development Officer
Kalna-II Development Block
Singerkone, Purba Bardhaman

पूर्व रेलवे

ई-नीलामी आमंत्रण सूचना

हावड़ा मंडल के तहत विभिन्न स्टोरों के लिए संविदाएं प्रदान करना

ई-नीलामी सूचना सं.: सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/25/56 दिनांक 16.01.2026 वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, चौथी मंजिल, रेल म्यूजियम के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा हावड़ा मंडल के तहत मेडिकल स्टोर (नबद्वीप धाम एवं पाकुड़) तथा रिटेल स्टोर (बोलपुर शांतिनिकेतन, नबद्वीप धाम, बैण्डेल, बर्द्धमान एवं तारकेश्वर) की स्थापना, संचालन एवं रखरखाव के लिए संविदा सौंपने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। नीलामी सूचीपत्र www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। ● सूचीपत्र सं. : पीयूबी-एचडब्ल्यूएच-25-56; ● नीलामी आरम्भ होने की तारीख एवं समय: 03.02.2026 को दोपहर 12.00 बजे। सिक्वेंस सं.; लॉट सं.; विवरण क्रमशः निम्नलिखित हैं: एए/1; एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एनडीएई-एमईडीएसटीएन-53-25-1 (विविध-स्थैतिक-सेवाएं-स्टेशन में चिकित्सा सुविधाएं); हावड़ा मंडल के नबद्वीप धाम स्टेशन में पांच (05) वर्षों की अवधि के लिए मेडिकल स्टोर की स्थापना, संचालन एवं रखरखाव हेतु अधिकार प्रदान करना। एए/2; एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-पीकेआर-एमईडीएसटीएन-35-25-1 (विविध-स्थैतिक-सेवाएं-स्टेशन में चिकित्सा सुविधाएं); हावड़ा मंडल के पाकुड़ स्टेशन में पांच (05) वर्षों की अवधि के लिए मेडिकल स्टोर की स्थापना, संचालन एवं रखरखाव हेतु अधिकार प्रदान करना। एबी/1; एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-बीएचपी-एसटीजीईएन-47-25-1 (विविध-स्थैतिक-सेवाएं-स्थैतिक सामान्य); बोलपुर रेलवे स्टेशन में दस (10) वर्षों की अवधि के लिए रिटेल स्टोर की स्थापना, संचालन एवं रखरखाव हेतु अधिकार प्रदान करना। एबी/2; एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एनडीएई-एसटीजीईएन-48-25-1 (विविध-स्थैतिक-सेवाएं-स्थैतिक सामान्य); नबद्वीप धाम रेलवे स्टेशन में दस (10) वर्षों की अवधि के लिए रिटेल स्टोर की स्थापना, संचालन एवं रखरखाव हेतु अधिकार प्रदान करना। एबी/3; एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-बीडीसी-एसटीजीईएन-58-26-1 (विविध-स्थैतिक-सेवाएं-स्थैतिक सामान्य); बेण्डेल रेलवे स्टेशन में दस (10) वर्षों की अवधि के लिए रिटेल स्टोर की स्थापना, संचालन एवं रखरखाव हेतु अधिकार प्रदान करना। एबी/4; एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-बीडब्ल्यूएन-एसटीजीईएन-59-26-1 (विविध-स्थैतिक-सेवाएं-स्थैतिक सामान्य); बर्द्धमान रेलवे स्टेशन में दस (10) वर्षों की अवधि के लिए रिटेल स्टोर की स्थापना, संचालन एवं रखरखाव हेतु अधिकार प्रदान करना। एबी/5; एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-टीएके-एसटीजीईएन-60-26-1 (विविध-स्थैतिक-सेवाएं-स्थैतिक सामान्य); तारकेश्वर रेलवे स्टेशन में दस (10) वर्षों की अवधि के लिए रिटेल स्टोर की स्थापना, संचालन एवं रखरखाव हेतु अधिकार प्रदान करना। (HWH-550/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

एसएमवीटी बेंगलुरु-बालुरघाट-एसएमवीटी बेंगलुरु एक्सप्रेस

नियमित सेवा

एसएमवीटी बेंगलुरु और बालुरघाट के बीच एक नई एक्सप्रेस ट्रेन सेवा शुरू की गई है। नियमित सेवा 16523 एसएमवीटी बेंगलुरु-बालुरघाट एक्सप्रेस (साप्ताहिक) के रूप में दिनांक 21.01.2026 (यात्रा शुरू होने की तिथि) से एसएमवीटी बेंगलुरु से और 16524 बालुरघाट-एसएमवीटी बेंगलुरु एक्सप्रेस (साप्ताहिक) के रूप में दिनांक 24.01.2026 (यात्रा शुरू होने की तिथि) से बालुरघाट से शुरू होगी। ट्रेन निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची, आवागमन के दिन, ठहराव और गठन के अनुसार चलेगी।

एसएमवीटी बेंगलुरु-बालुरघाट एक्सप्रेस			(16523) (16524) स्टेशन	बालुरघाट - एसएमवीटी बेंगलुरु एक्सप्रेस		
दिन	आ.	प्र.		आ.	प्र.	दिन
बुध	--	10.15	↓ एसएमवीटी बेंगलुरु	--	03.00	सोम
बृहस्पति	05.58	06.00	श्रीकाकुलम	02.43	02.45	रवि
	11.05	11.10	भुवनेश्वर	21.50	21.55	शनि
	19.05	19.10	डानकुनी	13.35	13.40	
	20.00	20.02	बर्द्धमान	12.25	12.27	
	20.44	20.46	बोलपुर (शांतिनिकेतन)	10.55	10.57	
	21.36	21.38	रामपुरहाट ↑	09.48	09.53	
शुक्र	01.00	01.10	मालदा टाउन	07.25	07.35	
	04.15	--	बालुरघाट	--	05.15	

ये ट्रेनें मार्ग में दोनों दिशाओं में कृष्णराजपुरम, बंगारपेट जंक्शन, कुप्पम, जोलारपेट्टै जंक्शन, काटपाडी जंक्शन, अरक्कोणम जंक्शन, पेरम्बूर, नायडू पेटा, नेल्लोर, ओंगोल, चिराला, तेनाली, विजयवाड़ा, एलुरु, राजमंड्री, सामलकोट जंक्शन, अनकापल्ली, दुव्वाडा, सिम्हाचलम नॉर्थ, पेन्दुर्ति, कोत्तवलसा, विजयनगरम, पलासा, ब्रह्मपुर, बालूगांव, खोरधा रोड, कटक, जाजपुर क्योंझर रोड, भद्रक, बालेश्वर, खड़गपुर, आंदुल, एकलाखी, बुनियादपुर और गंगारामपुर स्टेशनों पर भी रुकेंगी। ● आवागमन की दिन: एसएमवीटी बेंगलुरु से: 16523 दिनांक 21.01.2026 से प्रत्येक बुधवार को और बालुरघाट से: 16524 दिनांक 24.01.2026 से प्रत्येक शनिवार को। ● गठन: एसी 2-टियर - 02, एसी 3-टियर - 06, शयनयान श्रेणी - 08, साधारण द्वितीय श्रेणी (एलडब्ल्यूए

आंगनवाड़ी कर्मियों के प्रदर्शन से कोलकाता नगर निगम के सामने हंगामा

'ठप' हुआ धर्मतला इलाका

कोलकाता : सरकारी कर्मचारी का दर्जा, वेतन वृद्धि और आंगनवाड़ी मद में वित्तीय आवंटन बढ़ाने जैसी मांगों को लेकर मंगलवार को आंगनवाड़ी कर्मियों ने कोलकाता नगर निगम के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। पुलिस द्वारा जुलूस को रोकने की कोशिश करते ही प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की शुरू हो गई। हालात को काबू में रखने के लिए दो-स्तरीय बैरिकेड लगाए गए, जिसके चलते धर्मतला इलाका लगभग ठप हो गया। आंगनवाड़ी कर्मियों के संगठन ने सुबोध मलिक स्क्वायर से रानी रासमणि रोड तक जुलूस निकालने का कार्यक्रम लिया था। सरकारी कर्मचारियों के समान सुविधाएं, वेतन में बढ़ोतरी और आंगनवाड़ी क्षेत्र में अधिक बजट आवंटन की मांग को लेकर वे एक बार फिर सड़कों पर उतरे। लेकिन जुलूस जैसे ही न्यू मार्केट थाना के सामने पहुंचा, पुलिस ने उसे रोक दिया। वहीं पर आंगनवाड़ी कर्मियों ने धरना शुरू कर दिया। प्रदर्शन के चलते एस.एन. बनर्जी रोड पूरी तरह जाम हो गया, जिससे धर्मतला इलाके में लंबा यातायात जाम लग गया। प्रदर्शनकारियों की योजना राजभवन (लोक भवन) में ज्ञापन सौंपने की भी थी, साथ ही विकास भवन जाने का कार्यक्रम भी था। आंगनवाड़ी कर्मियों का कहना है कि वे किसी भी हाल में अपना आंदोलन और कार्यक्रम पूरा करेंगे। पुलिस का कहना है कि जुलूस को कोलकाता नगर निगम के सामने एस.एन. बनर्जी रोड पर ही समाप्त करना होगा। प्रदर्शन और बैरिकेडिंग के कारण सियालदह से धर्मतला की ओर जाने वाले वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद हो गई, जबकि धर्मतला से हावड़ा की ओर यातायात भी गंभीर रूप से प्रभावित हुआ। इस घटना से पूरे इलाके में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है।

'मैं रोहिंग्या नहीं हूं, पीढ़ियों के दस्तावेज लेकर जाऊंगा' : आयोग पर बरसे काजल शेख

बीरभूम : दो सांसदों के बाद अब बीरभूम जिला परिषद के सभाधिपति काजल शेख को भी एसआईआर सुनवाई का नोटिस भेजा गया है। उन्हें आगामी 28 जनवरी को नानूर बीडीओ कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। नोटिस मिलते ही काजल शेख ने भाजपा और चुनाव आयोग पर तीखा हमला बोला।

बीरभूम जिला परिषद के सभाधिपति तथा तृणमूल कांग्रेस की जिला कोर कमेटी के प्रमुख सदस्य फयजुल हक उर्फ काजल शेख ने कहा, मैं भाजपा के खिलाफ बोलता हूं, इसी वजह से मुझे नोटिस दिया गया है। मैं न तो रोहिंग्या हूं और न ही बांग्लादेशी। मैं अपनी चौदह पीढ़ियों के दस्तावेज लेकर सुनवाई में जाऊंगा। जो भी कागज मांगे जाएंगे, सब प्रस्तुत करूंगा। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि वह किसी भी कीमत पर भाजपा के सामने सिर नहीं झुकाएंगे। उनका आरोप है कि ईडी और सीबीआई के जरिए उन्हें फंसाने में विफल रहने के बाद अब एसआईआर सुनवाई के नाम पर परेशान किया जा रहा है।

एसआईआर सुनवाई का नोटिस काजल शेख की 90 वर्षीय मां को भी, तृणमूल नेता का तीखा आक्रोश

एसआईआर सुनवाई को लेकर विवाद और गहरा गया है। काजल शेख को नोटिस मिलने के बाद अब उनकी 90 वर्षीय वृद्ध मां सादेका बीबी को भी सुनवाई के लिए तलब किया गया है। काजल शेख ने इस कदम की कड़ी निंदा करते हुए कहा यह बेहद निंदनीय है। उन्होंने बताया कि उनकी मां की उम्र 90 वर्ष है और उन्हें भी नहीं बख्शा गया। काजल शेख ने कहा कि उनके बड़े भाई सेना में थे और वाम शासन के दौरान उनकी हत्या हो गई थी। वर्ष 2000 से केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही पेंशन उनकी मां के नाम पर आती है और उसके सभी दस्तावेज उनके पास मौजूद हैं। इसके बावजूद वृद्धा को सुनवाई के लिए बुलाया गया है। काजल शेख ने स्पष्ट किया कि वह अपनी मां के साथ एसआईआर सुनवाई में जाएंगे और अन्य लोगों की तरह उनकी मां भी लाइन में खड़ी होकर दस्तावेज प्रस्तुत करेंगी। उनके अनुसार, बेटे की मृत्यु के बाद केंद्र सरकार द्वारा दी गई पेंशन के कागजात ही सुनवाई में प्रमाण के तौर पर सौंपे जाएंगे।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक का ज़ीरो-फॉरेक्स डायमंड रिज़र्व क्रेडिट कार्ड लॉन्च

गुवाहाटी/कोलकाता : आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने अपना नया प्रीमियम कार्ड, ज़ीरो-फॉरेक्स डायमंड रिजर्व क्रेडिट कार्ड लॉन्च कर दिया है। यह एक प्रीमियम ट्रैवल और लाइफस्टाइल कार्ड है, जिसे खास तौर पर उन ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है, जो अक्सर विदेशी यात्रा करते हैं। इस कार्ड में ज़ीरो फॉरेक्स मार्क-अप, ट्रैवल लाउंज की सुविधा, त्वरित ट्रैवल रिवॉर्ड्स और कई लाइफस्टाइल सुविधाएँ मिलती हैं, ताकि देश और विदेश दोनों जगह बिना झंझट खर्च किया जा सके। शिरीष भंडारी, हेड-क्रेडिट कार्ड्स, फास्टैग एंड लॉयल्टी, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, ने कहा, डायमंड रिज़र्व उन ग्राहकों के लिए फायदेमंद विकल्प है, जो अक्सर विदेशी यात्रा करते हैं और एक ऐसा प्रीमियम कार्ड चाहते हैं, जो भारत और विदेश दोनों में आसानी से काम करे।

एसआईआर : दादा की कब्र की मिट्टी लेकर सुनवाई केंद्र पहुंचा व्यक्ति, डीएनए टेस्ट की मांग

मालदह : एसआईआर की सुनवाई के लिए एक व्यक्ति को बार-बार बुलाया जा रहा था। एक के बाद एक दस्तावेज मांगे जा रहे थे। यहां तककि जमीन के कागज भी मांगे जा रहे थे। उसके पास अपने पिता के नाम के सारे पुराने दस्तावेज हैं, लेकिन उसके पास अपने दादा के नाम के दस्तावेज नहीं हैं। इसलिए, अपना संबंध साबित करने के लिए उक्त व्यक्ति अपने दादा की कब्र की मिट्टी लेकर सुनवाई केंद्र में आया। उसने मांग की कि मिट्टी का डीएनए टेस्ट किया जाए ताकि पता चल सके कि वह भारतीय है या नहीं। यह घटना सोमवार को मालदह के हरिश्चंद्रपुर में हुई। सालेक हरिश्चंद्रपुर ब्लॉक 1 के वारी दौलतपुर गांव के निवासी हैं। पता चला है कि उसके परिवार के हर सदस्य को सुनवाई के लिए बुलाया गया है। उनके पास मौजूद सभी दस्तावेज दिखाने के बाद भी चुनाव आयोग के अधिकारियों की शंकाओं का समाधान नहीं हुआ। इसलिए, जमीन के कागजात मांगे गए। इससे तंग आकर सालेक सीधे अपने दादा की कब्र से मिट्टी लेकर सुनवाई केंद्र पहुंच गया। इस बारे में पूछे जाने पर चंचल के ईआरओ (इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर) और सब-डिविजनल ऑफिसर रितिक हाजरा ने बस इतना कहा कि आयोग की गाइडलाइंस के हिसाब से काम हो रहा है। जरूरत के हिसाब से कुछ लोगों को दूसरी सुनवाई में पेश होने के लिए नोटिस भेजे जा रहे हैं। मुझे और कुछ नहीं कहना है।

जीवन की प्रतिकूलता में जपो राम का नाम : संत मुरलीधर महाराज

हावड़ा : दुनिया चमत्कार को नमस्कार करती है।आदमी को अपने पुरुषार्थ पर विश्वास करना चाहिए न कि चमत्कार पर।जीवन में प्रतिकूलता आए तो प्रभु के चरणों में शरणागत होकर उनके नाम को स्मरण करना चाहिए।भगवान शंकर उमा से कहते हैं ,यह संसार कर्म प्रधान है, जैसा व्यक्ति कर्म करता है उसको वैसा फल मिलता है।हम कर्म करें ,यदि उसके अनुरूप फल न मिले तो रामजी की इच्छा समझें,किसी को दोष नहीं देना चाहिए। जिनकी भृकुटि के संकेत से सृष्टि की उत्पत्ति,पालन व संहार होता है,उस भगवान पर विश्वास करो।जो भाग्य लिखा है,उसे सहो।अपने जीवन को परमात्मा को समर्पित कर दो।भक्त का यही लक्षण है।भक्त भगवान से कुछ नहीं मांगता है।यदि मांगता तो सिर्फ भगवान से भगवान को मांगता है।संसार से जीव जुड़ा होता है,इसलिए वह चमत्कार पर भरोसा करता है।कलयुग में वे भाग्यशाली हैं,जो भगवान के भक्त हैं।नरसी मेहता के जीवन में भगवान 52बार आ सकते हैं तो आपके जीवन क्यों नहीं?आवश्यकता है ,आर्त्त भाव से उन्हें स्मरण करो।हम अपने मन को जगत से जोड़ते हैं जबकि भक्त जगदीश से।जिस भक्त -साधक को रामजी से प्रेम होता है तो रामजी भी उससे प्रेम करते हैं।साधक की यही सफलता है,रामजी उससे प्रेम करने लगे। ये बातें रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष में सुन्दरकाण्ड भक्त मण्डल,कोलकाता के तत्वावधान में श्रीराम कथा पर प्रवचन करते हुए परम पूज्य संत मुरलीधर महाराज ने हनुमंतधाम (फोरशोर रोड,शिवपुर)में कही। कार्यक्रम का संचालन भागवत मर्मज्ञ हरीश तिवाड़ी ने किया। श्रीरामकथा को सफल बनाने में कथा के संरक्षक श्याम सुन्दर अग्रवाल,मुख्य यजमान आशाराम झंवर व संदीप गुप्ता ,दैनिक यजमान जय प्रकाश तापड़िया,वृजमोहन गट्टानी , संस्था के अध्यक्ष पवन कुमार ताम्बी,सचिव शिवशंकर लाहोटी,श्रीराम कथा आयोजन समिति के अध्यक्ष श्याम सुन्दर तोषनीवाल,सचिव ललित कुमार सिंघी, राम अवतार बिहानी, महावीर खंडेलवाल,विनोद शर्मा, जगत चोरड़िया, गजानंद दायमा, सांवरमल पारीक,चम्पालाल राठी,उमापति कुशवाहा ,महावीर प्रसाद मावतवाल,कैलाश चंद्र शर्मा सहित अन्य सदस्य सक्रिय है।इस अवसर पर गोविन्द सारडा,शांता सारडा, दुर्गा व्यास,गोविन्दराम अग्रवाल, महावीर प्रसाद बजाज, हर्ष वर्धन सर्राफ , नटवर बंग, सुरेश गाड़ोदिया , सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

पूर्व रेलवे ने आसनसोल-मालदह मंडलों के विकास पर सांसदों के साथ की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

कोलकाता, समाज्ञा : पूर्व रेलवे द्वारा आसनसोल में आसनसोल एवं मालदह मंडलों से जुड़े सांसदों के साथ उच्चस्तरीय मंडल समिति बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउसकर की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक का उद्देश्य दोनों मंडलों में चल रही प्रमुख विकास परियोजनाओं, यात्री सुविधाओं और परिचालन सुधारों की समीक्षा करना था। बैठक में पिछले एक वर्ष के दौरान किए गए आधारभूत ढांचा उन्नयन, स्टेशन पुनर्विकास, लिफ्ट-एस्केलेटर की स्थापना और यात्री-केंद्रित पहलों पर विस्तृत प्रस्तुतियां दी गईं। बैठक की अध्यक्षता कर रहे सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने इन प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर पूर्व रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्ष, आसनसोल और मालदह मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में विभिन्न लोकसभा और राज्यसभा सांसदों व उनके प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सांसदों को अमृत भारत स्टेशन योजना, नई ट्रेन सेवाओं, वंदे भारत स्लीपर ट्रेन, सुरक्षा सुधारों और यात्री सुविधाओं के विस्तार की जानकारी दी गई। सांसदों ने विकास कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए कुछ सुझाव भी दिए, जिन पर विचार का आश्वासन पूर्व रेलवे प्रबंधन ने दिया।

एस के सिंह मेमोरियल चैरिटेबल सोसाइटी का सेवाकार्य

कोलकाता : एस के सिंह मेमोरियल चैरिटेबल सोसाइटी की ओर से कलकत्ता युवक संघ के अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में सा-गरद्वीप में तीर्थयात्रियों की सुविधा हेतु आवास, भोजन, चाय - नाश्ता, कम्बल वितरण, प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था की गई। पण्डित राकेश शर्मा, सुशील मीमानी, रमेश लाखोटिया, दिनेश प्रसाद, रामेश्वर प्रसाद, डॉ. दिनेश सिंह, राजेश सिंह एवम् कार्यकर्ता सक्रिय रहे। डॉ. ए के सिंह ने कहा हमारा उद्देश्य तीर्थयात्रियों को समुचित सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने सभी सहयोगी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

हावड़ा-कामाख्या-हावड़ा वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस को जबरदस्त यात्री समर्थन, बुकिंग लगभग फुल

कोलकाता, समाज्ञा : हावड़ा-कामाख्या-हावड़ा वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस को यात्रियों की ओर से अभूतपूर्व प्रतिक्रिया मिल रही है। इस अत्याधुनिक स्लीपर ट्रेन का उद्घाटन 17 जनवरी 2026 को प्रधानमंत्री द्वारा किया गया था। ट्रेन की नियमित व्यावसायिक सेवा हावड़ा से 23 जनवरी से तथा कामाख्या से 22 जनवरी से शुरू होगी।

ट्रेन संख्या 27575/27576 वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस सप्ताह में छह दिन चलेगी। यह सेवा हावड़ा से गुरुवार को तथा कामाख्या से बुधवार को छोड़कर सभी दिनों में संचालित होगी। हावड़ा-कामाख्या दिशा में ट्रेन संख्या 27575 की बुकिंग 20 जनवरी 2026 से शुरू होते ही कुछ ही घंटों में 26 जनवरी तक की लगभग सभी बर्थ भर गईं, जिससे इस ट्रेन की भारी मांग और उच्च पर्यटन क्षमता स्पष्ट होती है ।

इस ट्रेन में कुल 823 बर्थ उपलब्ध हैं, जिनमें 24 बर्थ प्रथम वातानुकूलित श्रेणी (1एसी), 188 बर्थ द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी (2एसी) और 611 बर्थ तृतीय वातानुकूलित श्रेणी (3एसी) की हैं। 23 और 24 जनवरी 2026 के लिए ऑक्यूपेंसी लगभग 100 प्रतिशत दर्ज की गई है।

आगामी सप्ताहांत और राष्ट्रीय अवकाशों को देखते हुए दक्षिण बंगाल से उत्तर बंगाल और असम की यात्रा करने वाले यात्रियों, विशेषकर बंगाली पर्यटकों में इस ट्रेन को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। बेहतर कुशनिंग, आरामदायक बर्थ और आधुनिक सुविधाओं से लैस वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस यात्रियों को अब तक का सबसे आरामदायक रेल यात्रा अनुभव प्रदान कर रही है, जिससे यह सभी परिवहन साधनों में यात्रियों की पहली पसंद बनती जा रही है।

एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने वित्तीय परिणामों की घोषणा की

कोलकाता : एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के निदेशक मंडल ने बैठक में 31 दिसंबर 2025 को समाप्त तिमाही और नौ माह के वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी। जीएसटी दर कटौती और मजबूत त्योहारी मांग ने तिमाही के दौरान आर्थिक गतिविधि को गति दी, जिससे क्रेडिट मांग में सार्थक बढ़ोतरी हुई। उच्च ऑटो बिक्री, बेहतर उपभोक्ता खर्च और एमएसएमई तथा वाणिज्यिक गतिविधि में सुधार ने बैंकिंग क्षेत्र की 14.4% साल दर साल क्रेडिट वृद्धि को समर्थन दिया। हालांकि जमा वृद्धि 12.7% साल दर साल पर सीमित रही - कड़े तरलता हालात और बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के संस्थापक, एमडी और सीईओ संजय अग्रवाल ने कहा किजीएसटी दरों के तर्कसंगतीकरण और त्योहारी मांग के समर्थन से इस तिमाही में बैंकिंग क्षेत्र का प्रदर्शन मजबूत रहा, भले ही जमा परिवेश अत्यधिक प्रतिस्पर्धी बना रहा।

निवेश में भरोसे और सही सलाह को मिला नया सहारा

कोलकाता : डिजिटल-असिस्टेड वेल्थ मैनेजमेंट कंपनी एसेटप्लस को नेक्सस वेंचर पार्टनर्स के नेतृत्व में 175 करोड़ रुपए की फंडिंग मिली है। इस निवेश में एट रोड्स वेंचर्स, रेनमैटर फंड (नितिन कामथ) और भूपिंदर सिंह का भी समर्थन शामिल है। विश्रांत सुरेश, को-फाउंडर और सीईओ ने कहा कि यह निवेश उन्हें ऐसे इंफ्रास्ट्रक्चर को तेज़ी से आगे बढ़ाने में मदद करेगा, जहाँ टेक्नोलॉजी और इंसानी समझ साथ मिलकर काम करें। वहीं, को-फाउंडर और सीटीओ अवनीश राज के मुताबिक, मजबूत सिस्टम डिस्ट्रीब्यूटर्स को ज्यादा समय ग्राहकों के साथ बिताने का मौका देते हैं। नेक्सस वेंचर पार्टनर्स के पार्टनर आनंद दत्ता ने कहा,एसेटप्लस असिस्टेड वेल्थ मैनेजमेंट के लिए लंबे समय का इंफ्रास्ट्रक्चर बना रही है, जो भारत के वित्तीय भविष्य के लिए बेहद जरूरी है। एट रोड्स वेंचर्स की सीनियर पार्टनर श्वेता भाटिया ने कहा, एसेटप्लस ने एक मजबूत और एकीकृत प्लेटफॉर्म तैयार किया है, जिस पर म्यूच्यूअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर्स का गहरा भरोसा बना है। रेनमैटर बाय जिरोधा के को-फाउंडर नितिन कामथ ने कहा, जैसे-जैसे भारत में नए निवेशकों की संख्या बढ़ रही है, वैसे-वैसे यह भी ज़रूरी है कि उन्हें निवेश से जुड़े सही फैसले लेने में मदद मिले।

फ्रैंकलिन टेम्पलटन (इंडिया) ने चेंज द सोच - कन्याकुमारी से कश्मीर ड्राइव की शुरुआत की

कोलकाता : फ्रैंकलिन टेम्पलटन (इंडिया) ने चेंज द सोच - कन्याकुमारी से कश्मीर ड्राइव की शुरुआत की। यह अपनी तरह का पहला देशव्यापी अभियान है, जिसका उद्देश्य खास तौर पर महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। इस पहल की शुरुआत पर फ्रैंकलिन टेम्पलटन-इंडिया के प्रेसिडेंट अविनाश सत्वालेकर ने कहा कि, महिलाओं में वित्तीय समझ भारत की लंबे समय की सामाजिक और आर्थिक प्रगति के लिए बहुत जरूरी है। शहरी इलाकों में कुछ अच्छी प्रगति हुई है, लेकिन भारत के टियर-2 और टियर-3 क्षेत्रों में आज भी लाखों महिलाएं ऐसी हैं, जिन्हें वित्तीय जानकारी और जरूरी साधनों तक पूरी पहुंच नहीं मिल पाई है।

सीडा के वार्षिक पिकनिक और क्रिकेट टूर्नामेंट में दिखा एकता और उत्साह का रंग

कोलकाता, समाज्ञा : कलकत्ता इलेक्ट्रिक डीलर्स एसोसिएशन (सीडा) की ओर से हावड़ा के धूलागढ़ स्थित एशियन इंटरनेशनल स्कूल लॉजिस्टिक सेंटर में वार्षिक पिकनिक का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसका सदस्यों और उनके परिजनों ने भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर 500 से अधिक सदस्य अपने परिवारों सहित शामिल हुए। आयोजन स्थल पर सभी के लिए अल्पाहार और स्वादिष्ट व्यंजनों की समुचित व्यवस्था की गई थी। इस मौके पर मुख्य अतिथि सुभाष अग्रवाल (सीएआइटी-नेशनल एक्जेक्युटिव चेयरमैन) के साथ सिद्धी जैन (सीएआइटी, को-ऑड्रिनेटर, पूर्वी भारत) की मौजूदगी में संगठन के अध्यक्ष अभिषेक वर्मा, उपाध्यक्ष सुनिल कुमार सिंघी, सचिव गगनदीप मुधड़ा, संयुक्त सचिव अशोक कुमार बांका, सोशल एवं कल्चरल सब कमेटी के संयोजक आदित्य विक्रम मोहनका के साथ संगठन के संरक्षक ओम प्रकाश झाझरिया, सीटा के संयुक्त सचिव अविनाश वर्मा, धर्मेंद्र डागा भी मौजूद थे। इसके अलावा, विगत दिनों में संस्था की ओर से एनकेडिए स्टेडियम में क्रिकेट मैच का भी आयोजन किया था। उपोरोक्त कार्यक्रमों में पूर्व अध्यक्ष, एसपी साव, सतीश कुमार सिंह, कमल कुमार सुराना, पूर्व सचिव अनिल कुमार सिंह के साथ एग्जीक्यूटिव कमेटी की ओर से आशीष अग्रवाल, विकास राठी, संजय सिंघी, हरि प्रापन थारद, पीयूष खन्ना, अरुण कोठारी भी मौजूद थे। मौके पर सीडा के मीडिया सेल के संयोजक संजय कुमार सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्षों, पूर्व सचिवों के साथ संस्था के सभी सम्मानीय सदस्यों की उपस्थिति सराहनीय रही। इस मौके पर संस्था की ओर से घोषणा की गई कि आगामी फरवरी महीने में 19 से 21 फरवरी को तीन दिवसीय ट्रेड फेयर का भी आयोजन होने जा रहा है।

अमेजन ग्रेट रिपब्लिक डे सेल 2026: रोजमर्रा की जरूरतों पर 80% तक की छूट

कोलकाता, समाज्ञा : ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने अपनी ग्रेट रिपब्लिक डे सेल 2026 की घोषणा की है, जिसके तहत अमेजन बाजार पर रोजमर्रा की जरूरतों के अल्ट्रा-अफॉर्डेबल उत्पादों पर 80 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। इस सेल में उत्पादों की कीमतें 99 रुपये से शुरू हो रही हैं, वहीं ग्राहकों को 500 रुपये तक का कैशबैक पाने का अवसर भी मिलेगा। अमेजन बाजार से पहली बार खरीदारी करने वाले ग्राहकों को 99 रुपये से शुरू होने वाले आइटम्स पर 50 रुपये तक का अतिरिक्त कैशबैक दिया जाएगा। यह ऑफर खास तौर पर बजट में खरीदारी करने वाले ग्राहकों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। सेल के दौरान फैशन, इलेक्ट्रॉनिक एक्सेसरीज, किचन टूल्स और होम यूटिलिटी जैसे कई कैटेगरी में किफायती और ट्रेंडी उत्पाद उपलब्ध होंगे।

मेकमायट्रिप ने स्टे और बस बुकिंग में महिलाओं के लिए पेश किए सुरक्षा और भरोसे से जुड़े संकेत

कोलकाता, समाज्ञा : भारत की प्रमुख ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी मेकमायट्रिप ने महिला यात्रियों की सुरक्षा और भरोसे को ध्यान में रखते हुए स्टे और इंटरसिटी बस बुकिंग में नए संकेत (इंडिकेटर्स) पेश किए हैं। कंपनी एआई, यूजर फीडबैक और पार्टनर डेटा के जरिये महिलाओं को यात्रा योजना के दौरान अधिक जानकारीपूर्ण और सुरक्षित निर्णय लेने में मदद कर रही है। कंपनी के अनुसार, महिला यात्री बुकिंग से पहले रिव्यू, लोकेशन, स्ट्रीट व्यू और तस्वीरों की गहन जांच करती हैं। डेटा से यह भी सामने आया है कि महिलाएं पुरुषों की तुलना में 15 दिन पहले 50 प्रतिशत अधिक स्टे बुक करती हैं और प्रीमियम व ब्रांडेड प्रॉपर्टीज को 16 प्रतिशत अधिक प्राथमिकता देती हैं। नई पहल के तहत स्टे बुकिंग में सुरक्षा सुविधाओं को प्रमुखता से दिखाया जा रहा है, जबकि बस यात्राओं में महिला यात्रियों के रिव्यू अलग से हाइलाइट किए जाते हैं।

जुपिटर इंटरनेशनल को एमएसईडीसीएल से मिला 64 करोड़ रुपयों का प्रोजेक्ट

कोलकाता : सोलर सेल बनाने वाली और सोलर ऊर्जा समाधान प्रदान करने वाली, भारत की प्रमुख कंपनी जुपिटर इंटरनेशनल लिमिटेड को महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड से 64.95 करोड़ का 'लेटर ऑफ एम्पैनलमेंट' मिला है। राज्य सरकार की 'मागेल त्याला सौर कृषी पंप योजना' के तहत, जुपिटर इंटरनेशनल ऑफ-ग्रिड सोलर फोटोवोल्टिक वाटर पंपिंग सिस्टम को बनाने, उनकी आपूर्ति, इंस्टालेशन, परीक्षण और रखरखाव का कार्य करेगी। जुपिटर इंटरनेशनल लिमिटेड के प्रमोटर और होल-टाइम डायरेक्टर आकाश गरोडिया ने कहा, एमएसईडीसीएल से मिला यह 'लेटर ऑफ एम्पैनलमेंट' हमारी यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। हमारा लक्ष्य जमीनी स्तर पर टिकाऊ और प्रभावी समाधान पहुँचाना है।

काली चरण घोष रोड में जल जमाव की समस्या के समाधान हेतु कार्य आरम्भ

कोलकाता, समाज्ञा : काली चरण घोष रोड और बिनायक एन्क्लेव के सामने जल जमाव की समस्या के समाधान के लिए ड्रेनेज सिस्टम की मरम्मत और नवीनीकरण का कार्य शुरू हो चुका है। बराहनगर म्युनिसिपल्टी के उपाध्यक्ष दिलीप नारायण बसु (सुनु) के प्रयास से कुछ ही दिन पहले इस समस्या को लेकर काली चरण घोष रोड का निरीक्षण हुआ था और यह खबर समाज्ञा के 28 दिसंबर 2025 अंक में प्रकाशित भी हुई थी। इस सम्बन्ध में हमारे संवाददाता से हुई बातचीत में उपाध्यक्ष दिलीप नारायण बसु ने बताया कि निरीक्षण के 15-20 दिन के अंदर मरम्मत और नवीनीकरण का काम शुरू हो गया यह बहुत ही ख़ुशी की बात है। म्युनिसिपल्टी की चेयरपर्सन अपर्णा मौलिक के पहल से ही कार्य इतना जल्द आरम्भ हो सका है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि बिनायक एन्क्लेव के मुख्य द्वार के ठीक सामने का इलाका और सिंथी मोड़ से लेकर 30- बस स्टैंड तक काली चरण घोष रोड पर जगह-जगह जल जमाव की समस्या काफी दिनों से चलती आ रही है, जिसका निवारण मरम्मत का कार्य पूरा होने पर संभावित है। सवालों के क्रम में आगे उन्होंने बताया कि इस कार्य को पूरा करने में निर्धारित समय से थोड़ा अधिक समय लगेगा क्योंकि इस रोड पर बड़ी गाड़ियां और बसें आदि चलती हैं, वाहनों की आवाजाही अत्यधिक है। लोगों को अधिक परेशानी न हो इसलिए अधिकांश कार्य देर रात में करवाए जा रहे हैं। समय अवधि के सवाल पर उन्होंने कहा कि काम पूरा होने में एक महीने का समय लग सकता है। लेकिन इस समस्या का समाधान जरुरी है क्योंकि बिनायक एन्क्लेव और इस क्षेत्र के लोग अनेक परेशानियों का सामना करते हैं। इस गंभीर समस्या के सर्वकालिक समाधान के लिए बोरो चेयरमैन तरुण साहा एवं स्थानीय कॉउन्सिलर काकली सेन की भी अहम भूमिका है। सभी ने मिलकर समस्या के समाधान पर लोगों के साथ बात एवं विचार विमर्श किया। उपाध्यक्ष दिलीप नारायण बसु के इस पहल से लोगों में एक आशा बंधी है कि जल जमाव की समस्या का समाधान हो जाएगा।

अमावस की रात सा अंधकार मिटाती है भागवत कथा : पं. मालीराम जी शास्त्री

❑ **बांधाघाट में निकली भागवत महापुराण की भव्य विराट शोभायात्रा**

हावड़ा : भागवत कथा भव पार होने की वैतरणी है और यदि इसका लाभ पतित-पावन मां गंगा के किनारे, वह भी माघ मास के साथ-साथ गुप्त नवरात्रि में, बंगेश्वर महादेव जैसे प्रसिद्ध शिवधाम में सुलभ हो जाए, तो इससे परम कल्याणकारी और कुछ नहीं हो सकता। ये उद्गार सलकिया बांधाघाट स्थित बंगेश्वर महादेव नया मंदिर में भागवत जन-कल्याण ट्रस्ट की ओर से श्री दिलीप-सरोज चौधरी (अनमोल ग्रुप) के मुख्य यजमानत्व एवं श्री महेश कुमार शर्मा (नेचुरल ग्रुप) के संरक्षण में आयोजित सप्तदिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के शुभारंभ अवसर पर परम श्रद्धेय भागवत मर्मज्ञ पंडित श्री मालीराम जी शास्त्री ने व्यक्त किए।

उन्होंने कथा प्रसंग के अनुसार भागवत महात्म्य का वर्णन करते हुए कहा कि भागवत ही भगवान है और जो पूर्ण श्रद्धा व आस्था के साथ इसका श्रवण और मनन करता है, उसके जीवन से अमावस की काली रात सा अंधकार मिटकर पूर्णिमा की चांदनी रात सा प्रकाश और शीतलता व्याप्त हो जाती है। पंडित शास्त्री ने कहा कि भागवत भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की त्रिवेणी है, जो जीव के भव से तरने का सर्वोत्तम मार्ग है। कथा प्रारंभ से पूर्व मुख्य यजमान, कथा संरक्षक सहित विशिष्ट समाजसेवी श्री सत्यनारायण खेतान एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने व्यासपीठ को नमन किया।

इस सप्तदिवसीय आयोजन का शुभारंभ आज प्रातः बांधाघाट स्थित 144 वर्ष प्राचीन श्री सत्यनारायण मंदिर से निकाली गई भव्य विराट मंगल कलश भागवत शोभायात्रा के साथ हुआ। इसमें मुख्य यजमान श्री दिलीप-सरोज चौधरी भागवत महा-पुराण की पुस्तक सिर पर धारण किए हुए, मंगल कलशधारी सैकड़ों महिलाओं तथा 111 भागवत पारायण विप्रजनों के साथ हरि संकीर्तन करते हुए शामिल हुए। इस आयोजन की सफलता में सुभाष अग्रवाल, सजन तायल, प्रदीप केडिया, राजेश शर्मा, संदीप अग्रवाल, रोहित अग्रवाल सहित अन्य कार्यकर्ता सक्रिय रहे। कार्यक्रम का संचालन सुरेश कुमार भुवालका ने किया। उन्होंने बताया कि 26 जनवरी तक चलने वाले इस आयोजन में पंडित शास्त्री प्रतिदिन दोपहर 2:30 बजे से कथा प्रवचन करेंगे।

मूल्य वृद्धि के कारण प्रेमचंद जूट मिल अस्थायी रूप से बंद, चार हजार मजदूर बेरोजगार

हावड़ा, समाज्ञा : कच्चे जूट की भारी किल्लत, कच्चे माल की बढ़ती कीमत और उत्पादन लागत में लगातार वृद्धि जैसे कई कारणों का हवाला देते हुए हावड़ा जिले के बाउड़िया स्थित प्रेमचंद जूट मिल (हावड़ा जूट मिल) प्रबंधन ने मिल को अस्थायी रूप से बंद करने का निर्णय लिया है। मंगलवार की सुबह 6 बजे की शिफ्ट से मिल का संचालन बंद कर दिया गया। इस संबंध में मिल गेट पर नोटिस भी टांग दिया गया है। मिल के बंद होने से करीब चार हजार मजदूर अचानक

बेरोजगार हो गए हैं। मजदूर संगठनों के अनुसार, मिल प्रबंधन ने बताया है कि 23 फरवरी के बाद फैक्ट्री को दोबारा खोलने को लेकर फैसला लिया जाएगा। हालांकि, मजदूरों को इस आश्वासन पर भरोसा नहीं है। उनका कहना है कि मिल को व्यावहारिक रूप से स्थायी रूप से बंद करने की साजिश की जा रही है। मजदूरों का दावा है कि मिल की स्थिति अच्छी थी और उत्पादन भी सुचारु रूप से चल रहा था। इसके विपरीत, मिल प्रबंधन का कहना है कि संस्थान लंबे समय से गंभीर समस्याओं से जूझ रहा था। प्रबंधन के अनुसार, नकद भुगतान पर अच्छी गुणवत्ता वाला कच्चा जूट आसानी से उपलब्ध नहीं हो पा रहा था और बाजार में कच्चे जूट की कीमतें आसमान छू रही थीं, जिससे मिल को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा था। इसके अलावा, मिल में पारंपरिक करघा (कन्वेंशनल लूम) विभाग होने के कारण उत्पादन कम और लागत अधिक हो रही थी। इन्हीं कारणों से 23 फरवरी तक मिल को अस्थायी रूप से बंद रखने का फैसला लिया गया है। समस्याओं के समाधान के बाद मिल को दोबारा शुरू करने की बात कही गई है। मिल बंद रहने की अवधि में मजदूरों को वेतन नहीं मिलेगा। हालांकि, प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि फिनिशिंग विभाग, बेल गोदाम, कच्चे जूट के भंडारण और कच्चे जूट से लदे वाहनों की अनलोडिंग से जुड़े विभागों में आवश्यकता के अनुसार काम जारी रहेगा। उधर, मजदूर संगठनों ने मिल प्रबंधन के तर्कों को सिरे से खारिज कर दिया है। उनका आरोप है कि जिन कारणों का हवाला देकर मिल बंद की गई है, वे पूरी तरह उचित नहीं हैं। मजदूर नेताओं का दावा है कि प्रबंधन ने सुनियोजित तरीके से मिल को पूरी तरह बंद करने की साजिश रची है, जिसका पुरजोर विरोध किया जाएगा।

भांगड़ में फिर भड़की हिंसा, तृणमूल कार्यकर्ता पर बम से हमला

कोलकाता, समाज्ञा : दक्षिण 24 परगना जिले के भांगड़ इलाके में एक बार फिर हालात तनावपूर्ण हो गए हैं। तृणमूल कांग्रेस के एक कार्यकर्ता को निशाना बनाकर बम फेंके जाने की घटना सामने आई है। हालांकि, तृणमूल कार्यकर्ता कमाल पुरकैत इस हमले में बाल-बाल बच गए, लेकिन बम के विस्फोट से उनका बायां हाथ आंशिक रूप से झुलस गया। घटना को लेकर क्षेत्र में भारी तनाव फैल गया है। तृणमूल कांग्रेस ने इस हमले के लिए आईएसएफ को जिम्मेदार ठहराया है। यह घटना सोमवार की रात भांगड़ के पागलाहाट इलाके में हुई। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, कमाल पुरकैत काम खत्म कर घर लौट रहे थे, तभी बदमाशों ने उन्हें देख कर उन पर एक के बाद एक दो बम फेंक दिए। हालांकि, वे जान बचाने में सफल रहे, लेकिन बम की चपेट में

आने से उनका बायां हाथ झुलस गया। घटना के तुरंत बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने घायल तृणमूल कार्यकर्ता को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया।

खबर मिलते ही भांगड़ डिवीजन के उत्तर काशीपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और हमलावरों की तलाश में छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। फिलहाल, पुलिस दोनों पक्षों के आरोपों की जांच कर रही है। घटना के बाद इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और किसी भी तरह की अप्रिय घटना से निपटने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

सुप्रीम कोर्ट के आत्मसमर्पण के आदेश के बाद सरकार ने प्रशांत बर्मन को बीडीओ पद से हटाया

जलपाईगुड़ी/कोलकाता : सुप्रीम कोर्ट ने राजगंज ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर (बीडीओ) प्रशांत बर्मन को सॉल्टलेक के दत्ताबाद में सोने के व्यापारी स्वपन कामिल्या के अपहरण और हत्या के मामले में आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के 24 घंटे के अंदर प्रशांत बर्मन को जलपाईगुड़ी जिले में राजगंज के बीडीओ पद से हटा दिया गया। इसी समय, सरकार ने मंगलवार को सौरव कांति मंडल को नया राजगंज बीडीओ नियुक्त किया। वह राजगंज के जॉइंट बीडीओ के रूप में काम कर चुके हैं। प्रशांत बर्मन के स्थान पर अब सौरभ कांति मंडल प्रशासनिक और वित्तीय दोनों प्रभार संभालेंगे। मंगलवार को स्थानीय तृणमूल कांग्रेस विधायक खगेश्वर रॉय ने नव नियुक्त बीडीओ का सम्मान किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि अब राजगंज ब्लॉक में काम में तेजी आएगी।

'अनुमोदन' पोर्टल को मिला पुरस्कार, मुख्यमंत्री ने जताई खुशी

कोलकाता, समाज्ञा : डिजिटल गवर्नेंस के क्षेत्र में राज्य सरकार को एक बड़ी उपलब्धि मिली है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जानकारी दी है कि राज्य सरकार का सिंगल विंडो ड्राइवर ऑथराइजेशन जेनरेशन पोर्टल 'अनुमोदन' को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हुआ है। ममता ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि यह पोर्टल गवर्नेंस नाउ के छठे डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन समिट एंड अवॉर्ड्स में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट (डीपीआई) में उत्कृष्ट श्रेणी में सम्मानित किया गया है। मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि यह पुरस्कार राज्य सरकार की पारदर्शी, तेज और निवेशक-अनुकूल प्रशासनिक व्यवस्था का प्रमाण है।

भाजपा में विभिन्न मोर्चों के प्रभारियों के नाम किए घोषित, दो सांसदों को मिली अहम जिम्मेदारी

कोलकाता, समाज्ञा : प्रदेश भाजपा ने मंगलवार को अपनी राज्य इकाई के नए पैनल प्रमुखों की घोषणा कर दी है। पार्टी के राज्य अध्यक्ष व राज्यसभा सदस्य समिक भट्टाचार्य के अनुसार, बांकुड़ा जिले की बिष्णुपुर सीट से दो बार लोकसभा सदस्य रहे सौमित्र खां को भाजपा के युवा मोर्चा का राज्य प्रभारी बनाया गया है। वहीं, पुरुलिया जिले से दो बार सांसद रहे ज्योतिर्मय सिंह महतो को पार्टी के एससी मोर्चा का प्रभारी नियुक्त किया गया है। हुगली से पूर्व लोकसभा सदस्य लॉकेट चटर्जी को महिला मोर्चा की जिम्मेदारी दी गई है। बापी गोस्वामी को किसान मोर्चा, अजित दास को ओबीसी मोर्चा, खुदीराम टुडू को एसटी मोर्चा और अमिताभ रॉय को अल्पसंख्यक मोर्चा का प्रभारी बनाया गया है। इस घोषणा के साथ ही राज्य में पार्टी नेतृत्व और उसके विभिन्न मोर्चों का लंबा चल रहा पुनर्गठन पूरा हो गया है। भाजपा के विधानमंडल दल के मुख्य सचेतक शंकर घोष को सचिव के रूप में नियुक्त किया गया है।

एसआईआर के खिलाफ कांग्रेस ने चुनाव आयोग के कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन

❑ **प्रदर्शकारियों के साथ पुलिस की झड़प, 125 से अधिक गिरफ्तार**

कोलकाता, समाज्ञा : चुनाव आयोग के खिलाफ एसआईआर के नाम पर लोगों को परेशान करने का कांग्रेस ने आरोप लगाया है। प्रदेश कांग्रेस का आरोप है कि वोटर लिस्ट में बदलाव की प्रक्रिया में एसआईआर सुनवाई के नाम पर आम लोगों को परेशान किया जा रहा है। आतंक के कारण कई लोगों की मौतें हुईं है और आये दिन यह आंकड़ा बढ़ते ही जा रहा है। इन्हीं मुद्दों को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने चुनाव आयुक्त के कार्यालय के घेराव कार्यक्रम की घोषणा की थी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शुभंकर सरकार व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संतोष पाठक के नेतृत्व में इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता जुलूस लेकर चुनाव आयुक्त कार्यालय के समक्ष इकट्ठा हुए। जुलूस में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अमिताभ चक्रवर्ती, पश्चिम बंगाल सचिव विकास यादव, पश्चिम बंगाल सचिव दीपक सिंह, बड़ाबाजार जिला कांग्रेस के अध्यक्ष भोला यादव, पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के महासचिव इंतेखाब अख्तर साहित हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता चुनाव

आयोग कार्यालय में धरना कार्यक्रम शामिल हुए। पुलिस द्वारा कार्यकर्ताओं को रोकने पर वहां हंगामा शुरू हो गया। कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस की धक्का-मुक्की भी हुई। इसके साथ पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए लगभग 125 से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लालाबाजार ले आयी। शुभंकर सरकार और संतोष पाठक ने कहा कि चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है। लोगों हित में कांग्रेस हमेशा सड़कों पर उतर कर उनकी बात कहेगी। जनआंदोलन लगातार जारी रहेगा।

गंगासागर मेला परिसर में अस्थायी छांवनी में लगी आग

कोलकाता, समाज्ञा

मेला खत्म होने के बाद भी गंगासागर में घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। मंगलवार की दोपहर गंगासागर के तीसरे स्नान क्षेत्र में एक अस्थायी छांवनी में आग लग गई। आग बुझाने और हालात पर काबू पाने के लिए दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। सूत्रों के मुताबिक, दोपहर में मेले के अस्थायी छांवनी में अचानक आग लग गई। कुछ ही पलों में आग की लपटें आसपास के इलाके में फैल गईं। जिससे कई अस्थायी छांवनी और खाने-पीने की दुकानें जलकर राख हो गईं। हालांकि, राहत की बात यह रही कि किसी की जान नहीं गई। पहले तो स्थानीय लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की। इसके बाद, फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि आग कैसे लगी। शुरुआती जांच के मुताबिक, फायर डिपार्टमेंट को शक है कि आग शॉर्ट सर्किट या कुकिंग गैस सिलेंडर की वजह से लगी होगी। इसके अलावा, दूसरे पहलुओं की भी जांच की जा रही है। इस घटना से इलाके में काफी तनाव पैदा हो गया।

पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और हालात पर काबू पाया। आग से इलाके के छोटे व्यापारियों को बहुत नुकसान हुआ है। प्रभावित व्यापारियों ने पहले ही प्रशासन से मुआवज़े की मांग की है।

नमाज पढ़ने के बाद लापता माध्यमिक छात्र का गला कटा शव खेत में मिला, फैली सनसनी

मुर्शिदाबाद : जिले के सागरपाड़ा इलाके में सोमवार की शाम मस्जिद में नमाज पढ़ने के बाद लापता हुए एक माध्यमिक परीक्षार्थी का गला कटा शव मंगलवार की दोपहर एक खेत से बरामद किया गया। मृतक की पहचान साहिन मंडल (16) के रूप में हुई है। वह सागरपाड़ा थाना अंतर्गत पांजरापाड़ा गांव का निवासी था। घटना की खबर सामने आते ही इलाके में भारी तनाव और आक्रोश फैल गया। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, साहिन मंडल सीतानगर हाई स्कूल में कक्षा दस का छात्र था और उसकी माध्यमिक परीक्षा कुछ ही दिनों में शुरू होने वाली थी। सोमवार की शाम से ही वह लापता था। परिजनों ने रात भर रिश्तेदारों और परिचितों के यहां खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। मंगलवार की दोपहर करीब 12 बजे गांव के पास एक खेत में प्याज और सरसों की फसल के बीच उसका शव पड़ा हुआ देखा गया। शव का गला कटा हुआ था। परिजनों ने पुलिस की भूमिका पर गंभीर सवाल उठाए हैं। शव बरामद होने के बाद जब पुलिस मौके पर पहुंची तो परिजन और गांव के लोग भड़क उठे। आरोप है कि करीब तीन घंटे तक पुलिस शव को उठाने में असमर्थ रही, क्योंकि लोग प्रदर्शन करते रहे। मृतक की मां पुलिस वाहन के सामने लेटकर विरोध जताती नजर आईं। गुस्साए ग्रामीणों की मांग है कि पुलिस बताए कि सोमवार की रात गुमशुदगी की रिपोर्ट क्यों दर्ज नहीं की गई और हत्या में शामिल आरोपितों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए। फिलहाल, पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

सुनील महाला ने सियालदह मंडल के सीनियर डीसीएम के रूप में कार्यभार संभाला

❑ **भारतीय रेलवे के विभिन्न मंडलों में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य का है अनुभव**

❑ **रेलवे यातायात सेवा के 2009 बैच के अनुभवी अधिकारी हैं महाला**

कोलकाता : भारतीय रेलवे यातायात सेवा (आइआरटीएस) के 2009 बैच के अधिकारी सुनील कुमार महाला ने पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक (सीनियर डीसीएम) के रूप में सोमवार को कार्यभार संभाला। उन्होंने जसराम मीणा का स्थान लिया है, जिनका पदोन्नति के साथ पूर्व रेलवे मुख्यालय, कोलकाता में स्थानांतरण हुआ है। सियालदह मंडल द्वारा मंगलवार को एक बयान में बताया गया कि महाला के पास रेल परिचालन एवं वाणिज्यिक प्रबंधन

का व्यापक अनुभव है। उन्होंने भारतीय रेल के विभिन्न मंडलों में अनेक महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करते हुए अपनी कार्यकुशलता का परिचय दिया है। सियालदह मंडल में अपनी वर्तमान नियुक्ति से पूर्व उन्होंने डेढ़ वर्ष तक अजमेर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उससे पहले चार वर्ष तक बीकानेर मंडल के वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक (सीनियर डीओएम) के रूप में सेवा दी। इसके अलावा उन्होंने अतिरिक्त रजिस्ट्रार, रेलवे क्लेम्स ट्रिब्यूनल, जयपुर में दो वर्ष, प्रेजेंटिंग आफिसर, उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (जी), पूर्व रेलवे के रूप में कार्य किया। अपने कार्यकाल के दौरान महाला ने दक्षता, यात्री सेवा की गुणवत्ता तथा सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने विभिन्न मंडलों में वाणिज्यिक प्रदर्शन को सुदृढ़ करने एवं यात्रियों के समग्र अनुभव को बेहतर बनाने हेतु कई महत्वपूर्ण पहलों के सफल क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभाई है। बयान में कहा गया कि उनका व्यापक अनुभव, नेतृत्व क्षमता एवं यात्री-केंद्रित दृष्टिकोण सियालदह मंडल के समग्र विकास में अत्यंत सहायक सिद्ध होगा, ऐसी अपेक्षा की जा रही है।

एसआईआर : नोटिस के तनाव से मुर्शिदाबाद में व्यक्ति की मौत, परिवार का आरोप

मुर्शिदाबाद, समाज्ञा

जिले के जलंगी इलाके में मंगलवार की सुबह एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक के परिवार का आरोप है कि मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया से संबंधित नोटिस के कारण हुए अत्यधिक मानसिक तनाव से उसकी मृत्यु हुई। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान नवदापाड़ा गांव के निवासी अक्षत अली मंडल (52) के रूप में हुई है। परिवार का कहना है कि नोटिस में उनके बच्चों की संख्या छह से अधिक होने की गलत जानकारी दी गई थी, जिससे वह घबरा गए थे। परिजनों ने बताया कि मंडल अकेले रहते थे, जबकि उनके पांच बेटे राज्य के बाहर और विदेश में काम करते हैं। मंडल की पत्नी शरीफा बीबी ने बताया कि उनकी मृत्यु से तीन दिन पहले नोटिस आया था और तब से उनके पति लगातार दहशत में थे। पारिवारिक सूत्रों ने यह भी बताया कि मंडल के चार बेटे केरल में काम करते हैं और एक सऊदी अरब में रहता है। जहां केरल में रहने वाले बेटों ने 27 जनवरी को होने वाली सुनवाई के लिए वापसी की टिकट ले ली थी, वहीं विदेश में रहने वाला बेटा इस सुनवाई में शामिल होने में असमर्थ था।स्थानीय पंचायत प्रधान महाबुल इस्लाम ने आरोप लगाया कि नोटिस में मंडल के बेटों की संख्या को लेकर दी गई गलत जानकारी ने उसकी चिंता और बढ़ा दी थी। इस घटना के कारण स्थानीय स्तर पर भारी आक्रोश और अशांति व्याप्त है।

बेलडांगा हिंसा मामले में सीसीटीवी फुटेज जांचने के बाद पांच और आरोपी गिरफ्तार

मुर्शिदाबाद : जिले के बेलडांगा इलाके में पिछले सप्ताह भड़के हिंसक प्रदर्शनों के मामले में पुलिस ने मंगलवार को पांच और लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो और इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच के बाद इन आरोपियों की पहचान की गई। इसके साथ ही इस मामले में अब तक गिरफ्तार आरोपियों की कुल संख्या बढ़कर 36 हो गई है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम नूर आलम, रबीउल इस्लाम, नूर आलम मोल्ला, लादिम शेख और तुफैल शेख के रूप में की गई है। मुर्शिदाबाद के पुलिस अधीक्षक सनी राज ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और सोशल मीडिया वीडियो के विश्लेषण के बाद इन लोगों की संलिप्तता सामने आई, जिसके बाद इन्हें हिरासत में लिया गया।

श्रीजन रियल्टी बंगाल के कमर्शियल, लॉजिस्टिक्स और ऑफिस लैंडस्केप को बदल रहा है

कोलकाता : पूर्वी भारत के प्रमुख रियल एस्टेट डेवलपर्स में से एक, श्रीजन रियल्टी, अपने कमर्शियल डिवीजन और वेयरहाउ-सिंग वर्टिकल्स के रणनीतिक विस्तार के माध्यम से बंगाल के बिजनेस इंफ्रास्ट्रक्चर में एक नया बेंचमार्क स्थापित कर रहा है। यह कदम श्रीजन के एक भरोसेमंद डेवलपर से एक दूरदर्शी संस्थान के रूप में विकास को दर्शाता है जो आधुनिक व्यवसायों की गतिशील जरूरतों का अनुमान लगाता है और उन्हें पूरा करता है। सृजन रियल्टी के डायरेक्टर करण अग्रवाल ने कहा, सृजन में, हमारा मानना है कि इंफ्रास्ट्रक्चर आर्थिक विकास की रीढ़ है। हमारा मिशन इंटीग्रेटेड, भविष्य के लिए तैयार इकोसिस्टम बनाना है जो व्यवसायों को आगे बढ़ने के लिए सशक्त बनाए।

तीर्थयात्रियों की सेवा, सम्मान, मानव सेवा है : भागवताचार्य त्रिभुवनपुरी महाराज

कोलकाता : श्री रामेश्वरनाथ महादेव मन्दिर में गंगासागर तीर्थक्षेत्र की यात्रा कर पधारे साधु - महात्माओं एवम् नागरिकों का सम्मान भागवताचार्य स्वामी त्रिभुवनपुरी महाराज ने किया। स्वामी त्रिभुवनपुरी महाराज ने श्रद्धालु भक्तों के प्रति अपने आशीर्वचन में कहा सब तीर्थ बार-बार गंगा सागर एक बार, इस कहावत के पीछे मान्यता है कि जो पुण्य श्रद्धालु भक्त को जप-तप, तीर्थ यात्रा, धार्मिक कार्य करने पर मिलता है, उससे अधिक पुण्य एक बार गंगा सागर की तीर्थयात्रा करने और स्नान करने से मिल जाता है। तीर्थयात्रियों की सेवा, सम्मान, मानव सेवा है। श्रद्धालु भक्तों का स्वागत वरुण बियानी, अनिल जालान, ललित गुप्ता, लाल बहादुर पाठक, पण्डित अनिल मिश्रा, पण्डित मानस होता, पण्डित जगन्नाथ पंडा, चंदन यादव ने किया। समाजसेवी रामचन्द्र बड़ोपलिया, पूर्व विधायक संजय बक्शी, स्मिता बक्शी, पार्षद रेहाना खातून, रीता चौधरी, शशि शर्मा, के पी सिंह, अशोक ओझा, सुरेन्द्र शर्मा, उमेश सिंह, गणेश शर्मा, दारा सिंह, रणजीत शुक्ला, अनिल शर्मा, संजीव शर्मा एवम् श्रद्धालु भक्तों ने मन्दिर में पूजा अर्चना की।

चुनाव की घोषणा से पहले बस मालिकों के संगठन ने चुनाव आयोग को लिखा पत्र, रखी शर्तें

कोलकाता, समाज्ञा : राज्य में विधानसभा चुनावों के लिए निर्वाचन आयोग (ईसीआई) द्वारा मतदान की तारीख की घोषणा करने में अभी कई महीने बाकी हैं, लेकिन बस मालिकों के संगठन ने मंगलवार को चुनाव आयोग को एक पत्र भेजकर इस बार चुनाव ड्यूटी के लिए बसें देने के लिए कुछ शर्तें रखी हैं। इस पत्र में, राज्य के सबसे बड़े ट्रांसपोर्टर्स संगठन, पश्चिम बंगाल बस-मिनीबस कोऑर्डिनेशन कमेटी ने कहा है कि 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए दी गई बसों और मिनीबसों का पेमेंट पूरी तरह से क्लियर होने तक चुनाव से जुड़े कामों के लिए कोई भी बस या मिनीबस नहीं दी जाएगी। एसोसिएशन ने कहा कि अभी तक, बस और मिनीबस मालिकों को 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए दी गई गाड़ियों का सिर्फ कुछ हिस्सा ही पेमेंट मिला है, इसलिए आने वाले राज्य विधानसभा चुनावों के लिए गाड़ियां देने के लिए बाकी पेमेंट क्लियर करना होगा। इस पत्र में, एसोसिएशन ने आने वाले विधानसभा चुनावों के लिए दी जाने वाली अलग-अलग कैटेगरी की बसों के लिए नई मांगी गई दरों की सूची भी दी है। 40 या उससे ज़्यादा सीटों वाली बसों के मामले में, नई मांगी गई दर 4,500 रुपये प्रतिदिन है। 30 से 40 सीटों वाली बसों के मामले में, नई मांगी गई दर 4,000 रुपये प्रतिदिन है। 30 सीटों तक वाली बसों के मामले में, नई मांगी गई दर 3,500 रुपये प्रतिदिन है। एयर-कंडीशन्ड बसों के लिए नई मांगी गई दर 5,500 रुपये प्रतिदिन है। एसोसिएशन के महासचिव राहुल चट्टोपाध्याय ने कहा कि इसके अलावा, दी गई बसों के लिए हायर किए जाने वाले बस ड्राइवरों और कर्मचारियों को प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 500 रुपये का पेमेंट करना होगा। बसें तभी किराए पर दी जाएंगी जब चुनाव आयोग इन मांगों को मानेगा। उन्होंने आगे कहा कि राज्य में चुनाव के मकसद से बसें देने की औसत दरें दूसरे राज्यों की तुलना में काफी कम हैं। उन्होंने कहा कि साथ ही, चुनावों के लिए दी गई बसों के बदले पूरा पेमेंट मिलने में बहुत समय लगता है।

श्री बिहारीजी का 38वां बसंत महोत्सव 25 को

कोलकाता : श्री बिहारीजी महाराज व श्री पुरुषोत्तमदास बाबा का 38वां बसंत महोत्सव व कोलकाता मंदिर का स्थापना रजत जयंती समारोह आगामी रविवार (25 जनवरी) को मनाया जाएगा। श्री बिहारीजी मंदिर की ओर से बिरम प्रकाश सुल्तानिया ने बताया कि पाथुरियाघाट स्ट्रीट स्थित श्री बिहारीजी मंदिर में दोपहर दो बजे ज्योत प्रज्वलन के साथ महोत्सव की शुरुआत होगी और रात नौ बजे महाआरती के साथ धार्मिक आयोजन को विराम दिया जाएगा। इस दौरान गायक विजय सोनी, निहाल ठाकरान, रोहित शर्मा (जिम्मी), मनोहर व्यास, कृष्ण कांत सोनी, प्रदीप शर्मा के अलावा श्री श्याम मंडल (नूतन बाजार);के सदस्यगण अखंड ज्योति, आलौकिक श्रृंगार व छप्पन भोग के समक्ष अपनी-अपनी मखमली आवाज में भजन रस की सरिता

प्रवाहित करेंगे। सुल्तानिया ने बताया कि संचालन सच्चिदानंद पारीक करेंगे। उनके मुताबिक आयोजन को सफल बनाने में संस्था के कई सदस्य सक्रियता से डटे हैं। सुल्तानिया ने बताया कि बसंत महोत्सव के पूर्व शुक्रवार (23 जनवरी) को दोपहर बाद गोकुल धाम (जैसोर रोड) से किशोर-मधु सुल्तानिया के नेतृत्व में ध्वजा यात्रा निकाली जाएगी, जो विभिन्न रास्तों से होते हुए पाथुरियाघाट स्ट्रीट स्थिति मंदिर पहुंचेगी।

सियालदह और हावड़ा से दो अमृत भारत एक्सप्रेस नियमित संचालन के लिए तैयार

कोलकातास, समाज्ञा : पूर्व रेलवे क्षेत्र को बेहतर रेल कनेक्टिविटी की सौगात देते हुए सियालदह-बनारस और हावड़ा-आनंद विहार के बीच दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का नियमित संचालन शुरू किया जा रहा है। सियालदह-बनारस-सियालदह अमृत भारत एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 22587/22588) का त्रि-साप्ताहिक संचालन किया जाएगा। ट्रेन संख्या 22588 बनारस-सियालदह अमृत भारत एक्सप्रेस 23 जनवरी 2026 से प्रत्येक शुक्रवार, रविवार और मंगलवार को रात 10:10 बजे बनारस से प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 9:55 बजे सियालदह पहुंचेगी। वहीं, ट्रेन संख्या 22587 सियालदह-बनारस अमृत भारत एक्सप्रेस 24 जनवरी 2026 से प्रत्येक शनिवार, सोमवार और बुधवार को शाम 7:30 बजे सियालदह से रवाना होकर अगले दिन सुबह 7:20 बजे बनारस पहुंचेगी। इस ट्रेन का ठहराव दुर्गापुर, आसनसोल, मधुपुर और जसीडीह सहित कुल सात स्टेशनों पर होगा। ट्रेन में जनरल सेकेंड क्लास और स्लीपर क्लास के कोच उपलब्ध रहेंगे। इसके अलावा, हावड़ा-आनंद विहार-हावड़ा अमृत भारत एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 13065/13066) का साप्ताहिक संचालन किया जाएगा। ट्रेन संख्या 13065 हावड़ा-आनंद विहार अमृत भारत एक्सप्रेस 22 जनवरी 2026 से प्रत्येक गुरुवार रात 11:10 बजे हावड़ा से प्रस्थान कर तीसरे दिन सुबह 2:50 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 13066 आनंद विहार-हावड़ा अमृत भारत एक्सप्रेस 24 जनवरी 2026 से प्रत्येक शनिवार सुबह 5:15 बजे आनंद विहार से रवाना होकर अगले दिन सुबह 10:50 बजे हावड़ा पहुंचेगी। इस ट्रेन का ठहराव बंडेल, वर्दवान, दुर्गापुर और आसनसोल सहित कुल 26 स्टेशनों पर होगा। इसमें भी जनरल सेकेंड क्लास और स्लीपर क्लास की सुविधा उपलब्ध होगी।

महाराणा प्रताप जयंती की पूर्व संध्या और बसंत आगमन के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय कवि संगम का काव्योत्सव

कोलकाता, समज्ञा : राष्ट्रीय कवि संगम (पश्चिम बंगाल) की मध्य कोलकाता इकाई द्वारा बड़ाबाजार लाइब्रेरी के आचार्य विष्णु कांत शास्त्री सभागार में एक भव्य काव्य गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. गिरिधर राय ने की तथा संयोजन जिला अध्यक्ष रामा कांत सिन्हा 'सुजीत' द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आरंभ भारती मिश्रा की सरस्वती वंदना और सौमी मजुमदार के स्वागत भाषण के साथ हुआ। इस अवसर पर सुषमा राय पटेल की पुस्तिका 'मन की लहरें' का लोकार्पण भी संपन्न हुआ। काव्य विभूतियों में डॉ. शिप्रा मिश्रा पाण्डेय, कंचन राय, प्रणति ठाकुर, नंदलाल रोशन, सूर्य बसु, आशुतोष मणि त्रिपाठी, मानस कुमार, गणेश नाथ तिवारी, अमित कुमार अम्बष्ट, सुधा मिश्रा द्विवेदी, अश्विनी झा, हिमाद्री मिश्रा 'हिम', रंजना झा, बिकास ठाकुर, प्रदीप कुमार धानुक, मुहम्मद अयूब वारसी, नंदकिशोर झा, जातिब हयाल, विजय इस्सर, वंदना गुप्ता, डॉ. राजन शर्मा, कमलापति पाण्डेय 'निडर', रामनाथ 'बेखबर' एवं देवेश मिश्र ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच का कुशल संचालन स्वागता बसु व मौसमी प्रसाद ने किया और अंत में जिला मंत्री श्वेता गुप्ता 'श्वेताम्बरी' के धन्यवाद ज्ञापन के साथ आयोजन संपन्न हुआ

इच्छापुर में पारिवारिक विवाद में चाचा की हत्या, भतीजा गिरफ्तार

कोलकाता, समाज्ञा : उत्तर 24 परगना जिले के नोआपाड़ा थाना अंतर्गत इच्छापुर ग्वालपाड़ा इलाके में पारिवारिक विवाद में भतीजे पर चाचा की हत्या का आरोप लगा है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मृतक की पहचान कनाई प्रमाणिक के रूप में की गई है। पुलिस ने हत्या में शामिल होने के आरोप में भतीजे सैकत प्रमाणिक उर्फजॉय को गिरफ्तार कर लिया है। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, जॉय ने सोमवार की रात शराब पीकर घर लौटने पर कनाई को बुरी तरह पीटा। इसके बाद, जॉय ने उसके सिर पर किसी भारी चीज से वार किया। परिवारवालों ने कनाई को बचाया और उसे बैरकपुर के बीएन बसु उपजिला अस्पताल ले गए। इलाज के दौरान मंगलवार की सुबह उसकी मौत हो गई।

खिदिरपुर में 125 किलो से अधिक गांजा जब्त, दो गिरफ्तार

कोलकाता, समाज्ञा : कोलकाता पुलिस ने 125 किलो से अधिक गांजा जब्त किया है। इस कार्रवाई में दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। विशेष खुफिया सूचना के आधार पर सूचना मिलते ही पुलिस ने कई टीमों का गठन कर घंटों तक कड़ी निगरानी रखी। इसके बाद, खिद्दीरपुर रोड पर ग्रे रंग की अशोक लेलैंड मिनी मालगाड़ी को रोका गया। गहन तलाशी के दौरान वाहन के भीतर स्क्रू से सुरक्षित एक गुप्त कक्ष का पता चला, जिसमें 124 ब्लॉकों में पैक किया गया लगभग 125-128 किलो गांजा बरामद हुआ। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि आरोपी इस गांजे को ओडिशा से कोलकाता ले जा रहे थे। पुलिस ने मौके से दोनों संदिग्धों को हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में आगे की कड़ियों को जोड़ने और नेटवर्क का पर्दाफाश करने के लिए जांच जारी है।

गणतंत्र दिवस पर ऐतिहासिक दक्षिण भारतीय शैली के मंदिर में भगवान बैकुंठनाथ की भव्य शोभायात्रा

कोलकाता, समाज्ञा : शहर में स्थित ऐतिहासिक महत्व के दक्षिण भारतीय शैली में निर्मित एक प्राचीन मंदिर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस मंदिर का निर्माण बांगड़ परिवार द्वारा वर्ष 1960 में कराया गया था

पीलीभीत में नकली कफ सिरप बनाने वाली इकाई का भंडाफोड़

पीलीभीत: उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले में पुलिस ने मंगलवार को अवैध रूप से कफ सिरप बनाने वाली एक इकाई का भंडाफोड़ करते हुए इसमें शामिल एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जिले में घुंघचाई की पुलिस ने छापेमारी के दौरान 375 बोतल नकली कफ सिरप, साथ ही खाली बोतलें, ढक्कन, रैपर, उपकरण, एक गैस सिलेंडर और एक मोटरसाइकिल बरामद की। पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रतीक दहिया ने बताया कि इस सिलसिले में आरोपी सुरेश कुमार (41) के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और ट्रेड मार्क्स एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत 21 जनवरी से जयपुर दौरे पर

जयपुर: राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत 21 जनवरी से जयपुर के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। संघ के एक पदाधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राजस्थान क्षेत्र के क्षेत्र संघचालक रमेश अग्रवाल ने बताया कि भागवत 21 जनवरी को हवाई मार्ग से जयपुर पहुंचेंगे और वहां से किशनगढ़ जाएंगे, जहां वह रातभर ठहरेंगे। आरएसएस प्रमुख 22 जनवरी को छोटी खाटू में आयोजित 'मर्यादा महोत्सव' में भाग लेंगे। इस अवसर पर जैन संत आचार्य महाश्रमण भी उपस्थित रहेंगे। उसी दिन भागवत जयपुर लौटेंगे और रातभर वहीं ठहरेंगे।

आर्थिक तंगी के कारण परिवार के चार सदस्यों की हत्या के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

एटा: उत्तर प्रदेश के एटा जिले में एक व्यक्ति ने अपने घर पर माता-पिता, पत्नी और बेटी की हत्या करने की बात कबूल कर ली है। जांचकर्ताओं ने इस अपराध की वजह अगले महीने होने वाली बेटी की शादी से पहले आर्थिक तनाव और घरेलू कलह को बताया है। आरोपी कमल सिंह को सोमवार को कोतवाली नगर पुलिस थाने इलाके में उनके दो मंजिला घर में परिवार के चार सदस्यों की हत्या के बाद हिरासत में लिया गया था। अधिकारियों ने बताया कि उसे जेल भेज दिया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मृतकों की पहचान गंगा सिंह (70), उनकी पत्नी श्यामा देवी (65), पोती ज्योति (23) और पुत्रवधू रत्ना देवी (43) के रूप में हुई है।

शंकराचार्य से कथित दुर्व्यवहार के विरोध में अखिल भारत हिंदू महासभा की बैठक, कार्रवाई की मांग

मेरठ: अखिल भारत हिंदू महासभा ने मौनी अमावस्या के अवसर पर प्रयागराज में माघ मेला के दौरान जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज और उनके शिष्यों के साथ कथित रूप से हुए दुर्व्यवहार की घटना के विरोध में मंगलवार को यहां एक बैठक की। शहर के शारदा रोड स्थित संगठन कार्यालय परिसर में स्थापित अमर हुतात्मा नाथूराम गोडसे-नाना आप्टे धाम पर हुई बैठक में वक्ताओं ने कहा कि मां गंगा के जल में स्नान के लिए जाते समय शंकराचार्य और उनके शिष्यों के साथ किया गया व्यवहार अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने आरोप लगाया कि घटना के तीन दिन बीत जाने के बावजूद संबंधित किसी भी सरकारी अधिकारी के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। हिंदू महासभा के पदाधिकारियों ने इस

घटना को उत्तर प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की छवि धूमिल करने की साजिश बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ न केवल प्रदेश के मुखिया हैं बल्कि गोरक्षपीठ गोरखपुर जैसे पूज्य मठ के महंत भी हैं और साधु-संतों के सम्मान एवं संरक्षण के लिए जाने जाते हैं, ऐसे में उनके शासनकाल में किसी भी साधु-संत का अपमान स्वीकार्य नहीं है। बैठक के माध्यम से संगठन ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक खुले पत्र के जरिए घटना में शामिल अधिकारियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और संबंधित अधिकारियों से पूज्य शंकराचार्य सहित सभी साधु-संतों से सार्वजनिक रूप से माफी की मांग की।

आप शंकराचार्य ही नहीं? स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के संगम स्नान मामले में प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने नोटिस भेजा

मौनी अमावस्या पर स्नान न करने के बाद धरने पर बैठे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने नोटिस भेजा है. इस नोटिस में सुप्रीम कोर्ट में चल रहे मामले का हवाला देते हुए प्रशासन ने अविमुक्तेश्वरानंद से पूछा है कि वो कैसे खुद को शंकराचार्य बता रहे हैं. प्राधिकरण ने इसको लेकर अविमुक्तेश्वरानंद से जवाब मांगा है. 24 घंटे में मेला प्राधिकरण ने अवमुक्तेश्वरानंद से जवाब मांगा है. मौनी अमावस्या पर ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को रोके जाने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है. प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को नोटिस जारी कर कहा है कि मेला प्रशासन ने नोटिस में सुप्रीम कोर्ट का हवाला देते हुए लिखा है कि वो ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य नहीं हैं. प्रशासन ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को शंकाराचार्य मानने से इनकार किया है.

मनरेगा को कमजोर कर पूंजीपतियों को फायदा पहुंचा रहे हैं प्रधानमंत्री मोदी : राहुल गांधी

रायबरेली (उप्र): लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर सत्ता का केंद्रीकरण करने और गरीबों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं को कमजोर करने का आरोप लगाया है। राहुल गांधी ने कहा कि सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को कमजोर कर पूंजीपतियों को फायदा पहुंचा रही है। अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली में मंगलवार को पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस सांसद ने कहा कि सरकार ने मनरेगा का नाम बदलकर उसका अपमान किया है और इससे भी अधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि सरकार ने हाशिए पर पड़े लोगों को दी जाने वाली सुरक्षा वापस ले ली है। कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार का यह कदम लोकतंत्र की जड़ों पर हमला है। गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सत्ता अपने हाथ में लेना चाहते हैं और गरीबों को भूखा मारना चाहते हैं।

बिहार: नीतीश कुमार ने सभी लंबित आवेदनों के निस्तारण को विशेष भूमि मापन अभियान की घोषणा की

पटना: बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को घोषणा की कि भूमि माप के लिए लंबित सभी आवेदनों का एक विशेष अभियान के माध्यम से 31 जनवरी तक निस्तारण कर दिया जाएगा। कुमार ने कहा कि नयी सरकार के गठन के तुरंत बाद शुरू किए गए 'सात निश्चय-3' कार्यक्रम के तहत आम नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए लगातार ठोस फैसले लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि खासकर सात निश्चय-3 (2025-2030) के सातवें निश्चय 'सबका सम्मान-जीवन आसान' को केंद्र में रखकर भूमि माप जैसी जटिल प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने का रोडमैप तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री कुमार ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''राज्य में जमीन मापी कराने के इच्छुक लोगों द्वारा आवेदन देने के पश्चात जमीन मापी की प्रक्रिया संपन्न होने में काफी वक्त लग जाता है। इस कारण लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जमीन की समय पर मापी नहीं होने के कारण अनावश्यक भूमि विवाद उत्पन्न होते हैं। ऐसे में 'सबका सम्मान-जीवन आसान' के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु भूमि मापी की प्रक्रिया को अधिक सरल, पारदर्शी, समयबद्ध एवं नागरिक अनुकूल बनाने के लिए निम्न निर्णय लिए गए हैं।'' उन्होंने राज्य में भूमि मापन प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए समयबद्ध उपायों की एक श्रृंखला पेश की। कुमार ने कहा, ''एक अप्रैल 2026 से अविवादित जमीन की मापी के लिए आवेदक द्वारा मापी शुल्क जमा किए जाने के अधिकतम 7 कार्य दिवस में जमीन की मापी सुनिश्चित की जाएगी तथा विवादित जमीन की मापी के लिए आवेदक द्वारा मापी शुल्क जमा किए जाने के अधिकतम 11 कार्य दिवस में जमीन की मापी सुनिश्चित की जाएगी।'' उन्होंने कहा कि अविवादित तथा विवादित जमीन की निर्धारित कार्य दिवस में मापी की प्रक्रिया पूर्ण कर अमीन द्वारा मापी का प्रतिवेदन मापी के पश्चात आवेदक के आवेदन की तिथि के 14वें दिन निर्धारित पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। उन्होंने राजस्व और भूमि सुधार विभाग को आवश्यक मानव संसाधन और साधन तैनात करने का निर्देश भी दिया और पूरी प्रक्रिया की सघन निगरानी के लिए एक प्रणाली स्थापित करने को कहा।

चार दिन बाद पानी से बाहर निकाली गयी सॉफ्टवेयर इंजीनियर की कार

नोएडा: उत्तर प्रदेश के नोएडा में एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत के चार दिन बाद राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम ने मंगलवार शाम को इंजीनियर की कार को पानी से बाहर निकाला। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कई दिनों तक पानी के अंदर पड़ी रही कार की हालत बहुत खराब थी। कार के शीशे टूटे हुए थे और सनरूफ भी टूट गया था। ऐसा माना जा रहा है कि पानी के अत्यधिक दवाब के कारण कार के शीशे टूटे होंगे। कार बरामद होने के बाद अब यह स्पष्ट हो सकेगा कि कहीं कार में कोई खराबी के कारण तो यह हादसा नहीं हुआ। सूत्रों के मुताबिक विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा कार की फॉरेंसिक जांच कराई जाने की तैयारी की जा रही है।

लापरवाही के आरोप में डेवलपर गिरफ्तार

नोएडा: नोएडा के सेक्टर-150 में सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत के मामले में पुलिस ने एक रियल एस्टेट डेवलपर को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। निर्माण स्थल पर पानी से भरे गड्ढे में कार डूबने से सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत हो गई थी। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (ग्रेटर नोएडा) हेमंत उपाध्याय ने बताया इस मामले में आरोपी एमजेड विजटाउन प्लानर्स के एक अधिकारी अभय कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता (27) की शनिवार रात उस समय मौत हो गई जब घने कोहरे में उनकी कार फिसलकर एक नाले के पास निर्माणाधीन वाणिज्यिक परिसर के लिए खोदे गए गड्ढे में गिर गई।

गैर-मान्यता प्राप्त मदरसे को बंद नहीं किया जा सकता: इलाहाबाद उच्च न्यायालय

लखनऊ : इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने कहा कि राज्य के कानून के तहत गैर-मान्यता प्राप्त मदरसे को बंद नहीं किया जा सकता। खंडपीठ ने उत्तर प्रदेश गैर-सरकारी अरबी और फारसी मदरसा मान्यता, प्रशासन और सेवा विनियमन, 2016 का हवाला देते हुए यह आदेश दिया। पीठ ने इसके साथ ही राज्य सरकार के उस आदेश को भी रद्द कर दिया, जिसमें श्रावस्ती जिले के एक मदरसे को मान्यता प्राप्त नहीं होने के कारण बंद करने का कारण बताओ नोटिस जारी किया था। अदालत ने 16 जनवरी को यह आदेश दिया था, जो मंगलवार को उपलब्ध हुआ। खंडपीठ ने विनियमन, 2016 के प्रावधानों पर विचार किया, जिसमें बताया गया कि एक गैर-मान्यता प्राप्त मदरसा राज्य से कोई अनुदान पाने का हकदार नहीं होगा। खंडपीठ ने विनियमन 2016 के प्रावधान की व्याख्या करते हुए कहा कि गैर-मान्यता प्राप्त मदरसे को बंद करना अवैध है और इसलिए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा एक मई, 2025 को जारी किए गए कारण बताओ नोटिस को रद्द किया जाता है। न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने मदरसा 'अहले सुन्नत इमाम अहमद रजा' द्वारा दायर रिट याचिका पर यह आदेश पारित किया।

न्यूज अपडेट

25 जिलों में एक साथ हुआ मुख्यमंत्री युवा हेल्प डेस्क का आयोजन

लखनऊ: उत्तर प्रदेश के युवाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता से जोड़ने की दिशा में मंगलवार को 25 जिलों में जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र द्वारा मुख्यमंत्री युवा हेल्पडेस्क का सफल आयोजन किया गया। सरकार द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक, इस दौरान हजारों प्रशिक्षणार्थियों ने विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया और महज कुछ ही घंटों में एक हजार से ज्यादा प्रशिक्षणार्थियों ने उद्यम स्थापित करने में रुचि दिखाते हुए योजना का लाभ लेने के लिए अपना आवेदन भी कर दिया। बयान में बताया गया कि इस महाआयोजन के दौरान कुल 1072 इच्छुक प्रशिक्षणार्थियों ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना (मुख्यमंत्री युवा योजना) के अंतर्गत आवेदन किया।

आईआईटी-कानपुर के शोध छात्र ने की आत्महत्या

कानपुर : भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर (आईआईटी)-कानपुर में 25 साल के पीएचडी के एक छात्र ने मंगलवार दोपहर परिसर की एक रिहायशी इमारत की छठी मंजिल से कथित तौर पर कूदकर आत्महत्या कर ली। यह बीते 23 दिनों के अंदर आईआईटी-कानपुर परिसर में आत्महत्या का दूसरा मामला है, जिससे छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर नयी चिंताएं बढ़ गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि मृतक की पहचान रामस्वरूप इशराम के रूप में हुई है, जो अर्थ साइंसेज विभाग में शोध छात्र था। वह अपनी पत्नी मंजू और तीन साल की बेटी के साथ न्यू एसबीआरए भवन के एए-21 में रह रहा था। इशराम को तुरंत एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस उपायुक्त एसएम कासिम आबिदी ने बताया कि सूचना मिलते ही कल्याणपुर पुलिस फॉरेंसिक विशेषज्ञों के साथ मौके पर पहुंची और सबूत इकट्ठा किए। पुलिस उपायुक्त ने कहा, शुरुआती जांच से पता चलता है कि छात्र लंबे समय से मानसिक तनाव से जूझ रहा था। उसने कई बार काउंसलिंग भी करवाई थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। पुलिस उपायुक्त ने आगे बताया कि पुलिस ने परिवार वालों को सूचित कर दिया है और जांच के तहत मृतक की पत्नी से पूछताछ कर रही है।

पटना में शिशु का कटा हुआ सिर मिला

पटना: बिहार की राजधानी पटना में एक शिशु का कटा हुआ सिर मिलने की घटना सामने आई है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह कटा हुआ सिर सोमवार को फतुहा इलाके में कच्ची दरगाह (एक मजार) के पास मिला। शिशु का धड़ अब तक नहीं मिला है। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक (एसपी) कुंदन कुमार ने संवाददाताओं से कहा, यहां दो से तीन महीने के एक बच्चे का कटा हुआ सिर मिला है। धड़ गायब है। मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की टीम श्वान दस्ते के साथ मौके पर पहुंची। एसपी ने कहा, एफएसएल की टीम ने खून के नमूने और अन्य साक्ष्य एकत्र किए हैं। पटना जिले के सभी थानों को निर्देश दिया गया है कि वे एक माह से एक वर्ष की उम्र के बीच किसी भी लापता बच्चे की जानकारी जुटाएं और उनके माता-पिता को सूचित करें, ताकि वे पहचान की पुष्टि कर सकें। उन्होंने बताया कि जिस इलाके में शिशु का सिर मिला है, वहां सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। एसपी ने कहा कि फतुहा के एसडीपीओ-1 के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई है, जो पूरे मामले की जांच कर रही है।

संभल में नियमों का उल्लंघन कर चल रहे अल्ट्रासाउंड केंद्र को सील किया गया

संभल (उप्र): संभल के बहजोई रोड इलाके में नियमों का उल्लंघन कर चल रहे एक अल्ट्रासाउंड सेंटर को मंगलवार को जिला प्रशासन ने सील कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने बताया कि कोतवाली के बहजोई रोड इलाके में स्थित 'यूनिक अल्ट्रासाउंड सेंटर' के खिलाफ यह कार्रवाई बिना रेडियोलॉजिस्ट के अल्ट्रासाउंड परीक्षण किए जाने की शिकायतें मिलने के बाद की गई।

तेल का मेल

नरेन्द्र देवांगन

श्रेयांश अपने पापा के स्कूटर के पीछे बैठकर बाजार जा रहा था। रास्ते में उसके पापा को पेट्रोल पंप नजर आया तो स्कूटर को उधर मोड़ दिया और पेट्रोल पंप पर स्कूटर खड़ा कर दिया।

'दो लिटर।' उन्होंने आदेश दिया।

पेट्रोल पंप के कर्मचारी ने स्कूटर में दो लिटर पेट्रोल डाल दिया।

घर लौटने पर श्रेयांश ने पापा से पूछा, 'पापा, स्कूटर में पेट्रोल क्यों डाला जाता है?'

पापा ने बताया, 'बेटे, वाहन को चलाने के लिए किसी शक्ति या ताकत की जरूरत होती है। इस शक्ति को ऊर्जा कहते हैं। घोड़ागाड़ी, बैलगाड़ी, ऊंटगाड़ी, भैंसागाड़ी में पशु जुते होते हैं, जो अपनी ताकत से उन्हें खींचकर चलाते हैं। इन सभी वाहनों में पशु ऊर्जा काम में आती है।'

'और पापा साइकिल में ?' श्रेयांश ने पूछा।

'साइकिल में आदमी की ताकत काम में आती है। आदमी साइकिल या रिक्शा चलाता है।' पापा ने बताया।

श्रेयांश पापा की बात को ध्यान से सुन रहा था।

पापा ने आगे कहा, 'पर आजकल तो स्वचालित वाहनों का जमाना है। इनमें इंजन लगे होते हैं, जिन में अनेक कलपुर्जे होते हैं। इन वाहनों में पेट्रोल या डीजल ऊर्जा का काम करता है यानी ये वाहन पेट्रोल या डीजल से चलते हैं।'

'पापा, पेट्रोल या डीजल के साथ तेल क्यों डाला जाता है?' श्रेयांश ने पूछा।

पापा ने बताया, 'इंजन में कई कलपुर्जे लगे होते हैं। ये कलपुर्जे वाहन के चलते समय घूमते और सरकते हैं। घूमने और सरकने में आपस में टकराते रहते हैं। इस रगड़ से पुर्जे टूटते हैं। अब अगर पेट्रोल में तेल मिला हो तो वह तेल उनके बीच फैलकर बफर का काम करता है।'

'पापा, यह बफर क्या होता है?' श्रेयांश ने पूछा।

'बेटे, बफर दो के बीच फैला भाग होता है, जो दो सीमाओं को आपस में मिलने से रोकता है। तुमने बफर स्टेट का नाम सुना ही होगा। बफर स्टेट वह होता है जो दो से अधिक राज्यों के बीच फैला होता है और उन राज्यों की सीमाओं को आपस में मिलने से रोकता है।' पापा ने बताया।

'पापा, तेल डालने से और भी कोई फायदा है?' श्रेयांश ने पूछा।

'है क्यों नहीं, तेल इंजन में घूमने और सरकने वाले पुर्जों पर से अवांछित धूल कणों को हटाता है जिससे इंजन की जिंदगी बढ़ती है।' पापा ने समझाया।

पापा द्वारा दी गई जानकारी श्रेयांश की समझ में आ गई और इसी जानकारी को उसने अपने स्कूल के सभी दोस्तों को भी बताया। (उर्वशी)

दोस्ती की ताकत

राहुल और सोहन एक ही गाँव में रहते थे। दोनों बचपन से दोस्त थे। वो साथ में स्कूल जाते, साथ में खेलते और अपनी हर बात एक-दूसरे से बाँटते थे। राहुल शांत स्वभाव का था, जबकि सोहन हँसमुख और हिम्मती था। एक दिन गर्मियों की छुट्टियाँ थीं। दोनों दोस्त जंगल में खेलने गए। वहाँ एक पुराना कुआँ था, जो सूख चुका था। राहुल खेलते-खेलते उस कुएँ के पास गया और अचानक उसका पैर फिसल गया। वो कुएँ में गिर पड़ा।

राहुल ने जोर से चिल्लाया, सोहन, मुझे बचाओ! मैं यहाँ से निकल नहीं सकता। सोहन घबरा गया, लेकिन उसने हिम्मत नहीं हारी। उसने आसपास देखा तो उसे एक पुरानी रस्सी दिखी, जो पास के पेड़ से बँधी थी। वो दौड़कर रस्सी ले आया और उसे कुएँ में डाला। उसने कहा, राहुल, इसे पकड़ो

और ऊपर चढ़ने की कोशिश करो। राहुल ने रस्सी पकड़ी और सोहन ने ऊपर से पूरी ताकत लगाकर उसे खींचा। कई कोशिशों के बाद राहुल बाहर आ गया। उसकी साँसें तेज़ चल रही थीं। उसने सोहन को गले लगाया और कहा, अगर तू न होता तो मैं आज मर जाता। तू मेरा सच्चा दोस्त है। सोहन हँसा और बोला, दोस्ती में धन्यवाद नहीं बोलते। तू मेरा भाई है।

उस घटना के बाद उनकी दोस्ती और मज़बूत हो गई। सालों बाद राहुल एक बड़ा व्यापारी बना। उसने सोहन को अपने व्यापार में पार्टनर बनाया। दोनों ने मिलकर बहुत नाम कमाया। एक बार गाँव में मेला लगा, तो राहुल ने सोहन को स्टेज पर बुलाया और कहा, ये मेरा दोस्त है, जिसने मेरी जान बचाई। आज जो कुछ भी हूँ, उसमें इसका बहुत बड़ा हाथ है। सोहन ने भी हँसकर कहा, हमारी दोस्ती हमेशा ऐसी ही रहेगी। गाँव वाले उनकी दोस्ती की तारीफ करते नहीं थकते थे।

कहानी से सीख

ये कहानी हमें सिखाती है कि सच्चा दोस्त वही है जो हर मुश्किल में साथ खड़ा हो।

बन गई बिगड़ी बात

दुर्गा प्रसाद शुक्ल 'आज़ाद'

नीरज के पिताजी कंजूस प्रवृत्ति के थे। यद्यपि उनकी दुकान पर ग्राहकों की भीड़ लगी रहती थी, फिर भी वे अपने नौकरों को बहुत कम वेतन देते थे। इसके साथ ही वे किसी पर विश्वास भी नहीं करते थे। एक दिन उन्हें कुछ आवश्यक काम से बाहर जाना पड़ा, उन्होंने नीरज से कहा-'मैं कल बाहर जा रहा हूं, इसीलिए तुम दुकान पर होशियारी से बैठना। दुकान छोड़कर इधर उधर मत घूमना।

दूसरे दिन नीरज ने समय से दुकान खोली और होशियारी से लेन-देन करने लगा। शाम को अचानक उसे कुछ जरूरी काम से घर जाना पड़ा। घर जाते समय उसने दुकान के सबसे पुराने नौकर राजू से कहा-'तुम दुकान देखते रहो। मैं कुछ देर में आता हूं। वह घर गया और जल्दी ही वापस आकर दुकान पर बैठ गया। पिताजी बाहर से लौटे तो उसने एक परिचित ने उनसे कहा-क्या कल आप बाहर गए थे?

हां, क्यों पूछ रहे हो? पिताजी ने पूछा। उस आदमी ने कहा कि कल दुकान पर कोई नहीं बैठा था। यह सुनकर पिताजी को बड़ा आश्चर्य हुआ। उन्होंने कहा कि दुकान पर नीरज जरूर रहा होगा परन्तु उस आदमी ने कहा कि उसे अच्छी तरह से याद है कि दुकान पर उन दोनों में तो कोई नहीं था।

उस आदमी के जाने के बाद पिताजी ने राजू से पूछा। वह चुप रह गया। इस पर उन्होंने डांटते हुआ पूछा तो उसने बताया कि एक बार नीरज कुछ देर के लिए घर गया था। यह सुनकर पिताजी को नीरज पर बहुत गुस्सा आया। रात को दुकान बन्द करके वे घर गये तो नीरज से पूछा कि उस दिन तुमसे दुकान पर बैठने के लिए कहा था या घूमने के लिए।

नीरज ने बताया कि जरूरी काम होने की वजह से वह कुछ देर के लिए घर आया था परन्तु पिताजी उसकी बात से संतुष्ट नहीं हुए। उन्होंने उसे फिर डांटा तो मां ने कहा कि लड़का है। अगर कुछ देर के लिए घर चला आया तो क्या हो गया।

पिताजी ने कहा कि पता नहीं, राजू ने उतनी देर में कितना सामान बेचा और कितना रूपया बक्से में न रखकर अपने पास रख लिया। मां ने कहा कि आप बेकार परेशान हैं। राजू एक सच्चा और पुराना नौकर है। आज तक उसने कोई ऐसा काम नहीं किया जिससे इसकी ईमानदारी पर शंक की जा सके।

पिताजी चुप हो गए। दूसरे दिन उन्होंने राजू से पूछा कि उस दिन कितने रूपये का सामान बेचा था तो उसने कहा कि अब याद नहीं है। राजू के इस उत्तर से उनका शक और बढ़ गया। उन्होंने सोचा कि राजू ने जरूर कोई गड़बड़ी की होगी। अब वे इस बात को सोचकर दिन भर परेशान होते रहे।



उन्होंने सोचा कि बेकार ही उस दिन मैं बाहर चला गया।

एक दिन पिताजी को बुखार आ गया परन्तु उन्होंने घर में किसी को नहीं बताया। वे सोचते थे कि डॉक्टर के पास जाऊंगा तो पैसा खर्च होगा परन्तु दो दिन बाद कमजोरी के कारण उन्हें सुबह उठने में देर हुई तो नीरज उनको जगाने गया। उसने देखा कि पिताजी का शरीर गर्म था। उसने कहा-'पिता जी, आपको बुखार है, परन्तु आपने हम लोगों को नहीं बताया।

अगर मैं बताता तो तुम लोग परेशान होते। बुखार है, दो-तीन दिन में अपने आप ही उतर जाएगा।' पिताजी ने कहा। नीरज ने डॉक्टर को बुलाने के लिए कहा परन्तु पिताजी ने मना कर दिया। कुछ देर बाद उसने दुकान खोलने के बारे में पूछा तो पिताजी ने कहा कि दुकान बन्द रहेगी।

नीरज ने कहा कि चाभी दे दीजिए, दुकान पर मैं बैठूंगा। पिताजी ने कहा-उस दिन जब मैं बाहर गया था तो तुम नहीं बैठ सके। अब क्या बैठोगे? जब मैं ठीक हो जाऊंगा तब बैठूंगा। दूसरे दिन जब तबियत और बिगड़ने लगी तो नीरज चुपचाप एक डॉक्टर को बुला लया।

डॉक्टर साहब ने उन्हें देखने के बाद कहा-अगर एक दो दिन और नहीं दिखाते तो बीमारी काफी बढ़ जाती। डॉक्टर ने दवा लिख दी। दूसरे दिन डॉक्टर साहब फिर देखने आए तो पिताजी ने उनसे पूछा आपने इतनी मंहगी दवा क्यों लिख दी।

अगर आप पहले दिखा लेते तो सस्ती दवा से आराम मिल जाता। आपकी लापरवाही से बीमारी बढ़ गई और ऐसी दवा लिखनी पड़ी। डॉक्टर साहब ने बताया।

डॉक्टर साहब की बात सुनकर पिताजी उदास हो गए। उनके जाने के बाद नीरज ने कहा, 'पिताजी, मैं कब से डॉक्टर को दिखाने के लिए कह रहा था, परन्तु आप नहीं माने। उधर कई दिनों से दुकान भी बंद है। अगर आप कहें तो कल से मैं दुकान खोलकर बैठा करूं। आप मुझ पर विश्वास कीजिए। मैं दुकान छोड़कर कहीं नहीं जाऊंगा।''

अब नीरज की मां ने कहा-आपके अविश्वास के कारण कई दिनों से दुकान बन्द है जिससे नुकसान हो रहा है। इसी तरह कंजूसी के कारण आप कमजोर हो गए हैं। अगर शुरू में ही डॉक्टर को दिखाकर दवा ले लेते तो बीमारी नहीं बढ़ती। नौकरों पर अविश्वास करने से दुकान नहीं चल सकती। दूसरों पर विश्वास करना चाहिए। अब पिताजी को उनकी बात समझ में आ गई और उन्होंने नीरज को दुकान खोलने की अनुमति दे दी। उन्होंने कहा कि बेकार ही राजू पर शक किया था। (उर्वशी)

न्यूज इन ब्रीफ

शिवसेना के पार्षद बांद्रा होटल से लौटे

मुंबई : एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के पार्षद बांद्रा स्थित उस पांच सितारा होटल से निकल गए हैं, जहां वे 16 जनवरी को बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) चुनाव के परिणाम घोषित होने के बाद ठहरे हुए थे। पार्टी के एक पदाधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। होटल छोड़ने से पहले, 29 पार्षदों ने कोंकण मंडल आयुक्त के पास एक समूह के रूप में अपना पंजीकरण कराया, जो चुनाव के बाद एक अनिवार्य प्रक्रिया है। शिवसेना पदाधिकारी ने बताया कि होटल में ठहरने के दौरान नवनिर्वाचित पार्षदों को उपमुख्यमंत्री शिंदे से इस बारे में मार्गदर्शन मिला कि उन्हें कैसे काम करना चाहिए। हालांकि, ऐसी अटकलें लगाई जा रही थीं कि शिवसेना ने अपने पार्षदों को पाला बदलने के डर से अलग रखा था, क्योंकि 227 सदस्यीय बीएमसी में किसी भी पार्टी के पास स्पष्ट बहुमत नहीं है। शिवसेना की सहयोगी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 89 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी है।

दिल्ली का एक्यूआई सुधार के बाद 'बहुत खराब' श्रेणी में पहुंचा, ग्रैप-4 के प्रतिबंध हटाए गए

नयी दिल्ली : दिल्ली की वायु गुणवत्ता में मंगलवार को मामूली सुधार देखने को मिला और 24 घंटे का औसत एक्यूआई लगातार तीन दिनों तक 400 से ऊपर रहने के बाद बहुत खराब श्रेणी में आ गया। इसके बाद अधिकारियों ने ग्रैप-4 को प्रतिबंधों को वापस ले लिया, जबकि अन्य प्रतिबंधों वैसे ही लागू हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, शहर का 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 378 रहा। शाम तक, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के समीर ऐप के आंकड़ों के अनुसार, 29 स्टेशन पर वायु गुणवत्ता बहुत खराब, पांच पर गंभीर और चार पर खराब दर्ज की गई, जिसमें वजीरपुर में एक्यूआई 414 दर्ज किया गया।

सजा पूरी कर चुके गुजरात के मछुआरे की पाकिस्तान की जेल में मौत

अहमदाबाद : अंतरराष्ट्रीय सीमा रेखा अनजाने में पार करने के बाद 2022 में पाकिस्तानी एजेंसियों द्वारा पकड़े गए गुजरात के एक मछुआरे की 16 जनवरी को कराची की एक जेल में मौत हो गई। एक कार्यकर्ता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि उसने लगभग तीन साल पहले ही अपनी सजा पूरी ली थी।मृतक मछुआरे का नाम गोपनीय रखा गया है।मछुआरा समुदाय के एक प्रतिनिधिमंडल ने पिछले साल 22 दिसंबर को विदेश मंत्री एस. जयशंकर को पत्र लिखकर पाकिस्तानी जेलों में बंद ऐसे व्यक्तियों की रिहाई में तेजी लाने का अनुरोध किया था।शांति कार्यकर्ता जतिन देसाई ने सोमवार को कहा कि मछुआरे की मौत 16 जनवरी को कराची की मालीर जेल में हुई। देसाई पाकिस्तानी जेलों में बंद भारतीय मछुआरों का मुद्दा लगातार उठाते रहे हैं'पोरबंदर बोट एसोसिएशन' के पूर्व अध्यक्ष जीवन जंगी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतक मछुआरा संभवतः गुजरात के गिर सोमनाथ जिले के ऊना का रहने वाला था और पिछले कुछ महीनों से बीमार था।

सड़क दुर्घटना में घायल युवक को 84.65 लाख रुपये का मुआवजा दे कंपनी : न्यायाधिकारण

नयी दिल्ली : दिल्ली के एक मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण ने 21 वर्षीय रोशन कुमार साहू को 84.65 लाख रुपये से अधिक का मुआवजा प्रदान किए जाने का आदेश दिया है, जो अगस्त 2024 में हुई एक सड़क दुर्घटना में स्थायी रूप से 90 प्रतिशत दिव्यांग हो गए थे।पीठासीन अधिकारी पूजा अग्रवाल ने साहू द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई की, जो उस समय गंभीर रूप से घायल हो गए जब उनकी मोटरसाइकिल एक कार के दरवाजे से टकरा गई क्योंकि कार चालक ने बिना संकेत दिए दरवाजा खोल दिया था।मामले के अनुसार, साहू जब अपनी मोटरसाइकिल से दिल्ली के बुराड़ी स्थित एक बैंक शाखा जा रहे थे, तभी कार चालक वहाबुद्दीन ने बिना कोई संकेत दिए और यातायात का ध्यान रखे बिना चालक की तरफ का दरवाजा खोल दिया।

असम के कोकराझार में झड़पों के बाद आरएएफ तैनात, इंटरनेट सेवाएं निलंबित

कोकराझार/गुवाहाटी : असम के कोकराझार जिले में मंगलवार को भीड़ की हिंसा के बाद कथित तौर पर बोडो और आदिवासियों के बीच झड़पें हुईं, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। इसके बाद त्वरित कार्रवाई बल (आरएएफ) को तैनात किया गया और इंटरनेट/मोबाइल डेटा सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित कर दी गईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि सेना की तैनाती के लिए प्रक्रिया जारी है और कोकराझार जिले में झड़पों और भीड़ की हिंसा के बाद आरएएफ पहले से मौके पर मौजूद है। शर्मा ने कहा कि कोकराझार और पड़ोसी चिरांग जिले

में इंटरनेट/मोबाइल डेटा सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने और सरकार की मदद करने की अपील की। मुख्यमंत्री अभी विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की बैठक में भाग लेने के लिए दावोस में हैं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वह राज्य सरकार और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि स्थिति जल्द से जल्द सामान्य हो जाए। उन्होंने राजनीतिक दलों और नागरिक समाज के नेताओं से जिले में सामान्य स्थिति बहाल करने में सहयोग देने की अपील भी की। पुलिस महानिदेशक हरमीत सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ कोकराझार के लिए रवाना हो गए हैं। गृह विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि सोमवार रात कोकराझार थाने के अंतर्गत करीगांव चौकी क्षेत्र में मानसिंह रोड पर तीन बोडो लोगों को ले जा रहे एक वाहन से दो आदिवासी व्यक्तियों को टक्कर लग गयी। इसके बाद आदिवासी ग्रामीणों ने तीनों बोडो लोगों के साथ मारपीट की और वाहन को आग लगा दी।

नफरत फैलाने वाले भाषणों से संबंधित लंबित याचिकाओं को बंद करने पर विचार किया जाएगा: न्यायालय

नयी दिल्ली : उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि वह 2021 से लंबित नफरती भाषणों से संबंधित अधिकतर याचिकाओं को बंद कर देगा, जिनमें अदालत ने पुलिस को स्वतः संज्ञान लेते हुए प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया था। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कई व्यक्तियों द्वारा दायर याचिकाओं के एक समूह पर आदेश सुरक्षित रख लिया जब केंद्र सरकार, दिल्ली पुलिस और उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा कि अदालत के निर्देशों का पर्याप्त अनुपालन किया गया है। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता कानून के अनुसार अपने कानूनी उपाय अपना सकते हैं। हालांकि, शीर्ष अदालत ने नोएडा में 2021 में एक मौलवी के खिलाफ कथित घृणा अपराध से संबंधित

मामले की सुनवाई फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी ताकि मामले की सुनवाई की प्रगति का पता लगाया जा सके। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश वकील रुचिरा गोयल ने बताया कि इस मामले में आरोपपत्र दाखिल किया जा चुका है और जांच के दौरान यह पाया गया कि यह मामला घृणा अपराध का नहीं बल्कि लुटेरों के एक गिरोह का था, जो लोगों को अपनी कार में लिफ्ट देने के बहाने ठगते थे। हालांकि, मौलवी की ओर से पेश अधिवक्ता शाहरुख आलम ने उत्तर प्रदेश सरकार के बयान पर संदेह जताया और कहा कि राज्य सरकार इसे अपराध का मामला मानने को तैयार नहीं है। उन्होंने अदालत से इस पर गौर करने का अनुरोध किया। शीर्ष अदालत ने 28 अप्रैल, 2023 को, 2022 के अपने आदेश के दायरे को तीन राज्यों से आगे बढ़ाते हुए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे घृणास्पद भाषण देने वालों के खिलाफ मामले दर्ज करें, भले ही कोई शिकायत न की गई हो। न्यायालय ने नफरती भाषणों को एक गंभीर अपराध करार दिया था जो देश के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने को प्रभावित करते हैं।

जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल सिन्हा ने श्रीनगर में पुनर्निर्मित अमीरा कदल पैदल पुल का उद्घाटन किया

श्रीनगर : जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को यहां पुनर्विकसित अमीरा कदल पैदल पुल का उद्घाटन किया और कहा कि इस परियोजना का उद्देश्य शहर की विरासत को आधुनिक सुविधाओं के साथ जोड़कर एक जीवंत स्थान तैयार करना है। पुनर्निर्मित पैदल यात्री पुल का उद्घाटन करने के बाद पत्रकारों से सिन्हा ने कहा कि श्रीनगर स्मार्ट सिटी के तहत शुरू की गई इस परियोजना का उद्देश्य शहर के पारंपरिक स्वरूप को आधुनिक बुनियादी ढांचे के साथ एकीकृत करके सांस्कृतिक और जीवंत सार्वजनिक स्थान बनाना है। उपराज्यपाल ने कहा, यह एक पुराना पुल है, जिसका पुनर्निर्माण 2023 में शुरू हुआ था। आज इसे श्रीनगर के निवासियों को समर्पित किया गया है। स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत प्राचीन विरासत और आधुनिक सुविधाओं को जोड़ने का ध्यान रखा गया है, ताकि श्रीनगर शहर में अच्छे सांस्कृतिक और जीवंत स्थान बनाए जा सकें। अधिकारियों ने कहा कि लकड़ी का यह पैदल पुल झेलम नदी के पार पैदल यात्रियों की आवाजाही को काफी हद तक सुगम बनाने के साथ-साथ अमीरा कदल क्षेत्र के ऐतिहासिक स्वरूप को भी संरक्षित करने में सहायक होगा। अधिकारियों ने बताया कि इसका उद्देश्य झेलम नदी के किनारे तक पैदल यात्रियों के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक पहुंच प्रदान करना और गोनी खान, महाराजा बाजार और हरि सिंह हाई स्ट्रीट सहित प्रमुख विरासत और वाणिज्यिक क्षेत्रों के साथ निर्बाध संपर्क सुनिश्चित करना है।

पंजाब पुलिस का 'ऑपरेशन प्रहार' शुरू, विदेश में रहने वाले 60 गैंगस्टर से जुड़े ठिकानों पर छापेमारी

चंडीगढ़ : पंजाब सरकार ने मंगलवार को संगठित अपराध के पूरे तंत्र को खत्म करने के लिए राज्यव्यापी अभियान 'ऑपरेशन प्रहार' शुरू किया जिसमें 2,000 से अधिक पुलिस टीम राज्य भर में उन स्थानों पर छापेमारी कर रही हैं जो विदेश में रहने वाले 60 गैंगस्टर के सहयोगियों से जुड़े हुए हैं। यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पंजाब पुलिस के महानिदेशक गौरव यादव ने कहा कि राज्य भर में छापेमारी की जा रही है और 72 घंटे तक चलने वाले इस अभियान में 12,000 पुलिसकर्मी भाग ले रहे हैं। यादव ने पत्रकारों से कहा, वित्तपोषण, साजो-सामान, सुरक्षित ठिकाने, हथियारों की आपूर्ति श्रृंखला, संचार नेटवर्क... हम गैंगस्टरों के पूरे तंत्र को ध्वस्त

करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उनके मददगारों और सहयोगियों को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा, गुंडों के खिलाफ राज्यव्यापी व्यापक अभियान शुरू हो चुका है। पंजाब भर में विदेश में रह रहे 60 गैंगस्टर के सहयोगियों से जुड़े स्थानों पर लगभग 2,000 पुलिस टीम छापेमारी कर रही हैं। ये छापेमारी 72 घंटे लंबे 'ऑपरेशन प्रहार' का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस ने इस अभियान के तहत आपराधिक गतिविधियों में शामिल 60 गैंगस्टर के 1,200 सहयोगियों और उनके परिवार के 600 सदस्यों की पहचान की है। इन गैंगस्टर में प्रमुख गोल्डी बराड़, रोहित गोदारा (बरार-रोहित गोदारा-काला जठेरी गैंग), अर्श दल्ला (जयपाल गैंग), हैरी चट्ठा (जग्गू भगवानपुरिया गैंग) और हरविंदर सिंह संधू उर्फ रिंदा (रिंडा-लांडा गैंग) हैं। विदेश में छिपे सभी गैंगस्टर को चेतावनी देते हुए डीजीपी ने कहा, वे विदेश में सुरक्षित महसूस न करें। जल्द ही उन्हें कानून का सामना करने के लिए पंजाब वापस लाया जाएगा। डीजीपी ने कहा कि पुलिस ने विदेश में रहने वाले 60 ऐसे गैंगस्टर की पहचान की है जो वहां से ही पंजाब में अपने स्थानीय सहयोगियों के माध्यम से आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी 23 जनवरी को तिरुवनंतपुरम का दौरा करेंगे, भाजपा ने भव्य स्वागत की बनाई योजना

तिरुवनंतपुरम : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 23 जनवरी को तिरुवनंतपुरम का दौरा करेंगे जिस दौरान उनका एक बड़ा रोड शो भी होगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेताओं ने मंगलवार को बताया कि उनके भव्य स्वागत की तैयारी की जा रही है। भाजपा द्वारा तिरुवनंतपुरम नगर निगम में जीत हासिल करने के बाद मोदी की प्रदेश की यह पहली यात्रा है। नगर निकाय में इस जीत के साथ भाजपा ने वहां चार दशकों से अधिक समय से चल रहे वामपंथी शासन को समाप्त किया है। उनके अनुसार, सुबह 11 बजे पुथारिकंदम मैदान में लगभग 25,000 कार्यकर्ताओं के उनके स्वागत के लिए एकत्र होने की उम्मीद है। अपनी यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री तिरुवनंतपुरम के विकास की एक योजना महापौर वी.वी. राजेश को सौंपेंगे। पार्टी नेताओं ने यहां बताया कि यह योजना 2030 तक शहर के विकास और वृद्धि की रूपरेखा प्रस्तुत करती है। वे केरल के लिए स्वीकृत चार नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। भाजपा के प्रदेश नेताओं ने कहा कि यह दौरा स्थानीय निकाय चुनावों के दौरान किए गए वादे को पूरा करता है। एक संवाददाता सम्मेलन में पार्टी के प्रदेश महासचिव एस. सुरेश ने कहा कि मोदी सुबह 10 बजे शहर पहुंचेंगे और एक आधिकारिक रेलवे कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके बाद वह पुथारिकंदम मैदान में पार्टी की बैठक में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री मैदान पहुंचने से पहले रोड शो में हिस्सा लेंगे।

किश्तवाड़ में आतंकवादियों का पता लगाने के लिए व्यापक तलाशी अभियान जारी, कई व्यक्ति हिरासत में

जम्मू : जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के ऊपरी इलाकों में आतंकवादियों का पता लगाने के लिए चलाए जा रहे तलाशी अभियान के तीसरे दिन मंगलवार को सुरक्षा बलों ने कई लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। चतरू क्षेत्र के मन्द्राल-सिंहपुरा के पास सोनार गांव में रविवार को अभियान शुरू किया गया था और इस बीच हुई मुठभेड़ में एक 'पैराटूपर' शहीद हो गया तथा छिपे हुए आतंकवादियों द्वारा अचानक किए गए ग्रेनेड हमले से सात अन्य घायल हो गए। आतंकवादी घने जंगल में भाग गए, लेकिन खाने-पीने की चीजें, कंबल और बर्तनों सहित बड़ी मात्रा में सर्दियों के सामान से भरे उनके

ठिकाने का भंडाफोड़ किया गया। जम्मू जोन के पुलिस महानिरीक्षक भीम सेन तुती और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जम्मू महानिरीक्षक आर. गोपाल कृष्ण राव सहित वरिष्ठ अधिकारी भी मुठभेड़ स्थल पर पहुंच गए तथा वे अभियान की निगरानी के लिए वर्तमान में कई सेना अधिकारियों के साथ वहीं डेरा डाले हुए हैं। इसी बीच, शहीद हुए विशेष बल कमांडो हवलदार गजेंद्र सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए जम्मू में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

हिमाचल में 22 जनवरी से भारी हिमपात की संभावना; अलर्ट जारी

शिमला : शिमला मौसम विज्ञान केंद्र ने मंगलवार को 23 जनवरी के लिए तीन जिलों - कुल्लू, चंबा और लाहौल एवं स्पीति के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया, जिसमें इन जिलों के कुछ स्थानों पर भारी हिमपात और वर्षा का अनुमान जताया गया है। मौसम कार्यालय ने बताया कि राज्य के बाकी नौ जिलों के लिए 23 जनवरी को 'येलो अलर्ट' जारी किया गया है। मौसम कार्यालय ने अपने पूर्वानुमान में कहा, ''राज्य में हिमपात और वर्षा 26 जनवरी तक जारी रहेगी। आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान 2-3 डिग्री सेल्सियस तक गिरने की संभावना है, जबकि अधिकतम तापमान 6-8 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है।''

चंद्रमा पर लौटने के प्रयासों के साथ अंतरिक्ष दौड़ जारी है: सुनीता विलियम्स

नयी दिल्ली : अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने कहा है कि मौजूदा समय में अंतरिक्ष दौड़ चल रही है, लेकिन इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मानव चंद्रमा पर दोबारा लौटे और यह प्रक्रिया सार्थक व लोकतांत्रिक तरीके से आगे बढ़े।यहां 'अमेरिकन सेंटर' में आयोजित लगभग एक घंटे के संवाद सत्र से पहले अपने संक्षिप्त संबोधन में विलियम्स ने कहा कि भारत आना उन्हें घर वापसी जैसा लगता है, क्योंकि यह उनके पिता की जन्मभूमि है। गहरे नीले रंग के अंतरिक्ष परिधान और इसी रंग के जूतों में पहुंचीं 60 वर्षीय विलियम्स का युवाओं से भरे सभागार में जोरदार तालियों के साथ स्वागत किया गया।बातचीत के दौरान उन्होंने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष

स्टेशन (आईएसएस) में बिताए अपने अनुभव साझा किए। आठ दिन के मिशन पर गई विलियम्स को तकनीकी कारणों से नौ महीने से अधिक समय तक अंतरिक्ष में रहना पड़ा, जिसे उन्होंने अपने जीवन की सबसे बड़ी चुनौती बताया।उन्होंने बताया कि आईएसएस पर रूस, जापान, यूरोप, कनाडा और अन्य देशों के अंतरिक्ष यात्री एक साथ रहते और काम करते थे तथा वहीं थैंक्सगिविंग, क्रिसमस और जन्मदिन जैसे अवसर मनाए जाते थे। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, हम बहुत अच्छे गायक नहीं हैं, लेकिन अंतरिक्ष में केक जरूर बना सकते हैं।विलियम्स ने यह भी कहा कि अंतरिक्ष मिशन केवल तकनीकी चुनौती नहीं, बल्कि मानसिक संतुलन की भी परीक्षा होते हैं। उन्होंने अंतरिक्ष मलबे के प्रबंधन और अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी कंपनियों की बढ़ती भूमिका पर भी विचार रखे। जब उनसे पूछा गया कि निजी क्षेत्र की भागीदारी से अंतरिक्ष दौड़ और तेज होगी या नहीं, तो उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा तो है, लेकिन लक्ष्य मानवता के लिए उपयोगी, सुरक्षित और सहयोग आधारित अंतरिक्ष अन्वेषण होना चाहिए।

अयोध्या के रामकथा संग्रहालय को 233 साल पुरानी रामायण की पांडुलिपि भेंट की गई

नयी दिल्ली : संस्कृति मंत्रालय ने वाल्मीकि रामायण की एक दुर्लभ 233 वर्ष पुरानी संस्कृत पांडुलिपि अयोध्या के राम कथा संग्रहालय को मंगलवार को भेंट करने की घोषणा की। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति श्रीनिवास वरखेड़ी ने प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय की कार्यकारी परिषद के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा को वाल्मीकिरामायणम (तत्त्वदीपिकाटिका सहित) की पांडुलिपि सौंपी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि आदि कवि वाल्मीकि द्वारा रचित और महेश्वर तीर्थ द्वारा लिखित शास्त्रीय टीका के साथ यह पांडुलिपि संस्कृत (देवनागरी लिपि में) में लिखी गई है। बयान के मुताबिक, यह विक्रम संवत 1849 (1792 ईस्वी) की ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण कृति है और रामायण की एक दुर्लभ संरक्षित पाठ्य परंपरा का प्रतिनिधित्व करती है। इसमें कहा गया, संग्रह में महाकाव्य के पांच प्रमुख कांड, बालकांड, अरण्यकांड, किष्किंधाकांड, सुंदरकांड और युद्धकांड शामिल हैं, जो इतिहास की कथात्मक व दार्शनिक गहराई को दर्शाते हैं। इस पांडुलिपि को पहले नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन को दिया गया था और अब इसे अयोध्या स्थित अंतरराष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय को स्थायी रूप से भेंट कर दिया गया है।

तमिलनाडु विधानसभा में राज्यपाल ने अभिभाषण नहीं पढ़ा, स्टालिन ने 'वॉकआउट' को दुर्भाग्यपूर्ण बताया

चेन्नई : तमिलनाडु के राज्यपाल आर. एन. रवि राज्य विधानसभा में साल के पहले सत्र के दौरान मंगलवार को अपना परंपरागत अभिभाषण पढ़े बिना ही सदन से बाहर चले गए। उन्होंने द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार द्वारा तैयार किए गए अभिभाषण में कथित तौर पर भ्रामक दावे किये जाने के कारण ऐसा किया। रवि के 2021 में राज्यपाल बनने के बाद से इस तरह का यह उनका चौथा वॉकआउट है। मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने राज्यपाल के इस कदम की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि यह उच्च पद की गरिमा के अनुरूप नहीं है और यह सदन का अपमान है।

उन्होंने कहा, राज्यपाल ने नियम, परंपरा और आचार का उल्लंघन कर यह वॉकआउट किया, जो स्वीकार्य नहीं है।स्टालिन ने कहा कि उनकी पार्टी संविधान में संशोधन करके राज्यपाल के साल की शुरुआत में अभिभाषण देने के प्रावधान को हटाने का प्रयास करेगी। उन्होंने विधानसभा में एक प्रस्ताव पेश किया, जिसमें कहा गया कि केवल सरकार द्वारा तैयार किया गया अभिभाषण ही आधिकारिक रिकॉर्ड में जाएगा।मुख्यमंत्री ने सदन को बताया कि अनुच्छेद 176 के अनुसार परंपरागत अभिभाषण राज्य सरकार द्वारा तैयार किया जाता है और इसे राज्यपाल को पूरी तरह पढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा, राज्यपाल को अभिभाषण पर व्यक्तिगत राय व्यक्त करने या किसी हिस्से को छोड़ने का अधिकार नहीं है।स्टालिन ने कहा कि राज्यपाल का यह व्यवहार तमिल लोगों की भावनाओं के खिलाफ है। राज्यपाल को राज्य की भलाई, जनता के

उच्चतम न्यायालय ने आवारा कुत्तों से जुड़े आदेश पर मेनका की टिप्पणियों को 'अदालत की अवमानना' बताया

नयी दिल्ली : उच्चतम न्यायालय ने पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी द्वारा आवारा कुत्तों के मुद्दे पर शीर्ष अदालत के आदेशों की आलोचना करने वाली टिप्पणियों के संबंध में नाराजगी व्यक्त करते हुए मंगलवार को कहा कि उन्होंने अदालत की अवमानना की। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने कहा कि पूर्व मंत्री ने बिना सोचे-समझे सभी के खिलाफ हर तरह की टिप्पणियां की हैं। गांधी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता राजू रामचंद्रन से सवाल करते हुए पीठ ने कहा, ''आपने कहा कि अदालत को अपनी टिप्पणी में सावधानी बरतनी चाहिए, लेकिन क्या आपने अपनी मुवक्किल से पूछा है कि उन्होंने किस तरह की टिप्पणियां की हैं? क्या आपने उनका पॉडकास्ट सुना है? उन्होंने बिना सोचे-समझे सबके खिलाफ तरह-तरह की टिप्पणियां की हैं। क्या आपने उनके हाव-भाव देखे हैं? पीठ ने कहा कि अदालत की उदारता के कारण वह पूर्व केंद्रीय मंत्री के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू नहीं कर रही है। न्यायमूर्ति मेहता ने रामचंद्रन से पूछा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री के रूप में मेनका गांधी ने आवारा कुत्तों की समस्या को खत्म करने के लिए बजट में क्या आवंटन कराने में मदद की।

रेलवे ने वंदे भारत स्लीपर, अमृत भारत 2 के टिकट रद्द करने पर 'रिफंड' के लिए कड़े नियम बनाए

नयी दिल्ली : वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस और अमृत भारत 2 ट्रेनों के यात्री यदि निर्धारित प्रस्थान समय से आठ घंटे से पहले, अपने 'कंफर्म' टिकट रद्द करते हैं तो एक भी पैसा वापस नहीं मिलेगा। रेल मंत्रालय द्वारा 16 जनवरी को जारी एक अधिसूचना के अनुसार, इन ट्रेनों के टिकट रद्द करने का शुल्क किराये का 25 प्रतिशत होगा, बशर्ते कि 'कंफर्म' टिकट 72 घंटे से पहले रद्द किए जाएं। मंत्रालय ने रेल यात्री (टिकट रद्द करना और किराया वापसी) नियम, 2015 में संशोधन किया है और वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस के साथ-साथ अमृत भारत 2 ट्रेनों के लिए सख्त नियमों को

अधिसूचित किया है। अधिसूचना के अनुसार, ''यदि ट्रेन के निर्धारित प्रस्थान समय से आठ घंटे से कम समय पहले टिकट रद्द किया जाता है, तो कोई रकम वापस नहीं दी जाएगी।'' अन्य ट्रेनों के मामले में, यदि 'कंफर्म' टिकट निर्धारित प्रस्थान समय से चार घंटे से कम समय पहले रद्द किए जाते हैं, तो धनवापसी के लिए पात्र नहीं होंगे। अधिसूचना के अनुसार, ''यदि ट्रेन के निर्धारित प्रस्थान समय से 72 घंटे से पहले टिकट रद्द किया जाता है, तो रद्द करने का शुल्क किराये का 25 प्रतिशत होगा। वहीं, यदि ट्रेन के निर्धारित प्रस्थान समय से 72 घंटे से लेकर आठ घंटे पहले तक टिकट रद्द किया जाता है तो इसका शुल्क किराये का 50 प्रतिशत होगा।'' अन्य ट्रेनों के लिए, यदि 'कंफर्म' टिकट को निर्धारित प्रस्थान समय से 48 घंटे से 12 घंटे पहले रद्द किया जाता है तो किराये का 25 प्रतिशत नहीं लौटाया जाता है, जबकि ट्रेन के निर्धारित प्रस्थान समय से 12 घंटे से 4 घंटे पहले टिकट रद्द किया जाता है तो 50 प्रतिशत शुल्क लागू होता है। संशोधित नियमों की व्याख्या करते हुए रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''इसका मतलब यह है कि टिकट कंफर्म होने के बाद, इसे रद्द करने का न्यूनतम शुल्क टिकट की कीमत का 25 प्रतिशत है, और यह अवधि के आधार पर 100 प्रतिशत तक जा सकता है।'' उन्होंने कहा, ''वंदे भारत स्लीपर और अमृत भारत 2 में, अन्य ट्रेनों के विपरीत, प्रत्येक यात्री को एक निश्चित बर्थ की गारंटी दी जाती है।

भुवनेश्वर: बाजार में भीषण आग लगने से 40 से अधिक दुकानें जलीं

भुवनेश्वर : भुवनेश्वर के 'यूनिट-1' बाजार में सोमवार देर रात लगी भीषण आग में 40 से अधिक दुकानें जलकर खाक हो गईं और लाखों रुपये का सामान नष्ट हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि रात करीब डेढ़ बजे लगी आग को बुझाने के लिए दमकल के 13 से अधिक वाहन और 80 कर्मियों को घंटों लग गए तथा फिलहाल किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी रमेश चंद्र माझी ने कहा कि दुकानों के एक-दूसरे के बहुत करीब स्थित होने और कर्मियों तथा उपकरणों को ले जाने के लिए पर्याप्त जगह न होने की वजह से

आग पर काबू पाना मुश्किल था। दमकल के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि घटना के समय दो लोग एक दुकान में सो रहे थे, लेकिन वे वहां से निकलने में कामयाब रहे, जिससे उनकी जान बच गई। सुबह के समय भुवनेश्वर की महापौर सुलोचना दास और भुवनेश्वर नगर निगम (बीएमसी) के आयुक्त चंचल राणा ने स्थिति का जायजा लेने के लिए घटनास्थल का दौरा किया। दास ने कहा कि दुकानें बनाने में प्लास्टिक के सामान का अधिक उपयोग किया गया था, जिससे आग तेजी से फैल गई। उन्होंने कहा कि बाजार में एक छोटे से क्षेत्र में कई दुकानें बनाई गई हैं, जिसके कारण अक्सर आग लगने की घटनाएं होती रहती हैं। राणा ने पत्रकारों से कहा, ''आग में करीब 40 दुकानें और कुछ ठेले जलकर खाक हो गए। नुकसान का आकलन करने के लिए हमारी आपातकालीन टीम और तहसीलों की दो टीम तैनात की गई हैं। प्रभावित दुकानदारों को सरकार की ओर से आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी।

न्यूज ब्रीफ

पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के लिये दक्षिण अफ्रीका जायेगी भारतीय महिला टीम

जोहानिसबर्ग: क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने मंगलवार को घोषणा की कि भारतीय महिला टीम पांच मैचों की अंतरराष्ट्रीय टी20 श्रृंखला खेलने अप्रैल में यहां आयेगी। ये मैच 17 से 27 अप्रैल के बीच डरबन, जोहानिसबर्ग और बेनोनी में खेले जायेंगे। पहला और दूसरा मैच डरबन में 17 और 19 अप्रैल को होगा। इसके बाद तीसरा और चौथा मैच जोहानिसबर्ग में 22 और 25 अप्रैल को और आखिरी मैच बेनोनी में 27 अप्रैल को खेला जायेगा। इंग्लैंड में 12 जून से होने वाले आईसीसी महिला टी20 विश्व से पहले दक्षिण अफ्रीका टीम की यह आखिरी श्रृंखला होगी।

ए प्लस श्रेणी को हटाकर केंद्रीय अनुबंध को सरल बनायेगा बीसीसीआई

नयी दिल्ली: बीसीसीआई खिलाड़ियों के केंद्रीय अनुबंध को सरल बनाते हुए 2018 में शुरू की गई ए प्लस श्रेणी खत्म करने जा रहा है। मौजूदा नीति के तहत ए प्लस श्रेणी के क्रिकेटरों को सालाना सात करोड़ रूपये , ए श्रेणी वालों को पांच करोड़, बी श्रेणी वाले को तीन करोड़ और सी श्रेणी में एक करोड़ रूपये दिये जाते हैं। वर्ष 2025 . 26 के लिये खिलाड़ियों को ए, बी और सी श्रेणी में रखा जायेगा। पिछले चक्र में सिर्फ चार खिलाड़ी विराट कोहली, रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा ए प्लस श्रेणी में थे। इनमें से सिर्फ बुमराह तीनों प्रारूप में खेलते हैं। कोहली और रोहित सिर्फ वनडे खेलते हैं जबकि जडेजा टेस्ट और वनडे खेलते हैं। केंद्रीय अनुबंध को शीर्ष परिषद की अगली बैठक में मंजूरी दी जायेगी। बोर्ड के एक अधिकारी ने हालांकि पीटीआई को बताया कि तीनों प्रारूपों में तेज आक्रमण की अगुवाई करने वाले बुमराह जैसे खिलाड़ी के पारिश्रमिक में कोई कटौती नहीं की जायेगी भले ही वह कार्यभार प्रबंधन के कारण कुछ मैचों से बाहर रहे हों।

वनडे का हिसाब चुकता करने उतरेगा भारत, सूर्यकुमार पर रहेगी नजर

नागपुर: न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला में मिली हार का बदला चुकता करने के इरादे से भारतीय टीम बुधवार से शुरू हो रही पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में उतरेगी। इस श्रृंखला पर अगले महीने घरेलू धरती पर होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारियों की भी छाया रहेगी। ऐसे में कप्तान सूर्यकुमार यादव का प्रदर्शन खास तौर पर निगाहों में रहेगा, जो हाल के दिनों में रन बनाने के लिए जूझते नजर आए हैं। सूर्यकुमार ने 2024 में टी20 टीम की कमान संभाली थी, जिसके बाद भारत का जीत प्रतिशत 72 से अधिक रहा है। हालांकि कप्तान के रूप में उनकी सफलता के बावजूद बल्लेबाजी में उनका हालिया फॉर्म चिंता का विषय रहा है। पिछले 19 टी20 मैचों में बिना अर्धशतक के 218 रन बनाना किसी भी शीर्ष खिलाड़ी के लिए आदर्श स्थिति नहीं कही जा सकती। भारतीय टीम पिछले दो वर्षों से टी20 में लगभग 'ऑटो मोड' पर रही है। आईपीएल के कारण खिलाड़ियों की भूमिकाएं

स्पष्ट हैं और टीम संतुलित दिखती है। अभिषेक शर्मा की आक्रामक शुरुआत और वरुण चक्रवर्ती की बीच के ओवरों में प्रभावी गेंदबाजी भारत की बड़ी ताकत रही है। न्यूजीलैंड की टीम हालांकि कमजोर नहीं है। भारत के खिलाफ टेस्ट में क्लीन स्वीप और वनडे श्रृंखला जीतने से उसका मनोबल ऊंचा है। डेवोन कॉनवे, डैरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स और कप्तान मिचेल सैंटनर जैसे खिलाड़ी किसी भी परिस्थिति में मैच का रुख बदल सकते हैं। टी20 श्रृंखला में हार्दिक पंड्या और जसप्रीत बुमराह की वापसी से भारतीय टीम और मजबूत हुई है। पंड्या के ऑलराउंड प्रदर्शन से टीम को अतिरिक्त संतुलन मिलेगा, जबकि बुमराह की मौजूदगी से गेंदबाजी आक्रमण धारदार बनेगा। ईशान किशन के तीसरे नंबर पर उतरने और सूर्यकुमार के चौथे नंबर पर खेलने की पुष्टि से टीम संयोजन लगभग तय दिखता है। कुल मिलाकर यह श्रृंखला भारत के लिए बदला चुकता करने के साथ-साथ विश्व कप की तैयारियों को परखने का अहम अवसर होगी।

ईशान तीसरे नंबर पर उतरेगा,टी20 विश्व कप से पहले मैच अभ्यास की जरूरत : सूर्यकुमार

नागपुर: भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने मंगलवार को कहा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी श्रृंखला में ईशान किशन को श्रेयस अय्यर से पहले बल्लेबाजी के लिये भेजा जायेगा क्योंकि वह भारत की टी20 विश्व कप टीम का हिस्सा हैं और चोटिल तिलक वर्मा की तरह ही खब्बू बल्लेबाज हैं। तिलक के पेट का आपरेशन हुआ है और वह पहले तीन मैचों से बाहर हैं। इससे श्रेयस को पहले तीन मैचों के लिये वापसी का मौका मिला है। सूर्यकुमार ने मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,'ईशान तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेगा क्योंकि वह हमारी टी20 विश्व कप टीम का हिस्सा है और उसे टीम में पहले चुना गया तो उसे मौका देना हमारी जिम्मेदारी है।' उन्होंने कहा ,'पिछले डेढ साल से वह भारत के लिये खेला नहीं है लेकिन घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है।' उन्होंने कहा ,'ईशान को टी20 विश्व कप के लिये चुना गया है तो उसे श्रेयस से ऊपर भेजा जाना चाहिये। अगर चौथे या पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी की बात होती तो अलग सवाल होता। तिलक भी नहीं है तो ईशान हमारे पास सर्वश्रेष्ठ विकल्प है।'

टी20 विश्व कप में भागीदारी को लेकर आईसीसी के दबाव में नहीं आयेंगे : बांग्लादेश सरकार सलाहकार

ढाका: बांग्लादेश सरकार के खेल सलाहकार आसिफ नजरूल ने मंगलवार को दोहराया कि उनकी टीम किसी भी हालत में टी20 विश्व कप के लिये भारत नहीं जायेगी हालांकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को भागीदारी पर फैसला लेने के लिये 21 जनवरी तक का समय दिया है। बीसीबी अगर 20 टीमों के टूर्नामेंट के लिये भारत टीम नहीं भेजता है तो मौजूदा रैंकिंग के आधार पर स्कॉटलैंड को उतारा जा सकता है। नजरूल ने पत्रकारों से कहा ,'मुझे जानकारी नहीं है कि हमारी जगह स्कॉटलैंड को शामिल किया गया है। अगर आईसीसी भारतीय क्रिकेट बोर्ड के दबाव में आकर बेतुकी शर्तें रखकर हम पर दबाव बनाने की कोशिश करता है तो हम इसे स्वीकार नहीं करेंगे।' उन्होंने कहा ,'पहले भी ऐसा हुआ है कि पाकिस्तान ने कहा कि वे भारत नहीं जायेंगे तो आईसीसी ने वेन्यू बदल दिया। हमने तार्किक आधार पर स्थान बदलने के लिये कहा है और अतार्किक दबाव डालकर हमें भारत में खेलने के लिये बाध्य नहीं किया जा सकता।'

न्यूज अपडेट

चोटिल कमलिनी की जगह वैष्णवी शर्मा मुंबई की टीम में शामिल

वडोदरा: भारतीय स्पिनर वैष्णवी शर्मा को मंगलवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के शेष मैचों के लिए चोटिल विकेटकीपर बल्लेबाज जी कमलिनी की जगह मुंबई इंडियंस की टीम में शामिल किया गया। सत्रह वर्षीय कमलिनी ने डब्ल्यूपीएल के इस सत्र में पांच मैचों में से चार में पारी की शुरुआत की जिसमें उन्होंने 97.40 के स्ट्राइक रेट से केवल 75 रन बनाए। डब्ल्यूपीएल ने एक विज्ञप्ति में कहा, 'वैष्णवी शर्मा 30 लाख रुपये में मुंबई इंडियंस में शामिल होंगी।' वैष्णवी 2025 में भारत की अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम की सदस्य थीं। उन्होंने पिछले महीने श्रीलंका के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला से टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया, जिसे भारत ने 5-0 से जीता था। इस 20 वर्षीय खिलाड़ी ने अपनी बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी से अच्छा प्रभाव डाला और पांच विकेट लिए।

आस्ट्रेलिया के मालास्जुक ने अंडर 19 विश्व कप इतिहास का सबसे तेज शतक लगाया

विंडहोक (नामीबिया): आस्ट्रेलिया के बायें हाथ के बल्लेबाज विल माल-स्जुक ने आईसीसी अंडर 19 विश्व कप के इतिहास का सबसे तेज शतक सिर्फ 51 गेंदों में लगाया जिसकी मदद से आस्ट्रेलिया ने टी20 विश्व कप में मंगलवार को जापान को आठ विकेट से मात दी। विल ने 55 गेंद में 102 रन बनाये और 202 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आस्ट्रेलिया को आसान जीत दिलाई। इसके साथ ही आस्ट्रेलिया ने सुपर सिक्स में प्रवेश कर लिया है। जापान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में आठ विकेट पर 201 रन बनाये थे।

सातवीं बार असम में होगी संतोष ट्रॉफी

नयी दिल्ली: 79वीं राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप संतोष ट्रॉफी बुधवार से असम में शुरू होगी जो सातवीं बार इसकी मेजबानी कर रहा है। पहली बार असम में 1959 . 60 में संतोष ट्रॉफी खेली गई थी। टूर्नामेंट के क्वालीफाइंग दौर के लिये सभी राज्यों की टीमों को नौ समूहों में बांटा गया है और हर समूह की शीर्ष टीम फाइनल दौर में खेलेगी। मेजबान और पिछले सत्र की उपविजेता असम, पश्चिम बंगाल और केरल सीधे फाइनल दौर में खेलेंगे। नॉकआउट क्वार्टर फाइनल दो और तीन फरवरी को होंगे जबकि सेमीफाइनल पांच फरवरी को और फाइनल आठ फरवरी को खेला जायेगा।

सेना पुरूष, लद्दाख महिला टीम की शानदार शुरूआत

लेह: गत चैम्पियन लद्दाख महिला और सेना पुरूष टीम ने खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2026 में बृहस्पतिवार को आइस हॉकी स्पर्धा में शानदार शुरूआत की। आईटीबीपी और हिमाचल प्रदेश ने भी अपने अपने मैच जीते। लद्दाख में तीसरी बार ये खेल हो रहे हैं जो 26 जनवरी तक चलेंगे। इसमें आइस हॉकी और स्केटिंग शामिल हैं। इसके बाद बर्फ वाला चरण इस साल के आखिर में जम्मू कश्मीर के गुलमर्ग में खेला जायेगा। आइस हॉकी में ग्रुप बी में पिछले साल की उपविजेता आईटीबीपी ने राजस्थान को 6 . 0 से हराया जबकि ग्रुप ए में तेलंगाना महिला टीम को लद्दाख ने 19 . 1 से मात दी। पुरूष वर्ग में गत चैम्पियन सेना ने हिमाचल प्रदेश को 5 . 1 से और आईटीबीपी ने राजस्थान को 16 . 0 से हराया।

अमेलिया वाल्वेर्डे भारतीय सीनियर महिला टीम की कोच बनी

नयी दिल्ली: अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने मंगलवार को कोस्टा रिका की अमेलिया वाल्वेर्डे को भारतीय सीनियर महिला टीम की मुख्य कोच बनाया। 39 वर्ष की अमेलिया अंताल्या में भारतीय टीम के शिविर में पहुंच गई है। भारतीय टीम मार्च में होने वाले एएफसी महिला एशियाई कप आस्ट्रेलिया 2026 की तैयारी कर रही है। पंद्रह बरस पहले कोचिंग कैरियर की शुरूआत करने वाली अमेलिया 2015 से 2023 तक कोस्टा रिका महिला टीम की कोच रही। उनके कार्यकाल में कोस्टा रिका ने 2015 और 2023 फीफा महिला विश्व कप में भाग लिया। वह 2015 विश्व कप में 28 वर्ष की थी और सबसे युवा

मुख्य कोच रहीं। इससे पहले वह कोस्टा रिका सीनियर और अंडर 20 महिला टीमों की कोच रहीं। उनके साथ गोलकीपिंग कोच एली अविला और स्ट्रेंथ तथा कंडीशनिंग कोच जोस सांचेज भी टीम से जुड़ेंगे।

ओलंपिक पदक विजेता साइना नेहवाल ने लिया बैडमिंटन से संन्यास

नई दिल्ली: ओलंपिक पदक विजेता भारतीय बैडमिंटन स्टार साइना नेहवाल ने खेल से संन्यास की पुष्टि करते हुए कहा कि उनका शरीर अब एलीट खेल की मांगों के अनुरूप उनका साथ नहीं दे रहा है। लंदन ओलंपिक 2012 की कांस्य पदक विजेता साइना ने आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच 2023 सिंगापुर ओपन में खेला था। उन्होंने एक पाडकास्ट में कहा कि मैंने दो साल पहले ही खेलना छोड़ दिया था। मुझे लगा कि मैंने अपनी शर्तों पर खेलना शुरू किया और अपनी शर्तों पर ही विदा लूंगी तो घोषणा करने की जरूरत ही नहीं थी। उन्होंने कहा कि अगर आप

और खेलने में सक्षम नहीं हैं तो कोई बात नहीं।

घुटने की चोट ने किया परेशान

साइना ने कहा कि घुटने की चोट के कारण उन्हें ये फैसला लेने को मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा, आपकी हड्डियां कमजोर हो गई हैं। आपको गठिया की समस्या है। मेरे माता-पिता को, मेरे कोचेस को ये सब पता होना चाहिए। मैंने उन्हें बता दिया है। मैं अब और नहीं खेल सकती। मेरे लिए ये मुश्किल है। साइना ने कहा कि उन्हें कभी अपने संन्यास का आधिकारिक एलान करने की जरूरत महसूस नहीं हुई क्योंकि उन्हें लगता था कि उनकी गैरमौजूदगी स्थिति को साफ कर देगी। उन्होंने कहा, धीरे-धीरे लोगों को एहसास हो जाएगा की साइना नहीं खेल रही है। मुझे नहीं लगता कि मेरे संन्यास का एलान बहुत बड़ा मुद्दा है। मुझे लगा था कि मेरे समय हो गया है क्योंकि मैं अपने आप को ज्यादा पुश नहीं कर सकती थी। मेरा घुटना इस स्थिति में नहीं है।

वृद्धि रफ्तार कायम रखने के लिए ट्रकों की नई श्रृंखला से उम्मीदें: टाटा मोटर्स सीईओ

नयी दिल्ली: जीएसटी दरों में कटौती के बाद वाणिज्यिक वाहनों की मांग में आई तेजी का लाभ उठाने के मकसद से टाटा मोटर्स लिमिटेड इलेक्ट्रिक और डीजल इंजन दोनों श्रेणियों में 17 ट्रकों का नया पोर्टफोलियो लेकर आई है। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी गिरीश वाघ ने मंगलवार को यह जानकारी दी। टाटा समूह की वाणिज्यिक वाहन कंपनी टाटा मोटर्स लिमिटेड के प्रमुख ने पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में कहा कि कंपनी अब इलेक्ट्रिक ट्रकों को अधिक वहन क्षमता के साथ पेश कर इस खंड में भी अपना विस्तार कर रही है। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाए जाने के बाद अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में वाणिज्यिक वाहन उद्योग में स्पष्ट सुधार देखा गया है। वाघ ने कहा, सितंबर तिमाही से दिसंबर तिमाही के बीच इस उद्योग के कुल पंजीकरण में 25.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि टाटा मोटर्स की बिक्री मात्रा करीब 29.4 प्रतिशत बढ़ी है। उन्होंने कहा कि कंपनी इस सकारात्मक रुझान का

फायदा उठाने के लिए अगली पीढ़ी के 17 ट्रकों की नई शृंखला पेश कर रही है, जिसमें 'आई-मोएव' (इंटेलिजेंट मॉड्यूलर इलेक्ट्रिक व्हीकल) संरचना पर आधारित इलेक्ट्रिक ट्रक भी शामिल हैं। कंपनी कम दूरी वाले इलेक्ट्रिक आपूर्ति खंड में पहले से मौजूद है और अब भारी श्रेणी के इलेक्ट्रिक ट्रकों की तरफ अपना विस्तार कर रही है। इलेक्ट्रिक ट्रकों के बारे में वाघ ने कहा कि सात टन से लेकर 55 टन तक की क्षमता वाले टाटा ट्रक्स डॉट ईवी पिछले कुछ वर्षों में ग्राहकों के साथ मिलकर विकसित किए गए हैं और अब तक 3.5 लाख किलोमीटर से अधिक का परीक्षण पूरा कर चुके हैं।

भारत एक सोई हुई ताकत, जगने पर बन सकता है दुनिया की शीर्ष अर्थव्यवस्था: नायडू

दावोस: वरिष्ठ केंद्रीय मंत्रियों के साथ 10 राज्यों के मुख्यमंत्रियों एवं वरिष्ठ नेताओं ने सोमवार को स्विट्जरलैंड के दावोस में एक सुर से भारत की आर्थिक वृद्धि और निवेश संभावनाओं की सराहना की। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की सालाना बैठक में हिस्सा लेने के लिए दावोस पहुंचे आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि भारत पहले से ही दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और अगले दो-तीन वर्ष में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। फिर 2048 तक यह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बन जाएगा। उन्होंने 'इंडिया पैवेलियन' के उद्घाटन कार्यक्रम में कहा, ''हम दिग्गजों से प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। भारत एक सोई हुई ताकत है और अगर हम जाग गए तो 2047 तक नंबर एक बन जाएंगे।' असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि उनका राज्य नरेन्द्र मोदी सरकार की 'एक्ट ईस्ट' और अन्य नीतियों से अत्यधिक लाभान्वित हो रहा है। देश की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला राज्य बन गया है। उन्होंने कहा कि असम का समय आ गया है और सभी निवेशकों को राज्य के विकास में

भागीदार बनना चाहिए। शर्मा ने कहा, 'मैं यहां पहली बार आया हूं और मुझे लगता है कि हमें बहुत पहले आ जाना चाहिए था।' उन्होंने अन्य सभी राज्यों को निवेश आकर्षित करने के उनके प्रयासों के लिए शुभकामनाएं भी दीं। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने राज्य में प्रचलित पारंपरिक अभिवादन 'जोहार' से सभी का अभिवादन किया और सभी राज्यों को बधाई देते हुए उनकी सफलता की कामना की। सोरेन ने कहा कि भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। इंडिया पैवेलियन के उद्घाटन कार्यक्रम में केंद्र सरकार के कई मंत्रियों के अलावा, 10 राज्यों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। दावोस में भारत का यह सबसे बड़ा और सबसे विविध राजनीतिक प्रतिनिधित्व है। इसमें शामिल नेता विभिन्न दलों से ताल्लुक रखने के बावजूद वैश्विक मंच पर भारत की एकजुट तस्वीर पेश कर रहे हैं। इस मौके पर केंद्रीय नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि जब दुनिया की अर्थव्यवस्था धीमी हुई, तब भारत ने रफ्तार पकड़ी और यह वृद्धि पथ अब भी निरंतर जारी है। उन्होंने दावोस में विभिन्न राज्यों की उपस्थिति की सराहना की और कहा कि जब कोई राज्य वृद्धि करता है तो देश भी वृद्धि करता है। जोशी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उद्धृत करते हुए कहा कि भारत की वृद्धि गाथा के बारे में पूरी दुनिया को सूचित करना चाहिए। नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कहा कि सरकार द्वारा इस बाजार के लोकतांत्रीकरण के लिए किए गए ठोस प्रयासों से भारत तीसरा सबसे बड़ा घरेलू नागर विमानन बाजार बन गया है।

सरकार ने जूट की भंडार सीमा मिलों के लिए बढ़ाई, व्यापारियों के लिए घटाई

नयी दिल्ली: केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने मंगलवार को कच्चे जूट की बढ़ती कीमतों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जूट किसानों के हितों की रक्षा के लिए मिलों हेतु इसकी भंडार सीमा बढ़ाने, जबकि व्यापारियों और बेलर्स (गांठ बनाने वालों) के लिए सीमा घटाने का फैसला किया। मंत्री ने निर्देश दिया कि जूट आयुक्त कार्यालय द्वारा चलाए जा रहे जमाखोरी विरोधी अभियान को और तेज किया जाएगा ताकि निर्धारित सीमा से अधिक भंडारण करने वालों का पता लगाकर उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके। कपड़ा मंत्रालय ने बताया कि मौजूदा अभियान में पहले ही कुछ व्यापारियों और बेलर्स की पहचान की गई है, जो नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। कच्चे जूट की ऊंची कीमतों पर काबू पाने में उद्योग की मदद के लिए सरकार ने 'बी ट्विल' जूट बैग की खरीद कीमतों में वृद्धि की है। इन बैगों की कीमत सितंबर 2024 के 58-60 रुपये प्रति बैग से बढ़ाकर सितंबर 2025 में 74 रुपये प्रति बैग और फिर जनवरी 2026 में 87.20 रुपये प्रति बैग कर दी गई हैं। मंत्रालय ने कहा, 'ये उपाय जूट किसानों और श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं, जिनमें से लगभग 80 प्रतिशत पश्चिम बंगाल में स्थित हैं।' मंत्री ने बैठक में मिलों और एमएसएमई के लिए कच्चे जूट की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया ताकि उद्योग का संचालन सुचारू रूप से हो सके।

वैश्विक आईटी सेवा ब्रांड रैंकिंग में आठ भारतीय कंपनियां शामिल, टीसीएस दूसरे स्थान पर

नयी दिल्ली: वैश्विक सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवाओं के क्षेत्र में भारतीय कंपनियों का दबदबा कायम है। ब्रांड फाइनेंस की नवीनतम रिपोर्ट में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस ने क्रमशः दुनिया के दूसरे और तीसरे सबसे मूल्यवान आईटी सेवा ब्रांड के रूप में अपना स्थान बरकरार रखा है। रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक आईटी रैंकिंग में भारत और अमेरिका बहुत करीब खड़े हैं। शीर्ष 25 आईटी सेवा कंपनियों की सूची में इन दोनों देशों की आठ-आठ कंपनियां शामिल हैं। दुनिया की अग्रणी आईटी कंपनियों के ब्रांड मूल्य और मजबूती पर नजर रखने वाली रिपोर्ट कहती है कि एक्सेंचर 42.2 अरब डॉलर के ब्रांड मूल्य के साथ लगातार आठवें साल दुनिया का सबसे मूल्यवान आईटी सेवा ब्रांड चुना गया है। टीसीएस 2026 में 21.2 अरब डॉलर के ब्रांड मूल्य के साथ लगातार पांचवें वर्ष दुनिया का दूसरा सबसे मूल्यवान आईटी सेवा ब्रांड रहा। रिपोर्ट के मुताबिक, टीसीएस को प्रशंसा और विश्वसनीयता जैसे प्रमुख मानकों पर बेहद मजबूत स्कोर मिला है, जो इसे एक भरोसेमंद और विश्वसनीय कारोबारी साझेदार के रूप में स्थापित करता है। ब्रांड पर विचार और अनुशंसा के मामले में भी कंपनी का प्रदर्शन मजबूत रहा, जो दीर्घकालिक ग्राहक विश्वास बनाए रखने की क्षमता दर्शाता है। इन्फोसिस 16.4 अरब डॉलर के ब्रांड मूल्य के साथ दुनिया का तीसरा सबसे मूल्यवान आईटी सेवा ब्रांड रहा। यह बीते छह वर्षों में 15 प्रतिशत की वार्षिक चक्रवृद्धि दर के साथ सबसे तेजी से बढ़ने वाला आईटी सेवा ब्रांड भी रहा है।

भारत-यूरोपीय संघ 'ऐतिहासिक व्यापार समझौते' के बेहद करीब: यूरोपीय आयोग प्रमुख

नयी दिल्ली: यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लिएन ने मंगलवार को कहा कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) अगले सप्ताह शिखर सम्मेलन में 'ऐतिहासिक व्यापार समझौते' की घोषणा के करीब हैं। यह करीब 200 करोड़ लोगों के बाजार को जोड़ते हुए वैश्विक जीडीपी के एक-चौथाई हिस्से को कवर करेगा। यूरोपीय संघ की प्रशासकीय इकाई यूरोपीय आयोग की प्रमुख लिएन ने स्विट्जरलैंड को दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की सालाना बैठक में यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत और ईयू के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का ऐलान एक 'ऐतिहासिक अवसर' होगा और यूरोप को दुनिया के तेजी से बढ़ते एवं गतिशील बाजार के साथ पहले कदम का लाभ देगा। लिएन ने कहा, मैं भारत की यात्रा पर जा रही हूं। हालांकि अभी काम बाकी है लेकिन हम एक ऐतिहासिक व्यापार समझौते के करीब हैं। कुछ लोगों ने तो इसे सबसे महत्वपूर्ण व्यापार समझौता कहा है। यह एक ऐसा समझौता होगा जो करीब 200 करोड़ लोगों का एक बाजार तैयार करेगा जो वैश्विक जीडीपी का करीब चौथाई हिस्सा होगा। लिएन यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंतोनियो कोस्टा के साथ 25 से 27 जनवरी के बीच भारत दौरे पर रहेंगी। दोनों नेता गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उनका प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ शिखर वार्ता का भी कार्यक्रम है। इस शिखर सम्मेलन में एफटीए के अलावा दोनों पक्षों ने रक्षा ढांचा समझौता और 2026-2030 के लिए रणनीतिक एजेंडा तैयार करने की भी योजना है। प्रस्तावित सुरक्षा एवं रक्षा साझेदारी (एसडीपी) दोनों पक्षों के बीच गहन रक्षा और सुरक्षा सहयोग को सक्षम करेगी और भारतीय कंपनियों को ईयू के 'यूरोप के लिए सुरक्षा कार्रवाई' (सेफ) कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर देगी। लिएन ने वैश्विक भू-राजनीतिक चुनौतियों पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध, ऊर्जा सुरक्षा और प्रौद्योगिकी प्रतिस्पर्धा जैसे मुद्दे ईयू की प्राथमिकता में हैं।

न्यूज अपडेट

फोनपे को सेबी से आईपीओ लाने की मिली मंजूरी, कंपनी जल्द दाखिल करेगी दस्तावेज

नयी दिल्ली: फोनपे को बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति विनिमय बाजार (सेबी) से आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की मंजूरी मिल गई है और कंपनी जल्द ही इस संबंध में दस्तावेज (यूडीएचआरपी) दाखिल करेगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इससे निकट भविष्य में भारत के सबसे बहुप्रतीक्षित वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी के लिए आईपीओ लाने का मंच तैयार हो जाएगा। सूत्रों के अनुसार, यह आईपीओ मौजूदा शेयरधारकों द्वारा बिक्री पेशकश (ओएफएस) होगी। कंपनी आईपीओ के माध्यम से कोई अतिरिक्त प्राथमिक पूंजी नहीं जुटाएगी। यूपीआई लेनदेन में 45 प्रतिशत से अधिक बाजार हिस्सेदारी के साथ फोनपे भारत के डिजिटल भुगतान बाजार में अग्रणी है। एनपीसीआई के आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर 2025 में कंपनी ने 9.8 अरब लेनदेन प्रसंस्कृत किए। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 में 7,115 करोड़ रुपये का राजस्व कमाया था।

कोल इंडिया को महाराष्ट्र में दुर्लभ खनिज ब्लॉक के लिए लाइसेंस मिला

कोलकाता: कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने मंगलवार को कहा कि उसे महाराष्ट्र में कवलापुर दुर्लभ खनिज (आरईई) ब्लॉक के लिए खनन मंत्रालय से खनिज रियायत लाइसेंस मिला है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि खननकर्ता के पास ब्लॉक का लाइसेंस पांच साल के लिए होगा। इस विकासक्रम को खननकर्ता कंपनी के सामरिक दुर्लभ खनिज खंड में विविधीकरण की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। खनिज ब्लॉक के ब्यौरे के अनुसार, आरईई ब्लॉक नागपुर जिले की रामटेक तहसील के कवलापुर गांव में है और लगभग 398.23 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है। इस ब्लॉक में दुर्लभ खनिज के भूशास्त्रीय स्रोत लगभग 2 करोड़ 79.5 लाख टन होने का अनुमान है। यह कदम कोल इंडिया की दुर्लभ खनिज स्रोत में विस्तार करने की बड़ी रणनीति का हिस्सा है। इसका कारण दुर्लभ खनिज इलेक्ट्रॉनिक्स, नवीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रिक परिवहन और रक्षा उपयोग के लिए बहुत जरूरी हैं। यह विकासक्रम, रणनीतिक रूप से जरूरी खनिजों के घरेलू स्रोतों को सुरक्षित करने और आयात पर निर्भरता कम करने के भारत के प्रयास से भी मेल खाता है।

सरकार छोटी कंपनियों के लिए गुणवत्ता प्रमाणन शुल्क में छूट तीन साल और बढ़ाएगी

नयी दिल्ली: सरकार छोटे और मझोले उद्यमों को समर्थन देने के लिए गुणवत्ता प्रमाणन शुल्क में दी जाने वाली छूट की समयसीमा को मौजूदा मध्य 2026 से तीन साल आगे बढ़ाने जा रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि भारत विनिर्माण में गुणवत्ता को प्राथमिकता देने के नजरिये को बढ़ावा दे रहा है। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने इस विस्तार के लिए एक प्रस्ताव पेश किया है, जिसके तहत सूक्ष्म इकाइयों को शुल्क में 80 प्रतिशत, छोटे उद्यमों को 50 प्रतिशत और मध्यम आकार की कंपनियों को 20 प्रतिशत की छूट दी जाती है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव भरत खेड़ा ने पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स के एक कार्यक्रम में कहा, 'हाल में हमने एक प्रस्ताव पेश किया है और इसे जल्द ही मंजूरी मिलने की संभावना है...। यह रियायत अगले तीन वर्षों के लिए उपलब्ध होगी।' खेड़ा ने कहा कि देश को अपने 'विकसित भारत' के विनिर्माण दृष्टिकोण को हकीकत में बदलने के लिए केवल अनुपालन पर जोर देने के बजाए गुणवत्ता को संस्कृति का हिस्सा बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सिर्फ अनुपालन के लिए गुणवत्ता पर जोर नहीं देना चाहिए, बल्कि समझना चाहिए कि यह बाजार तक पहुंच को आसान बनाने का जरिया है।

वर्ष 10, पूर्णांक 3480 अंक 290, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in